

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण


RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 323 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 01 सितम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## सेमीकॉन 2.0 में निवेश की सीमाएं तय

*फैब को 40% तक सब्सिडी, स्टार्टअप को 15 करोड़ तक सीड फंडिंग*



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 'सेमीकॉन 2.0' योजना के तहत अलग-अलग श्रेणियों के लिए निवेश, राजस्व और उत्पादन क्षमता की सीमाएं तय कर दी हैं। सिलिकॉन वेफर फैब परियोजनाओं को पात्र पूंजीगत खर्च का 40 प्रतिशत तक सरकारी सहयोग मिलेगा, जबकि योग्य स्टार्टअप और एमएसएमई को परियोजना लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 15 करोड़ रुपये तक माइलस्टोन-लिंक्ड सीड फंडिंग दी जा सकेगी।

उन्नत सेमीकंडक्टर अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के लिए लागत का 75 प्रतिशत तक सरकारी सहयोग देने का भी प्रावधान किया गया है। सेमीकॉन 2.0 के तहत सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन की विभिन्न श्रेणियों में निवेश और तकनीकी क्षमता के आधार पर कंपनियों का चयन किया जाएगा। **विस्तृत खबर पेज 3 पर**

## शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

सेंसेक्स 307 अंक टूटा, मीडिया और मेटल शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली

समाज जागरण संवाददाता




मुंबई। भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 307.24 अंक यानी 0.40 प्रतिशत गिरकर 76,957.27 और निफ्टी 95.25 अंक यानी 0.39 प्रतिशत फिसलकर 24,080.40 पर बंद हुआ। मीडिया और मेटल शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली रही। निफ्टी मीडिया 2.84 प्रतिशत और निफ्टी मेटल 2.45 प्रतिशत नीचे रहे। वहीं निजी बैंक, हेल्थकेयर और फार्मा शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका-ईरान तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक बॉन्ड यील्ड बढ़ने से निवेशकों की चिंता बढ़ी है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की तूफानी रफ्तार जारी, पहली तिमाही में 7.8% रही विकास दर

**पिछले साल की समान तिमाही के 6.9% के मुकाबले 0.9 प्रतिशत अधिक रही जीडीपी वृद्धि; निवेश और निजी खपत में भी तेज उछाल**

**मुख्य बातें**

*वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत*
*पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर 6.9 प्रतिशत थी*
*सेवा क्षेत्र ने 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था को दी सबसे ज्यादा गति*
*वित्त, रियल एस्टेट, आईटी और पेशेवर सेवाओं में 12.1 प्रतिशत की वृद्धि*
*सकल स्थिर पूंजी निर्माण 11.9 प्रतिशत बढ़ा, निजी उपभोग व्यय में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि*
*आरबीआई के 7 प्रतिशत के अनुमान से बेहतर रहा पहली तिमाही का प्रदर्शन*




समाज जागरण संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भी बरकरार रही। वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में देश की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में विकास दर 6.9 प्रतिशत रही थी। इस तरह इस बार वृद्धि दर में 0.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में नॉमिनल जीडीपी की वृद्धि दर 10.3 प्रतिशत रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 8.1 प्रतिशत थी। वहीं, वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। नॉमिनल आधार पर जीवीए की वृद्धि दर 11.5 प्रतिशत रही।

### सेवा क्षेत्र बना विकास का सबसे बड़ा आधार

पहली तिमाही में आर्थिक विकास को सबसे मजबूत गति तृतीयक यानी सेवा क्षेत्र से मिली। इस क्षेत्र की वृद्धि दर 10 प्रतिशत रही। वित्त, रियल एस्टेट, सूचना प्रौद्योगिकी और पेशेवर सेवाओं ने 12.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सेवा क्षेत्र के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

द्वितीयक क्षेत्र की वृद्धि दर स्थिर कीमतों पर 8.6 प्रतिशत रही, जबकि प्राथमिक क्षेत्र 2.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा। कृषि एवं इससे जुड़े क्षेत्रों में 3.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### निवेश में करीब दोगुनी रफ्तार

आर्थिक गतिविधियों में निवेश की गति भी मजबूत हुई है। पहली तिमाही में सकल स्थिर पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में यह वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत थी। इससे अर्थव्यवस्था में निवेश गतिविधियों के मजबूत होने के संकेत मिले हैं।

### निजी खर्च भी बढ़ा

पहली तिमाही में निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) में स्थिर कीमतों पर 7.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे संकेत मिलता है कि देश में निजी खपत और घरेलू मांग भी आर्थिक वृद्धि को मजबूती प्रदान कर रही है।

### आरबीआई के अनुमान से बेहतर प्रदर्शन

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अगस्त की शुरूआत में मौद्रिक नीति समिति के फैसलों की घोषणा के दौरान वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। वास्तविक आंकड़ा इस अनुमान से 0.8 प्रतिशत अधिक रहा।

उन्होंने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा था कि जून 2026 के बाद संघर्ष के कारण आपूर्ति पक्ष पर पड़ने वाला दबाव कुछ कम हुआ था। हालांकि जुलाई के पहले सप्ताह से संघर्ष दोबारा बढ़ने के कारण ऊर्जा कीमतों में उतार-चढ़ाव बढ़ा और आपूर्ति श्रृंखला को लेकर अनिश्चितता फिर पैदा हुई। (आईएएनएस)

## आरक्षण पर चिराग पासवान का बड़ा बयान, बोले- सभी वर्गों की चिंताओं का समाधान जरूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आरक्षण के मुद्दे पर



कहा कि सरकार को एससी-एसटी के हितों का संरक्षण करने के साथ-साथ ऊंची जाति और सामान्य वर्ग की चिंताओं को भी दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी एक वर्ग के हितों की रक्षा का मतलब दूसरे वर्ग का शोषण नहीं हो सकता।

चिराग पासवान ने कहा कि यदि सवर्ण समाज के नेता अपनी बात नहीं उठाते हैं तो वह सामान्य वर्ग की आवाज भी उठाएंगे। उनका यह बयान आरक्षण और सामाजिक प्रतिनिधित्व को लेकर जारी बहस के बीच सामने आया है।

**महेश कुमार पाण्डेय के इस्तीफे के बाद बयान पर चर्चा**

चिराग पासवान का यह बयान ऐसे समय चर्चा में आया है जब सोशल मीडिया पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से जुड़े महेश कुमार पाण्डेय के इस्तीफे का दावा भी सामने आया है।

### "सवर्ण समाज के नेता आवाज नहीं उठाएंगे तो मैं उठाऊंगा"

वायरल वीडियो में चिराग पासवान को सामान्य वर्ग से जुड़े मुद्दे पर भी अपनी बात रखते हुए देखा जा सकता है। उनके मुताबिक, यदि सवर्ण समाज के नेता अपने समाज की चिंताओं को नहीं उठाएंगे तो वह सामान्य वर्ग की आवाज भी उठाएंगे।

उनका यह बयान ऐसे समय सामने आया है जब आरक्षण व्यवस्था, यूजीसी से जुड़े प्रस्तावित नियमों और सामान्य वर्ग की चिंताओं को लेकर सोशल मीडिया पर बहस तेज है। हाल के दिनों में सवर्ण आर्मी समेत विभिन्न संगठनों ने भी आरक्षण और यूजीसी से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किए हैं।

## पुतिन से मिले पीएम मोदी, बोले- युद्ध के अंत की ओर बढ़ना होगा

*एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय मुलाकात; कहा- भारत शांति के हर प्रयास का समर्थन करता रहेगा*

समाज जागरण संवाददाता



बिश्केक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। द्विपक्षीय वार्ता की शुरूआत में पीएम मोदी ने यूक्रेन युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया को कभी न खत्म होने वाले युद्ध से निकलकर उसके अंत की दिशा में बढ़ना होगा। यही मानवता के हित में है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करता है और आगे भी करता रहेगा। उन्होंने कहा कि युद्ध में बिताया गया एक-एक दिन मानवता को पीछे धकेलता है, जबकि शांति की दिशा में उठाया गया हर कदम नई आशा पैदा करता है।

प्रधानमंत्री ने भारत-रूस संबंधों को लेकर कहा कि दोनों देशों का सहयोग लगातार नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए दोनों देश आगे भी मिलकर काम करेंगे।

पीएम मोदी ने महात्मा गांधी और भगवान बुद्ध की भूमि भारत के शांति संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी विवादों का जल्द से जल्द शांतिपूर्ण समाधान होना चाहिए।

उन्होंने आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति पुतिन को भारत आने का निमंत्रण भी दिया। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी भारत यात्रा से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ ब्रिक्स के तहत संवाद और सहयोग को भी मजबूती मिलेगी। (आईएएनएस)

**अमेरिका-ईरान के बीच फिर बढ़ा तनाव; ईरान ने जवाबी कार्रवाई में जॉर्डन स्थित अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागने का दावा किया**

## होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी हमला, ईरानी रॉकेट लॉन्चर तबाह

समाज जागरण संवाददाता



होर्मुज। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। अमेरिकी बलों ने रविवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी रॉकेट लॉन्चरों पर हमला किया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के जवान रॉकेट दागने और समुद्री बारूदी सुरंगें बिछाने की तैयारी कर रहे थे।

ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसियों ने लारक द्वीप के पास विस्फोटों की आवाज सुनाई देने की जानकारी दी। रिवोल्यूशनरी गार्ड ने दावा किया कि हमले में उसके कई लड़ाके और नागरिक मारे गए तथा घायल हुए हैं।

ईरानी सरकारी टेलीविजन ने दावा किया कि अमेरिकी हमले के जवाब में ईरान ने जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। जॉर्डन की सेना ने कहा कि उसने देश के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाली आठ मिसाइलों को नष्ट कर दिया।

होर्मुज जलडमरूमध्य में यह हमला ऐसे समय हुआ है जब छह महीने से अधिक समय से जारी संघर्ष के बीच कुछ समय से अपेक्षाकृत शांति बनी हुई थी। क्षेत्र में दोबारा खुले तौर पर संघर्ष शुरू होने से खाड़ी क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका है। (इनपुट)

## आरक्षण से लेकर एससी-एसटी एक्ट तक...

**सवर्ण आर्मी का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन, कई जिलों में ज्ञापन; बड़े आंदोलन की चेतावनी**

समाज जागरण संवाददाता

लखनऊ। आरक्षण व्यवस्था, एससी-एसटी एक्ट और सवर्ण आयोग के गठन समेत विभिन्न मांगों को लेकर सवर्ण आर्मी ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के कई जिलों में प्रदर्शन किया। संगठन के राष्ट्रीय स्तर के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जिलाधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपे। जौनपुर, भदोही और कौशांबी में संगठन की ओर से हजारों कार्यकताओं के प्रदर्शन का दावा किया गया है। वहीं सीतापुर में संगठन के कार्यकताओं को रोकने के प्रयास का आरोप लगाते हुए सवर्ण आर्मी के संस्थापक सर्वेश पांडेय ने सरकार और पुलिस पर निशाना साधा।

सवर्ण आर्मी के संस्थापक सर्वेश पांडेय ने सोशल मीडिया के माध्यम से अलग-अलग जिलों में हुए प्रदर्शनों की जानकारी साझा की। उनके मुताबिक, जौनपुर में सवर्ण आर्मी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संगठन की ओर से बताया गया कि प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से चार मांगें उठाई गईं। इनमें जाति के बजाय आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने, यूजीसी के प्रस्तावित







बदलावों को वापस लेने, एससी-एसटी एक्ट को समाप्त करने तथा सवर्ण आयोग का गठन करने की मांग शामिल है।

### भदोही में भी प्रदर्शन, एससी-एसटी एक्ट में बदलाव की मांग

जौनपुर के साथ ही भदोही में भी सवर्ण आर्मी के कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। संगठन के मुताबिक यहां भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए और जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

भदोही में संगठन की मांगों में जाति आधारित आरक्षण की जगह आर्थिक आधार पर आरक्षण, यूजीसी रोलबैक, एससी-एसटी एक्ट को समाप्त अथवा उसमें बदलाव करने तथा सवर्ण आयोग के गठन की मांग शामिल रही।

संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार की ओर से उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती है तो आने वाले समय में इससे बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### कौशांबी में भी गूंजा आरक्षण और सवर्ण आयोग का मुद्दा

कौशांबी में भी सवर्ण आर्मी के कार्यकताओं ने प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। संगठन की ओर से दावा किया गया कि बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया और जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा।

यहां भी संगठन ने आर्थिक आधार पर आरक्षण, यूजीसी रोलबैक, एससी-एसटी एक्ट को समाप्त करने और सवर्ण आयोग गठित करने की मांग दोहराई।

### चार प्रमुख मांगों पर केंद्रित रहा प्रदर्शन

***सवर्ण आर्मी के प्रदर्शनों में मुख्य रूप से चार मुद्दे प्रमुख रहे–***

पहली मांग: आरक्षण को जाति के आधार पर नहीं बल्कि आर्थिक आधार पर लागू किया जाए।
दूसरी मांग: यूजीसी से जुड़े प्रस्तावित बदलावों को वापस लेने की मांग।
तीसरी मांग: एससी-एसटी एक्ट को समाप्त करने अथवा उसमें बदलाव करने की मांग।
चौथी मांग: सवर्ण समाज के लिए अलग आयोग का गठन किया जाए।
संगठन का कहना है कि इन मुद्दों को लेकर लंबे समय से आवाज उठाई जा रही है और सरकार को इन मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

## राहुल गांधी के कार्यक्रमों पर हेमंत जोशी का हमला

**भाजयुमो अध्यक्ष बोले- युवा उनके हिंदुत्व और भारतीयता के ज्ञान पर हंसते हैं, संगीत कार्यक्रमों के लिए पहुंचती है भीड़**

समाज जागरण संवाददाता



नई दिल्ली। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत जोशी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि युवा राहुल गांधी के हिंदुत्व और भारतीयता से जुड़े ज्ञान की गहराई पर हंसते हैं और उनके कार्यक्रमों में मुख्य रूप से संगीत कार्यक्रमों के लिए पहुंचते हैं। राहुल गांधी अब तक 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत चार कार्यक्रम कर चुके हैं। यह अभियान छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित है।

वडोदरा से भाजपा सांसद हेमंत जोशी ने सोमवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय के विस्तार कार्यालय में भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों और समर्थन के नारों के साथ उनका स्वागत किया। (पीटीआई)

## अकाली-बीजेपी आए साथ और चुनाव में सभी की बोलती बंद, पंजाब यूनिवर्सिटी में ग्रैंड ओल्ड फ्रेंड्स ने गाड़ दिए झंडे

समाज जागरण संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में भारतीय जनता पार्टी समर्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के उम्मीदवार अंकित बिढान ने अध्यक्ष पद पर 513 मतों से जीत दर्ज की। शिरोमणि अकाली दल के छात्र संगठन एसओआई के उम्मीदवार का नामांकन रद्द होने के बाद एसओआई ने एबीवीपी को समर्थन दिया था। इस गठजोड़ के बाद एबीवीपी प्रत्याशी ने जीत हासिल की, जबकि आम आदमी पार्टी समर्थित छात्र संगठन और कांग्रेस समर्थित एनएसयूआई पीछे रह गए।

# बढ़ते एच1एन1 संक्रमण: क्या दिल्ली नए स्वास्थ्य संकट की ओर?



महेन्द्र तिवारी

वर्तमान समय में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में एक अत्यंत संक्रामक ज्वर का प्रकोप अत्यधिक तीव्रता से फैल रहा है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से यह एक गंभीर बीमारी है जिसे आम बोलचाल में शूकर ज्वर के नाम से जाना जाता है। केवल दिल्ली के भीतर ही 2300 से अधिक संक्रमण के नए मामले सामने आ चुके हैं, जिसने स्वास्थ्य विभाग और सामान्य जनमानस दोनों की चिंताएं बहुत अधिक बढ़ा दी हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य मंत्रालयों ने आपातकालीन बैठकें बुलाई हैं और सभी छोटे बड़े चिकित्सालयों को उच्च स्तर की सतर्कता बरतने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। मौसम में हो रहे निरंतर बदलाव और महानगरों की सघन आबादी के कारण यह विषाणु बहुत तेजी से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उत्तर प्रदेश के कई घनी आबादी वाले जिलों में भी इस बीमारी के लक्षण वाले रोगियों की संख्या चिकित्सालयों में प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जो भविष्य की एक बहुत बड़ी स्वास्थ्य चुनौती की ओर स्पष्ट रूप से इशारा कर रहा है।

यह संक्रामक बीमारी मुख्य रूप से मानव शरीर के श्वसन तंत्र को अपना सबसे पहला निशाना बनाती है। जब हम इसके इतिहास पर दृष्टि डालते हैं तो पता चलता है कि प्रारंभिक दौर में यह बीमारी सूअरों में पाई जाती थी, जिसके कारण ही इसे शूकर ज्वर का नाम दिया गया। किंतु समय के साथ इस विषाणु ने अपने स्वरूप में बहुत बड़े परिवर्तन किए और यह इंसानों को भी अत्यंत घातक रूप से संक्रमित करने लगा। यह विषाणु इतना अधिक सूक्ष्म और हानिकारक है कि यह मानव शरीर की प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता को बहुत कम समय में कमजोर कर देता है। विशेष रूप से यह श्वास नली और फेफड़ों की कोमल कोशिकाओं पर सीधा प्रहार करता है। यह एक अत्यंत सूक्ष्म जीव के कारण होता है जिसे हम किसी भी परिस्थिति में खुली आंखों से नहीं देख सकते हैं। यह विषाणु हवा के माध्यम से बहुत तेजी से यात्रा करता है, यही कारण है कि इसे एक महामारी का रूप लेने में अधिक समय नहीं लगता है। जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता या छींकता है, तो उसके मुंह और नाक से निकलने वाली अत्यंत छोटी जल की बूंदों में यह विषाणु मौजूद होता है। ये सूक्ष्म बूंदें हवा में तैरती रहती हैं और जब कोई स्वस्थ व्यक्ति उस दूषित हवा में सांस लेता है, तो वह भी इस गंभीर बीमारी की चपेट में आ जाता है।

दिल्ली और उत्तर प्रदेश जैसे स्थानों पर जहां जनसंख्या का घनत्व बहुत अधिक है, वहां इस प्रकार के विषाणु का प्रसार रोकना प्रशासन के लिए एक बहुत ही जटिल कार्य बन जाता है। सार्वजनिक परिवहन के साधन, भीड़भाड़ वाले बाजार और बंद कार्यालय इस विषाणु के प्रसार के लिए सबसे अनुकूल स्थान सिद्ध होते हैं। लोग अनजाने में संक्रमित सतहों को छूते हैं और फिर उन्हीं हाथों से अपने चेहरे, आंख या नाक को स्पर्श कर लेते हैं, जिससे विषाणु सीधे उनके शरीर में प्रवेश कर जाता है। यही कारण है कि एक ही परिवार या कार्यालय में यदि कोई एक व्यक्ति संक्रमित होता है, तो कुछ ही दिनों में अन्य सदस्य भी इसकी चपेट में आ जाते हैं। इस तेज गति वाले संक्रमण चक्र को तोड़ने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर अत्यधिक सावधानी की आवश्यकता होती है। जब तक लोग स्वयं जागरूक नहीं होंगे, तब तक केवल प्रशासनिक प्रतिबंधों से इस तेज फैलाव को नहीं रोका जा सकता है।

इस संक्रामक ज्वर के लक्षणों को पहचानना बहुत आवश्यक है क्योंकि प्रारंभिक अवस्था में यह सामान्य मौसमी सर्दी जुकाम जैसा ही प्रतीत होता है। रोगी को अचानक बहुत तेज बुखार आता है, जिससे शरीर का तापमान असामान्य रूप से बढ़ जाता है। इसके साथ ही शरीर में असहनीय पीड़ा, सिरदर्द और अत्यधिक थकान का अनुभव होता है। गले में तेज खराश, लगातार सूखी खांसी आना और नाक का बहना या पूरी तरह से बंद हो जाना इसके अन्य प्रमुख लक्षण हैं। कुछ रोगियों में, विशेषकर छोटे बच्चों में, पेट दर्द और उल्टी जैसी समस्याएं भी देखी जाती हैं। यदि समय पर इस बीमारी की पहचान ना हो पाए तो यह फेफड़ों के एक गंभीर संक्रमण का रूप ले सकती है, जिससे सांस लेने में भारी कठिनाई उत्पन्न होने लगती है। जब फेफड़ों में संक्रमण बहुत अधिक बढ़ जाता है तो छाती में तेज दर्द होने लगता है और शरीर में प्राणवायु की कमी के कारण होंठ और नाखून नीले पड़ने लगते हैं। ऐसी अवस्था अत्यंत प्राणघातक सिद्ध हो सकती है और रोगी को तुरंत आपातकालीन चिकित्सा की आवश्यकता होती है।

समाज के कुछ विशेष वर्गों को इस विषाणु से सर्वाधिक खतरा होता है और उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा की आवश्यकता होती है। छोटे बच्चे जिनकी आयु 5 वर्ष से कम है, वृद्ध नागरिक जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक है, और गर्भवती महिलाएं इस बीमारी के प्रति बहुत अधिक संवेदनशील होते हैं। इसके अतिरिक्त वे लोग जो पहले से ही किसी गंभीर बीमारी जैसे मधुमेह, हृदय रोग, श्वास रोग या गुर्दे की समस्याओं से पीड़ित हैं, उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता प्राकृतिक रूप से काफी कमजोर होती है। ऐसे लोगों के शरीर में प्रवेश करने के बाद यह विषाणु बहुत तेजी से अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान पहुंचाना आरंभ कर देता है। इसलिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों का यह स्पष्ट और कड़ा सुझाव है कि घर के इन संवेदनशील सदस्यों को भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ले जाने से पूरी तरह बचना चाहिए और घर के भीतर भी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

वर्तमान संकट से निपटने के लिए दिल्ली और उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभागों ने व्यापक तैयारियां आरंभ कर दी हैं। बड़े चिकित्सालयों में इन रोगियों के उपचार के लिए विशेष रूप से पृथक कक्ष स्थापित किए गए हैं ताकि संक्रमण किसी भी परिस्थिति में अन्य सामान्य रोगियों तक ना फैले। इस बीमारी की सटीक पहचान के लिए प्रयोगशालाओं में परीक्षण की गति को कई गुना बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा, इस विषाणु के प्रभाव को नष्ट करने वाली विशेष औषधियों का पर्याप्त भंडार हर स्तर पर सुनिश्चित किया जा रहा है। वरिष्ठ चिकित्सकों का कहना है कि यदि बीमारी के लक्षण प्रकट होने के 48 घंटों के भीतर उचित और निर्धारित औषधि का सेवन आरंभ कर दिया जाए, तो इसके गंभीर और घातक परिणामों से बचा जा सकता है। प्रशासन लगातार जन जागरूकता अभियान भी चला रहा है, जिसके माध्यम से लोगों को सरल भाषा में यह बताया जा रहा है कि उन्हें किन बातों का ध्यान रखना है और संकट की स्थिति में किन स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों से संपर्क करना है।





किसी भी संक्रामक बीमारी से बचाव ही उसका सर्वोत्तम उपचार माना जाता है। इस संक्रामक बीमारी से स्वयं को और अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए कुछ मूलभूत नियमों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य है। जब भी आप घर से बाहर निकलें, अपने चेहरे पर एक अच्छी गुणवत्ता वाला मुखावरण अवश्य लगाएं जो नाक और मुंह को पूरी तरह से ढक सके। अपने हाथों को दिन में कई बार साबुन और साफ पानी से पर्याप्त समय तक अच्छी तरह से मलकर धोएं। यदि यात्रा के दौरान पानी उपलब्ध ना हो तो किसी अच्छे कीटाणुनाशक तरल का उपयोग अवश्य करें। खांसते या छींकते समय हमेशा साफ सूती कपड़े का प्रयोग करें और उसे प्रतिदिन गर्म पानी से धोएं। इसके अलावा, अपने शरीर की प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए केवल घर का बना पौष्टिक आहार ही ग्रहण करें। ताजे और रसदार फल, विशेषकर जिनमें खटास होती है, उनका नियमित सेवन करें। तुलसी, अदरक और काली मिर्च से बना गर्म पेय भी गले और श्वसन तंत्र को भीतर से स्वस्थ और मजबूत रखने में बहुत अधिक सहायक होता है। पूरे दिन में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और शरीर को पूरा आराम दें।

अंत में यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि किसी भी महामारी या संक्रामक बीमारी से केवल सरकारी दिशा निर्देशों और प्रयासों से नहीं लड़ा जा सकता है। इसके लिए संपूर्ण समाज को पूरी तरह से एकजुट होकर अपनी नागरिक जिम्मेदारी निभानी होगी। यदि आपको अपने शरीर में इस बीमारी के कोई भी प्रारंभिक लक्षण दिखाई दें, तो कार्यस्थल, विद्यालय या किसी भी सार्वजनिक समारोह में जाने से बचें और स्वयं को घर के एक हवादार कमरे में सीमित कर लें। तुरंत किसी योग्य और अनुभवी चिकित्सक से परामर्श लें और उनके द्वारा बताए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। इस विषाणु के विरुद्ध चिकित्सा विज्ञान ने प्रभावी टीके भी विकसित किए हैं, जिन्हें लगवाने से बीमारी की गंभीरता और मृत्यु दर को काफी हद तक कम किया जा सकता है। स्वास्थ्य के प्रति यह व्यक्तिगत जागरूकता और सतत सतर्कता ना केवल हमें सुरक्षित रखेगी, बल्कि हमारे आसपास के पूरे समाज को सुरक्षित रखने में एक निर्णायक भूमिका निभाएगी। झूठी अफवाहों से भयभीत होने के बजाय वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना और सही समय पर सही कदम उठाना ही इस गंभीर स्वास्थ्य संकट से बाहर निकलने का एकमात्र सुरक्षित और स्थायी मार्ग है।

# एक सितंबर गजलकार दुष्यंत कुमार की पुण्य तिथि पर

## हिंदुस्तानी गजल से मशहूर हुए दुष्यंत कुमार

आज एक सितंबर हिंदी साहित्यकार गजलकार दुष्यंत कुमार का जन्म दिन है। बिजनौर के राजपुर नवादा गांव में एक सितंबर 1933 में जन्मे दुष्यंत कुमार का मात्र 43 वर्ष की आयु में 30 दिसंबर 1975 को भोपाल में उनका निधन हुआ। उनका मूल नाम दुष्यंत कुमार त्यागी था और उन्होंने अपने काव्य-लेखन का आरंभ दुष्यंत कुमार परदेशी के नाम से किया था। कविताएँ दसवीं कक्षा से ही लिखने लगे । इसे आगे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दिनों नया आयाम मिला। इन दिनों वह परिमल और ह्यनए पत्तेह्न जैसी संस्थाओं के साथ सक्रिय रहे और उन्हें इलाहाबाद में सक्रिय साहित्यकारों का सान्निध्य मिला। उन दिनों इलाहाबाद में कमलेश्वर, मार्कण्डेय और दुष्यंत की मित्रता लोकप्रिय रही थी।
वह कविता, नाटक, एकांकी, उपन्यास सदृश विधाओं में एकसमान लेखन करते रहे थे लेकिन उन्हें कालजयी लोकप्रियता गजलों से प्राप्त हुई। ह्यहंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहींह्न जैसी पंक्तियों के साथ समय की विडंबनाओं को प्रश्नगत करती उनकी अभिव्यक्ति संसद से सड़क तक गूँजती है और आम आदमी उनमें अपनी आवाज की तलाश कर पाता है। लोगों की जुबाँ पर चढ़ी उनकी गजलें समय की परख करने और उससे लड़ने का हथियार बन सामने आती हैं। ह्यसूर्य का स्वागत, आवाजों के घेरे, जलते हुए वन का वसंत उनके काव्य-संग्रह हैं जबकि छोटे-छोटे सवाल, आँगन में एक वृक्ष और दुहरी ज़िंदगी के रूप में उन्होंने उपन्यास विधा में योगदान किया है। और मसीहा मर गया उनका प्रसिद्ध नाटक है और मन के कोण उनके द्वारा रचित एकांकी है। उन्होंने एक कंठ विषपायी शीर्षक काव्य-नाटक की भी रचना की है। उनके स्थायी यश का आधार उनका इकलौता गजल-संग्रह साये में धूप है जिसकी




दर्जनाधिक गजलें हिंदी-देश के संवाद और संबोधन में रोजमर्रा का साथ निभाती हैं।
हिंदी साहित्यकार गजलकार दुष्यंत कुमार हिंदी गजल के लिए जाने जाते हैं। वे हिंदी गजल के लिए विख्यात है किंतु उन्हें यह ख्याति हिंदी गजलों के लिए नहीं , हिंदुस्तानी गजलों के लिए मिली। संसद से सड़क तब मशहूर हुए उनके शेर हिंदी में नहीं,हिंदुस्तानी हिंदी में हैं। हिंदुस्तानी हिंदी जो बिजनौर वालों की भाषा है। हिंदुस्तानी हिंदी जो बिजनौरी है। हिंदुस्तानी हिंदी में उन्होंने सभी प्रचलित शब्दों को इस्तमाल किया। शब्दों को प्रचलित रूप में इस्तमाल किया।
वे अपनी पुस्तक साए में धूप की भूमिका में खुद कहते हैं । गजलों को भूमिका की जरूरत नहीं होनी चाहिए; लेकिन,एक कैफि यत इनकी भाषा के बारे में जरूरी है। कुछ उर्दू–दाँ दोस्तों ने कुछ उर्दू शब्दों के प्रयोग पर एतराज किया है । उनका कहना है कि शब्द शहर नहीं श होता है, वजन नहीं वज्न होता है।
–कि मैं उर्दू नहीं जानता, लेकिन इन शब्दों का प्रयोग यहाँ अज्ञानतावश नहीं, जानबूझकर किया गया है। यह कोई मुश्किल काम नहीं था कि शहर की जगह नगर लिखकर इस दोष से मुक्ति पा लूँ,किंतु मैंने उर्दू शब्दों को उस रूप में इस्तेमाल किया है,जिस रूप में वे हिन्दी में घुलमिल गये हैं। उर्दू का श हिन्दी में शहर लिखा और बोला जाता है । ठीक उसी तरह जैसे हिन्दी का ब्राह्मण उर्दू में बिरहमन हो गया है और ॠतु रुत हो गई है।
–कि उर्दू और हिन्दी अपने–अपने सिंहासन से उतरकर जब आम आदमी के बीच आती हैं तो उनमें फर्क.कर पाना बड़ा मुश्किल होता है। मेरी नीयत और कोशिश यही रही है कि इन दोनों भाषाओं को ज्यादा से ज्यादा करीब ला सकूँ। इसलिए ये गजलें उस भाषा में लिखी गई हैं जिसे मैं बोलता हूँ।
–कि गजल की विधा बहुत पुरानी,किंतु विधा है,जिसमें बड़े–बड़े उर्दू महारथियों ने काव्य–रचना की है। हिन्दी में भी महाकवि निराला से लेकर आज के गीतकारों और नये कवियों तक अनेक कवियों ने इस विधा को आजमाया है।
गजल पर्शियन और अरबी से उर्दू में आयी। गजल का मतलब हैं औरतों से अथवा औरतों के बारे में बातचीत करना। यह भी कहा जा सकता हैं कि गजल का सर्वसाधारण अर्थ हैं माशूक से बातचीत का माध्यम। उर्दू के साहित्यकार स्वर्गीय रघुपति सहाय ह्यफिराकह्न गोरखपुरी ने गजल की भावपूर्ण परिभाषा लिखी हैं। कहते हैं कि, ह्यजब कोई शिकारी जंगल में कुत्तों के साथ हिरन का पीछा करता हैं और हिरन भागते भागते किसी ऐसी झाड़ी में फंस जाता हैं जहां से वह निकल नहीं सकता, उस समय उसके कंठ से एक दर्द भरी आवाज निकलती हैं। उसी करूण स्वर को गजल कहते हैं। इसीलिये विवशता का दिव्यतम रूप में प्रगट होना, स्वर का करूणतम हो जाना ही गजल का आदर्श हैंह्न।
दुष्यंत की गजलों की खूबी है साधारण बोलचाल के शब्दों का प्रयोग, हिंदी उर्दू के घुले मिले शब्दों का प्रयोग । चुटीले व्यंग उनकी गजल की खूबी है।वे व्यवस्था और समाज पर चोट करते हैं। ये ही उन्हें सीधे आम आदमी के दिल तक ले जाती है। उनकी ये शैली उन्हें अन्य कवियों से अलग और लोकप्रिय करती है।
आम आदमी और व्यवस्था पर चोट करने वाले उनके शेर, व्यवस्था पर चोट करते उनके शेर सड़कों से संसद गूंजते हैं। शायद दुष्यंत कुमार अकेले ऐसे साहित्यकार होंगे , जिसके शेर सबसे ज्यादा बार संसद में पढ़े गए हों। सभाओं में नेताओं ने उनके शेर सुनाकर व्यवस्था पर चोट की हो। सरकार को जगाने और जनचेतना का कार्य किया हो। उन्होंने हिंदी गजल भी लिखी, पर वह इतनी प्रसिद्धि नही पा सकी, जितनी हिंदुस्तानी हिंदी में लिखी गजल लोकप्रिस हुईं।

उनके गुनगुनाए जाने वाले उनके कुछ हिंदुस्तानी हिंदी के शेर हैं

**वो आदमी नहीं है**
**मुकम्मल बयान है,**
**माथे पे उस के चोट का**
**गहरा निशान है।**

**रहनुमाओं की अदाओं पे**
**फि दा है दुनिया,**
**इस बहकती हुई दुनिया**
**को सँभालो यारों।**
**कैसे आकाश में सूराख**
**नहीं हो सकता ,**
**एक पत्थर तो तबीअ'त से**
**उछालो यारों।**

**यहां तो सिर्फ गूंगे और**
**बहरे लोग बसतें है,**
**खुदा जाने यहां पर किस**
**तरह जलसा हुआ होगा,**
**ये जिस्म झुककर बोझ**
**से दुहरा हुआ होगा,**
**मै सज्दे में नही था,**
**आपको धोखा हुआ**
**होगा।**


**गूँगे निकल पड़े हैं जबाँ**
**की तलाश में ,**
**सरकार के खिलाफ ये**
**साज़िश तो देखिए।**
**पक गई हैं आदतें बातों से**
**सर होंगी नहीं,**
**कोई हंगामा करो ऐसे**
**गुजर होगी नहीं ।**
**आज मेरा साथ दो वैसे**
**मुझे मालूम है ,**
**पत्थरों में चीख हरगिज**
**कारगर होगी नहीं।**
**इन ठिठुरती उँगलियों को**
**इस लपट पर सेंक लो,**
**धूप अब घर की किसी**
**दीवार पर होगी नहीं ।**

**सिर से सीने में कभी पेट**
**से पाँव में कभी ,**
**इक जगह हो तो कहें दर्द**
**इधर होता है ।**

**तुमने इस तालाब में रोहू**
**पकड़ने के लिए,**
**छोटी—छोटी मछलियाँ**
**चारा बनाकर फेंक दीं।**
**हम ही खा लेते सुबह को**
**भूख लगती है बहुत**
**तुमने बासी रोटियाँ नाहक**
**उठा कर फेंक दीं।**

**गजल**
**हो गई है पीर पर्वत सी**
**पिंघलनी चाहिए,**
**अब हिमालय से कोई**
**गंगा निकलनी चाहिए।**
**आज यह दीवार, परदों**
**की तरह हिलने लगी,**
**शर्त थी लेकिन कि ये**
**बुनियाद हिलनी चाहिए।**
**हर सड़क पर, हर गली में,**
**हर नगर, हर गाँव में,**
**हाथ लहराते हुए हर लाश**
**चलनी चाहिए।**

**सिर्फ हंगामा खड़ा करना**
**मेरा मकसद नहीं,**
**मेरी कोशिश है कि ये**
**सूरत बदलनी चाहिए।**
**मेरे सीने में नहीं तो तेरे**
**सीने में सही**
**हो कहीं भी आग, लेकिन**
**आग जलनी चाहिए।**



अशोक मधुप
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# भोजली : अच्छी फसल की मंगल कामना

सावन की रिमझिम फुहारों में, धरा हरियाली ओढ़े,
खेतों की मेड़ों पर जैसे, कोई सपना चुपके से दौड़े।
नागपंचमी पावन बेला, भोजली के रूप निखरता है,
मिट्टी, पानी, बीज संग, जन-मन विश्वास सँवरता है।

आई भोजली, आई भोजली, सोन-सोन के कलगी,
अबे हमर भोजली देवी के, सोन-सोन के कलगी।
धान की बालियाँ लहराएँ, अन्न भरे हरेक खलिहान,
किसान माथे शिकन मिटे, खुशियों से भरे किसान।

माई ममता, बहिन स्नेह, भोजली में आकार पाता है,
गाँव की लोक-परंपरा, पीढ़ी से पीढ़ी तक जाता है।
नदियाँ निर्मल, खेत हरे हों, हर आँगन में सुख बरसे,
मेहनत वाले हाथों में, सुनहरी सपनों के फूल झरते।

हे भोजली माता! आशीष दो, धरती का आँचल भरे,
अन्नदाता के जीवन में, समृद्धि का सूरज उगता रहें।
भोजली केवल पर्व नहीं, यह मिट्टी से रिश्ता प्यारा है,
अन्न, प्रेम व लोक-संस्कृति का, ये अमरदीप हमारा है।

**संजय एम तराणेकर(कवि, लेखक व समीक्षक)**
**इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश) मो. 98260 25986**

# वतन की मिट्टी से प्यार।

वतन की माटी से प्यार रखिए,
दिल में इसका खुमार रखिए।

तिरंगे की शान के वास्ते,
सीने में तो अंगार रखिए।

दुश्मन चाहे जितना बढ़े,
हौसला अपना बरकरार रखिए।

भारत माँ की आन के लिए,
हर एक कदम तैयार रखिए।

सदैव गंगा माँ का मान रहे,
मन में निर्मल विचार रखिए।

जो देश तोड़ने आए यहाँ,
उससे अपना सरोकार न रखिए।

मजहब, भाषा, जाति से ऊपर,
भारत को एक परिवार रखिए।

संजीव बस इतना याद रहे,
होठों पर वंदे मातरम हर बार रखिए।

**संजीव ठाकुर,रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415**


स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# सेमीकॉन 2.0 ने निवेश की सीमाएं तय कीं, फैब को 40% तक सब्सिडी

## स्टार्टअप और एमएसएमई को 15 करोड़ रुपये तक सीड फंडिंग; उन्नत सेमीकंडक्टर आरएंडडी के लिए 75% तक सरकारी सहयोग

संदीप गर्ग/समाज जागरण

नई दिल्ली। देश में सेमीकंडक्टर विनिर्माण और डिजाइन क्षमता को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने 'सेमीकॉन 2.0' योजना के तहत निवेश और पात्रता की विस्तृत सीमाएं तय कर दी हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी योजना के अनुसार, सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन के अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियों को तकनीक, निवेश, राजस्व और उत्पादन क्षमता से जुड़ी निर्धारित शर्तें पूरी करनी होंगी।



### रणनीतिक सेमीकंडक्टर डिजाइन के लिए भारतीय स्वामित्व जरूरी

रणनीतिक सेमीकंडक्टर डिजाइन के लिए कंपनी का भारत में पंजीकृत होना और उसका मुख्यालय भी भारत में होना अनिवार्य होगा। कंपनी की देश में पर्याप्त परिचालन और मानव संसाधन मौजूदगी होनी चाहिए। साथ ही उसका स्वामित्व और नियंत्रण भारतीय नागरिकों के पास होना जरूरी है। कंपनियां अकेले अथवा वैश्विक कंपनियों, शोध संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर आवेदन कर सकेंगी।

कमर्शियल सेमीकंडक्टर डिजाइन के लिए भी कंपनी का भारत में पंजीकृत और मुख्यालय वाला होना जरूरी होगा। इन कंपनियों का स्वामित्व एवं नियंत्रण भारतीय नागरिकों या भारत के विदेशी नागरिकों यानी ओसीआई के पास होना चाहिए।

### स्टार्टअप और एमएसएमई को 15 करोड़ तक फंडिंग

योग्य स्टार्टअप और एमएसएमई को परियोजना लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 15 करोड़ रुपये, जो भी कम हो, तक माइलस्टोन-लिंक्ड सीड फंडिंग मिल सकती है। वेंचर कैपिटल या निजी इक्विटी से समर्थित कंपनियों को इक्विटी को-इन्वेस्टमेंट की सुविधा भी मिल सकती है।

बड़ी पात्र कंपनियों के लिए योजना में रॉयल्टी फाइनेंसिंग का भी प्रावधान है। इसके तहत लाभार्थी उत्पाद या तकनीक से होने वाली शुद्ध कमाई का 5 प्रतिशत सरकार को तब तक देंगे, जब तक सरकार से मिली सहायता की 1.5 गुना राशि की वसूली नहीं हो जाती।

### चिप और सिस्टम-ऑन-चिप पर 9% तक रीइंबर्समेंट

सेमीकंडक्टर आईपी, चिप्स और सिस्टम-ऑन-चिप्स के लिए योग्य आवेदकों को शुद्ध बिक्री पर पांच साल तक 9 प्रतिशत रीइंबर्समेंट मिल सकता है। यह सहायता प्रति आवेदन अधिकतम 30 करोड़ रुपये और एक कंपनी या समूह के लिए अधिकतम 120 करोड़ रुपये तक सीमित होगी।

### अलग-अलग सुविधाओं के लिए अलग निवेश सीमा

इक्विपमेंट आरएंडडी सुविधाओं के लिए कम से कम 300 करोड़ रुपये का निवेश और 120 करोड़ रुपये का राजस्व जरूरी होगा। रॉ-मटीरियल सुविधाओं के लिए 50 करोड़ रुपये का निवेश और 20 करोड़ रुपये का राजस्व चाहिए होगा।

टेस्ट एवं कैरेक्टराइजेशन सुविधाओं के लिए कम से कम 100 करोड़ रुपये का निवेश और 40 करोड़ रुपये का राजस्व आवश्यक होगा। इक्विपमेंट और कंपोनेंट निर्माण सुविधाओं के लिए 300 करोड़ रुपये का निवेश और 120 करोड़ रुपये का राजस्व जरूरी होगा। इन क्षेत्रों में पात्र पूंजीगत व्यय का 30 प्रतिशत तक सरकारी सहयोग मिलेगा।

### वेफर फैब के लिए सबसे ऊंची पात्रता

सिलिकॉन वेफर फैब्रिकेशन प्लांट के लिए सबसे कड़ी पात्रता शर्तें तय की गई हैं। परियोजना में 300 एमएम वेफर्स का इस्तेमाल होना चाहिए और उत्पादन क्षमता कम से कम 40 हजार वेफर स्टार्ट प्रति माह होनी चाहिए। उत्पादन-स्तरीय लाइसेंस प्राप्त तकनीक का इस्तेमाल भी अनिवार्य होगा।

ऐसी परियोजनाओं में कम से कम 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश और पिछले तीन वित्तीय वर्षों में से कम से कम एक वर्ष में 7,500 करोड़ रुपये का राजस्व होना जरूरी होगा। सरकार पात्र पूंजीगत खर्च का 40 प्रतिशत तक सहयोग देगी।

### कंपाउंड सेमीकंडक्टर फैब को 35% सहायता

कंपाउंड सेमीकंडक्टर, फोटोनिक्स, सेंसर/एमईएमएस और डिस्क्रीट सेमीकंडक्टर फैब के लिए कम से कम 500 करोड़ रुपये का निवेश, 200 करोड़ रुपये का राजस्व और न्यूनतम 500 वेफर स्टार्ट प्रति माह की क्षमता जरूरी होगी। इन परियोजनाओं को पात्र पूंजीगत व्यय पर 35 प्रतिशत तक सहायता मिलेगी।

### पैकेजिंग परियोजनाओं को भी प्रोत्साहन

एटीएमपी/ओएसएटी सुविधाओं के तहत एडवांस्ड पैकेजिंग परियोजनाओं के लिए कम से कम 1,000 करोड़ रुपये का निवेश और 200 करोड़ रुपये का राजस्व जरूरी होगा। इन्हें 35 प्रतिशत कैपेक्स सपोर्ट मिलेगा। इसी तरह की निवेश और राजस्व जरूरतों वाले पुराने पैकेजिंग प्रोजेक्ट्स को 25 प्रतिशत सहायता दी जाएगी।

### आरएंडडी के लिए 75% तक सरकारी मदद

योजना में उन्नत सेमीकंडक्टर अनुसंधान एवं विकास को भी विशेष महत्व दिया गया है। ऐसे प्रोजेक्ट्स को पात्र पूंजीगत और परिचालन खर्च सहित परियोजना लागत का 75 प्रतिशत तक सरकारी सहयोग दिया जा सकेगा।

**मुख्य बातें**

*सिलिकॉन वेफर फैब को पात्र पूंजीगत खर्च का 40% तक सरकारी सहयोग*
*योग्य स्टार्टअप और एमएसएमई को 15 करोड़ रुपये तक सीड फंडिंग*
*उन्नत सेमीकंडक्टर आरएंडडी के लिए परियोजना लागत का 75% तक सहयोग*
*कंपाउंड सेमीकंडक्टर, फोटोनिक्स और सेंसर फैब को 35% तक सहायता*
*एडवांस्ड पैकेजिंग परियोजनाओं को 35% तक कैपेक्स सपोर्ट*
*इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये के खर्च को मंजूरी*

### 1.27 लाख करोड़ रुपये का सेमीकंडक्टर मिशन

यह अधिसूचना केंद्रीय मंत्रिमंडल की ओर से 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये के खर्च को मंजूरी दिए जाने के बाद आई है। यह कार्यक्रम सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन के छह स्तंभों और 10 श्रेणियों को कवर करेगा। इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन योजना की नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगा। आवेदनों का मूल्यांकन प्रोसेस टेक्नोलॉजी, परियोजना लागू करने की क्षमता, परिचालन क्षमता और ऑफ-टेक समेत तकनीकी एवं वित्तीय मानकों के आधार पर किया जाएगा। योजना शुरूआती तौर पर तीन वर्ष तक आवेदन के लिए खुली रहेगी। (इनपुट-एएनआई)

# 12 सितंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत, जिला न्यायाधीश ने तैयारियों की समीक्षा की

नोएडा, 31 अगस्त। आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर



अतुल श्रीवास्तव ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी विभागों को लंबित और समझौते योग्य मामलों को चिह्नित कर समय से निस्तारण की तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिक, दीवानी, उत्तराधिकार, वाहन अधिनियम, ई-चालान, विद्युत, भू-राजस्व और परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 से जुड़े मामलों सहित अन्य समझौते योग्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा। सेवा, पेंशन, श्रम और बैंक ऋण से जुड़े पूर्व-विवाद मामलों का भी आपसी समझौते से निस्तारण कराया जाएगा। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य आम नागरिकों को सरल, सहज और शीघ्र न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने पुलिस, परिवहन, श्रम, विद्युत, स्वास्थ्य, दूरसंचार और अन्य संबंधित विभागों को व्यापक तैयारी तथा प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। मामलों के निस्तारण के लिए पक्षकार संबंधित न्यायालय से संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर के ई-मेल dlsa.gbnnoida@gmail.com तथा मोबाइल नंबर 9716535451 और 7678643985 पर संपर्क किया जा सकता है।

# गौशालाओं में गोवंश के संरक्षण, स्वच्छता और पोषण व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश



संदीप गर्ग/समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 31 अगस्त। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अस्थायी गो आश्रय स्थलों की जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में आयोग के सदस्य दीपक गोयल भी मौजूद रहे।

बैठक में उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को गौशालाओं में गोवंश के संरक्षण, स्वच्छता, पोषण, स्वच्छ पेयजल और चारे की व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्थायी गो आश्रय स्थल ततारपुर में नियमित साफ-सफाई और पेयजल सहित आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर करने को कहा।

उन्होंने सभी गोशालाओं में नर और मादा गोवंश को अलग रखने, पशुओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच तथा बीमार गोवंश के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पंचायतों के माध्यम से पशुआहार की पर्याप्त व्यवस्था करने को भी कहा गया। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों से गो आश्रय स्थलों के संचालन में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान कराने तथा शासन और आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा।

मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी ने सभी निदेर्शों का समयबद्ध अनुपालन कराने का आश्वासन दिया। बैठक से पूर्व उपाध्यक्ष ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा गोवंश संरक्षण और संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आश्रय, पर्याप्त चारा-पानी और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# ग्रेटर नोएडा में बस का इंतजार कर रही नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप, दिल्ली में छोड़ा

**मैनपुरी से नोएडा जा रही 16 वर्षीय छात्रा भारी बारिश और जलभराव के बीच गलती से परी चौक उतरी, दो आरोपी गिरफ्तार**

समाज जागरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा/नई दिल्ली। मैनपुरी की 16 वर्षीय कक्षा 11 की छात्रा के साथ चलती बस में दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर साझा की गई जानकारी के अनुसार, छात्रा 4 अगस्त की रात पारिवारिक विवाद के बाद नोएडा में अपने रिश्तेदार के घर जाने के लिए निकली थी। भारी बारिश और अंधेरे के बीच वह गलती से ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर उतर गई।

बताया गया कि छात्रा ने नोएडा जाने वाली एक स्लीपर बस को रुकने का संकेत दिया। बस के परिचालक ने उसे नोएडा सेक्टर-63 जाने की बात बताई, जिसके बाद छात्रा बस में सवार हो गई। आरोप है कि बस में चालक और परिचालक के अलावा कोई यात्री नहीं था। दोनों ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।

# गौशालाओं के विकास और गोवंश संरक्षण पर संतों का जोर

## संतों ने समाज से गोसेवा में बढ़-चढ़कर सहयोग देने का किया आह्वान, 17 नवंबर को विशेष कार्यक्रम; 251 रुपये सहयोग करने वाले गौभक्तों में 108 को मिलेंगे उपहार

संदीप गर्ग/समाज जागरण

नोएडा, 31 अगस्त। सेक्टर-131 स्थित यमुना किनारे गाड़ी गांव में रविवार को गोवंश संरक्षण एवं गौशाला के विकास को लेकर संतों की उपस्थिति में विशेष कार्यक्रम और प्रेस वार्ता आयोजित की गई। श्री माधव गिरि जी महाराज के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में संतों ने समाज से गोसेवा के लिए आगे आने और गौशालाओं की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में श्री महादेवानंद गिरि, अजीत बाबा दास, श्री मनोज गिरि, श्री राम गिरि, श्री सुग्रीव गिरि सहित विभिन्न संत एवं महंत उपस्थित रहे। संतों ने कहा कि गोवंश की सुरक्षा और सेवा केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। गौशालाओं में गोवंश के लिए पर्याप्त चारा, पानी, चिकित्सा और सुरक्षित आवास की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई गई।

श्री माधव गिरि जी महाराज ने कहा कि नोएडा में सड़कों पर गोवंश का आवारा विचरण स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने गौशाला के निर्माण और विकास के लिए जनसहयोग की अपील करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से गायों, बछड़ों और बैलों के भोजन, चिकित्सा एवं रखरखाव की व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है।




### 17 नवंबर को गौशाला के विकास को लेकर विशेष आयोजन

आयोजकों ने बताया कि आगामी 17 नवंबर 2026 को गौशाला में गोवंश के लिए आवास, भूसा घर, पंखे, कूलर तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही गोसेवा में सहयोग करने वाले गौभक्तों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार योजना भी रखी गई है।

आयोजकों के अनुसार, 251 रुपये सहयोग राशि देने वाले गौभक्तों में से 108 लोगों का चयन कर उन्हें उपहार दिए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार के रूप में मोटरसाइकिल, द्वितीय पुरस्कार स्कूटी, तृतीय पुरस्कार फ्रिज, चौथा पुरस्कार वाशिंग मशीन और पांचवां पुरस्कार सिलाई मशीन रखी गई है। इसके अलावा अन्य उपहार भी दिए जाएंगे।

### दो माह के अंतराल पर निकलेगी शोभायात्रा

संतों ने बताया कि गोसेवा और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आने वाले समय में लगभग दो माह के अंतराल पर शोभायात्राओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें विभिन्न अखाड़ों के संतों और महंतों की सहभागिता होगी। आयोजकों ने इसे सामूहिक कार्यक्रम बताते हुए अधिक से अधिक संतों और समाज के लोगों से जुड़ने की अपील की।

### संतों को सौंपे गए दायित्व

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संतों और पदाधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए नियुक्ति



प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। महादेवानंद गिरि जी को नागा बाबा गौ सेवा महासंघ का महासचिव बनाए जाने की जानकारी दी गई। अन्य संतों को भी उनके कार्यक्षेत्र के अनुसार जिम्मेदारियां प्रदान की गईं।

कार्यक्रम में नोएडा प्राधिकरण की ओर से गौशाला के लिए उपलब्ध कराई गई भूमि का भी उल्लेख किया गया। संतों ने कहा कि उपलब्ध स्थान पर गौशाला का विकास कर गोवंश को सुरक्षित और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए समाज के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने गौभक्तों से यथासंभव सहयोग कर इस अभियान को आगे बढ़ाने की अपील की।

# बाइक से मोबाइल झपटने वाले तीन शातिर गिरफ्तार,

संदीप गर्ग/समाज जागरण

नोएडा, 31 अगस्त। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने वाहन चोरी और मोबाइल झपटमारी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन चोरी/झपटमारी के मोबाइल फोन, दो हजार रुपये नकद और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल भी मिली है, जिसके संबंध में जांच की जा रही है।



पुलिस ने आरोपियों की पहचान रोहित, हर्ष कुमार और यसवंत उर्फ यश उर्फ सागर के रूप में की है। तीनों को सेक्टर-62 के सामने से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि इसी माह 17 अगस्त को उन्होंने डी-पार्क, सेक्टर-62 के पास ई-रिक्शा में जा रहे एक व्यक्ति से गूगल पिक्सल-6ए मोबाइल झपटा था। आरोपियों के मुताबिक मोबाइल को राह चलते व्यक्ति को चार हजार रुपये में बेच दिया गया था, जिसमें से दो हजार रुपये उनके पास बचे थे और बाकी रकम उन्होंने खर्च कर दी। इस मामले में थाना सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज है।

पुलिस के अनुसार आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर राहगीरों को अवैध हथियार दिखाकर डराते-धमकाते थे और मोबाइल फोन छीनने अथवा चोरी करने की वारदात को अंजाम देते थे। बरामद तीन मोबाइल फोन के संबंध में भी पुलिस जानकारी जुटा रही है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हर्ष कुमार पहले भी थाना सेक्टर-58 से जेल जा चुका है। उसके विरुद्ध वर्ष 2025 और 2026 में कई मुकदमे दर्ज हैं। यसवंत उर्फ यश उर्फ सागर के विरुद्ध भी कई मामले दर्ज हैं, जबकि रोहित के विरुद्ध थाना सेक्टर-58 में शस्त्र अधिनियम सहित मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से रेडमी का एक और वीवो के दो मोबाइल फोन, दो अवैध चाकू तथा दो हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में भी जांच कर रही है।

# नटराजांजलि डांस अकादमी का वार्षिक समारोह भव्य प्रस्तुतियों के साथ संपन्न

## भरतनाट्यम की मनोहारी प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन, 'द पपेट मास्टर' नृत्य-नाटिका रही आकर्षण का केंद्र

संदीप गर्ग/समाज जागरण

नोएडा, 31 अगस्त। नटराजांजलि डांस अकादमी का वार्षिक समारोह इंडस वैली पब्लिक स्कूल, नोएडा के आकृति ऑडिटोरियम में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने भरतनाट्यम की मनोहारी प्रस्तुतियां देकर भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा और भाव-सौंदर्य को जीवंत कर दिया।

अकादमी की संस्थापक एवं गुरु इप्शिता भट्टाचार्य के मार्गदर्शन में पिछले 12 वर्षों से अधिक समय से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में भरतनाट्यम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्था में विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों को शास्त्रीय नृत्य की विधिवत शिक्षा प्रदान की जाती है।

समारोह का मुख्य आकर्षण नृत्य-नाटिका 'द पपेट मास्टर'



रही। इसमें नृत्य और अभिनय के माध्यम से मनुष्य के जीवन को विभिन्न भावनाओं द्वारा नियंत्रित किए जाने तथा अंततः आत्मबोध, ज्ञान और परमात्मा से जुड़ने की आध्यात्मिक यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने दर्शकों को



मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा विधायक विमला बाथम, थ्यागराजा सेंटर फॉर म्यूजिक एंड डांस के संस्थापक निदेशक गुरु आर.वी. त्यागराजन एवं राजेश्वरी त्यागराजन, कथक धरोहर के संस्थापक एवं महासचिव गुरु सदानंद बिस्वास, नृत्यांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ भरतनाट्यम की संस्थापक निदेशक गुरु संगीता कुलश्रेष्ठ तथा श्रीनृत्यांजलि की संस्थापक एवं निदेशक सुमिता दत्ता रॉय और संदीप रॉय सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं गुरु उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए गुरु इप्शिता भट्टाचार्य और नटराजांजलि डांस अकादमी को भारतीय शास्त्रीय नृत्य की परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए शुभकामनाएं दीं।

समारोह में कला, साधना, संस्कृति और आध्यात्मिकता का सुंदर समन्वय देखने को मिला। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गरिमा और सांस्कृतिक विरासत को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

# राधा कृष्ण गर्ग तीसरी बार बने अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष

## तृतीय पंचवर्षीय कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध संपन्न, लोकेश गोयल महासचिव और प्रदीप अग्रवाल कोषाध्यक्ष चुने गए

संदीप गर्ग/समाज जागरण

नोएडा, 31 अगस्त। अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल की तृतीय पंचवर्षीय कार्यकारिणी 2026-2031 के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी शिव शंकर गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर राधा कृष्ण गर्ग, राष्ट्रीय महासचिव पद पर लोकेश कुमार गोयल एडवोकेट और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पद पर प्रदीप अग्रवाल के निर्विरोध चुने जाने की घोषणा की। राधा कृष्ण गर्ग लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं।

चुनाव अधिकारी शिव शंकर गुप्ता ने बताया कि तीनों पदों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 23 अगस्त, नाम वापसी की अंतिम तिथि 26 अगस्त और मतदान की तिथि 30 अगस्त निर्धारित थी। हालांकि 23 अगस्त की रात तक तीनों पदों के लिए केवल एक-एक प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया। ऐसे में चुनाव प्रक्रिया के तहत तीनों प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया



गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा होते ही उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया और उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री एवं कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता तथा नोएडा विधायक के भाई अनिल सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद डॉ. महेश शर्मा तथा अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक विमला बाथम वैश्य सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर डीडीआरडब्ल्यूए अध्यक्ष एनपी सिंह, दिव्य प्रेम सेवा मिशन के आशीष, अग्रवाल मित्र मंडल के अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, जीएनआईओटी के चेयरमैन राजेश गुप्ता, डीके मित्तल, डीपी गोयल, सत्य नारायण गोयल, बलराज गोयल, सुरेश गुप्ता, डॉ. वीके गुप्ता, डॉ. डीके गुप्ता, विनय अग्रवाल, एमएम अग्रवाल, रोहतास गोयल, सीमा गोयल, मनोज गोयल, मनोज गुप्ता, डॉ. शैलेंद्र पोरवाल, अतुल गुप्ता, धर्मेंद्र चौहान, टीएन गोविल, सचिन अंबावत, संजय वाली, कनक लता पोरवाल, पिंकी सिंह तोमर, सपना पोरवाल, पूनम गुप्ता, अजय गुप्ता सहित अन्य लोगों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी।

कार्यक्रम का मंच संचालन सुधीर चंद्र पोरवाल ने किया।

# एक जनपद-पांच नदियाँ अभियान के तहत अरिल नदी के पुनरुद्धार अभियान का शुभारंभ

- लगभग 35 से 40 किलोमीटर लंबी अरिल नदी के प्राकृतिक प्रवाह को सुचारू बनाने के लिए शुरू हुआ कार्य
- नदी की खुदाई एवं प्राकृतिक प्रवाह में उत्पन्न अवरोधों को हटाने का कार्य प्रारंभ



समाज जागरण

संभल। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में शासन के जनपदएकपांच नदियाँ अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जनपद की नदियों के पुनरुद्धार, प्राकृतिक प्रवाह को सुचारू करने, जलधारण क्षमता बढ़ाने तथा जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में तहसील चंदौसी के अंतर्गत ग्राम अकरौली से ग्राम रहोली तक लगभग 35 से 40 किलोमीटर की दूरी में प्रवाहित होने वाली अरिल नदी के पुनरुद्धार अभियान का शुभारंभ आज असालतपुर जारई से किया गया। उपजिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में प्रारंभ हुए इस अभियान के तहत राजस्व विभाग की टीम की देखरेख एवं समन्वय से जेसीबी मशीनों के माध्यम से नदी की खुदाई तथा नदी के प्राकृतिक प्रवाह में उत्पन्न अवरोधों को हटाने का कार्य शुरू किया गया।

उपजिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी ने बताया कि अभियान का प्रमुख उद्देश्य अरिल नदी के प्राकृतिक प्रवाह को सुचारू करना, नदी की जलधारण क्षमता को बढ़ाना तथा जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर उपस्थित रहकर पुनरुद्धार कार्य की निरंतर निगरानी एवं आवश्यक समन्वय सुनिश्चित किया जा रहा है।

**वर्धमार एवं महिष्मति नदी के पुनरुद्धार कार्य में भी प्रगति**

जिलाधिकारी के निर्देशन में संचालित एक जनपद-पांच नदियाँ अभियान के अंतर्गत तहसील गुन्नौर में वर्धमार नदी के पुनरुद्धार का कार्य कराया गया है। वहीं, तहसील सम्भल के अंतर्गत प्राचीन महिष्मति नदी के पुनरुद्धार का कार्य जारी है।

पुनरुद्धार कार्य का सकारात्मक प्रभाव भी दिखाई देने लगा है। वर्धमार एवं महिष्मति नदी के जिन-जिन स्थानों पर पुनरुद्धार का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां वर्षा ऋतु में जल का प्रवाह भी शुरू हो गया है। इससे नदियों के प्राकृतिक स्वरूप को पुनर्जीवित करने तथा क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद की अन्य नदियों के पुनरुद्धार कार्य को भी प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को पुनर्जीवित करते हुए भूजल संरक्षण, जलधारण क्षमता में वृद्धि एवं पर्यावरण संरक्षण को प्रभावी बनाया जा सके।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार बहजोई एवं चंदौसी, राजस्व निरीक्षक तथा लेखपाल सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम के निरीक्षण में खामियां, वेतन रोकने के निर्देश

समाज जागरण

बहजोई/संभल। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने पीएम श्री विद्यालय अतरासी का औचक निरीक्षण कर शिक्षा, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन, स्वच्छता, पेयजल सहित मूलभूत सुविधाओं की स्थिति परखी। कमियां मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर प्रधानाध्यापक का वेतन रोकने तथा विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था की प्रभावी निगरानी नहीं करने पर संबंधित एआरपी और एसआरजी का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। विद्यालय में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। रोटी-सब्जी की गुणवत्ता में कमी तथा रसोईघर में खराब साफ-सफाई पाए जाने पर संबंधित ग्राम प्रधान को नोटिस जारी करने और जिम्मेदार रसोइया को हटाने की कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से सवाल किए और स्वयं



गणित पढ़ाया। शैक्षिक स्तर में अपेक्षित सुधार नहीं मिलने पर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। खराब ग्रीन बोर्ड को बदलने तथा कक्षाओं में पर्याप्त प्रकाश, पंखे और व्यवस्थित फर्नीचर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

विद्यालय परिसर और शौचालयों में गंदगी मिलने पर उन्होंने नियमित सफाई के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय में स्वच्छ पेयजल और क्रियाशील हैंडपंप उपलब्ध रखने को कहा। विद्यालय की व्यवस्थाओं में कमियों के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने बेहटा जय सिंह चौराहे की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। यहां गंदगी मिलने पर सफाई प्रभारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। वहीं विकासखंड पवांसा के आसपास करीब 100 मीटर क्षेत्र में गंदगी मिलने पर खंड विकास अधिकारी अमरजीत सिंह का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक भोजन, स्वच्छ वातावरण, सुरक्षित पेयजल और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

समाज जागरण

सम्भल/चन्दौसी। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में जनपद में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला खेल कार्यालय, सम्भल द्वारा सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, चंदौसी में जिला स्तरीय जूनियर बालक खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर ट्रेसा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में जनपद की कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों ने उत्साह एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में एसबीएम एकेडमी, बहजोई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल की टीम को 15झ3 के अंतर से पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।



प्रतियोगिता के समापन समारोह में अंकित जैन, जिला कोषाध्यक्ष, भाजपा द्वारा विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों में निरंतर मेहनत करने तथा अनुशासन एवं खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती, जिला ओलंपिक सचिव आशु शर्मा, शूटिंग कोच मयंक कुमार, खेलो इंडिया एथलेटिक्स कोच नकुल तोमर, खो-खो कोच विक्की गुप्ता, सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर भानु सहित कॉलेज स्टाफ एवं संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला खेल कार्यालय द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जनपद में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं अनुशासन की भावना विकसित करने का अवसर मिल रहा है।

# कैलादेवी क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के विरुद्ध कार्रवाई

समाज जागरण

संभल। जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद सम्भल में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान निरंतर प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है।



खनन निरीक्षक शिवम कुमार के द्वारा थाना कैलादेवी क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 01 जेसीबी मशीन एवं 02 डम्पर को पकड़कर थाना कैलादेवी में सीज कराया गया। प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। जनपद सम्भल में अवैध खनन के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# ई-रिक्शा से गिरकर मां-बेटी घायल

समाज जागरण

गुन्नौर। सब्जी लेकर घर लौट रही मां-बेटी ई-रिक्शा से गिरकर घायल हो गई। हादसे में एक वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर उपचार के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ रेफर कर दिया।



हादसा रविवार दोपहर करीब दो बजे थाना से ब्लॉक की ओर जाने वाले मार्ग पर बाजार के पास हुआ। फतेहपुर गांव निवासी सत्यवती अपनी एक वर्षीय बेटी दिव्यांशी को गोद में लेकर ई-रिक्शा से गुन्नौर बाजार जा रही थीं। बताया गया कि रास्ते में अचानक ई-रिक्शा को तेज झटका लगा, जिससे बच्ची मां की गोद से उछलकर सड़क पर जा गिरी। बेटी को सड़क पर गिरता देख सत्यवती भी चलते ई-रिक्शा से कूद पड़ीं। इससे मां-बेटी दोनों घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने बच्ची की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मां-बेटी को अलीगढ़ रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। हादसे के बाद परिवार में चिंता का माहौल है।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

समाज जागरण

संभल। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने संभल के शहजादी सराय स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की साफ-सफाई, अग्निशामक यंत्रों, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों तथा लॉगबुक सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी संभल विकास चंद, एसओसी चकबंदी अजय कुमार वर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आलू उत्पादक किसानों को राहत की पहल, भाव गिरने पर मिलेगी आर्थिक सहायता

**भामाशाह भाव स्थिरता कोष और आलू भंडारण शुल्क अनुदान योजना का लाभ लेने के लिए किसान करें ऑनलाइन आवेदन**

समाज जागरण

सम्भल। आलू उत्पादक किसानों को बाजार में भाव गिरने से होने वाले आर्थिक नुकसान से राहत दिलाने के लिए सरकार द्वारा महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से किसानों को आलू के सुरक्षित भंडारण तथा गुणवत्तापूर्ण बीज की उपलब्धता के साथ बाजार मूल्य में गिरावट से होने वाले नुकसान की भरपाई में सहायता मिलेगी। जनपद सम्भल के लगभग 20 हजार आलू उत्पादक किसानों को इन योजनाओं का लाभ मिलने की संभावना है।

**भामाशाह भाव स्थिरता कोष योजना के तहत मिलेगी आर्थिक सहायता**

भामाशाह भाव स्थिरता कोष योजना के अंतर्गत बाजार में आलू का भाव निर्धारित स्तर से नीचे जाने पर पात्र किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के तहत एक किसान अधिकतम दो हेक्टेयर क्षेत्रफल तथा प्रति हेक्टेयर अधिकतम 200 क्विंटल आलू के लिए लाभ प्राप्त कर सकता है। इससे बाजार भाव में अचानक गिरावट आने पर किसानों को आर्थिक नुकसान से राहत मिलने की उम्मीद है।

**भंडारण शुल्क पर भी मिलेगा अनुदान**

आलू भंडारण शुल्क अनुदान योजना के अंतर्गत निजी शीतगृहों में आलू का भंडारण करने वाले किसानों को भंडारण शुल्क में सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के तहत किसानों को अधिकतम 100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अनुदान दिया जाएगा। एक किसान को अधिकतम 20 हजार रुपये तक की सहायता दिए जाने का प्रावधान है।

**ऑनलाइन आवेदन करना होगा**

योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को potato.uphorticulture.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के दौरान मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, खसरा, शीतगृह की भंडारण रसीद, निकासी रसीद, गेटपास रसीद, शीतगृह किराया रसीद तथा आलू की बिक्री से संबंधित आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

ऑनलाइन आवेदन पूर्ण करने के बाद किसानों को आवेदन के साथ सभी आवश्यक प्रपत्रों की हार्ड कॉपी संबंधित कार्यालय में जमा करनी होगी। स्वीकृत अनुदान की धनराशि किसान के आधार से जुड़े बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से भेजी जाएगी।

कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग की ओर से किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय में ऑनलाइन आवेदन कर योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क**

योजना से संबंधित जानकारी के लिए मोहम्मद आमिर (सहायक उद्यान निरीक्षक) के मोबाइल नंबर 9411274455 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, बीएनएस शुगर मिल्स के सामने, ग्राम मझावली, चन्दौसी-बहजोई रोड, सम्भल में संपर्क किया जा सकता है।

# गोठना ग्राम पंचायत में सरकारी धन के दुरुपयोग पर कार्रवाई, 3.41 लाख रुपये की होगी वसूली

**तीन तत्कालीन जिम्मेदारों को दोषी मानते हुए प्रत्येक से एक-तिहाई धनराशि वसूलने के आदेश**

समाज जागरण

सम्भल। विकासखंड गुन्नौर की ग्राम पंचायत गोठना में शासकीय धनराशि के दुरुपयोग के मामले में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कड़ी कार्रवाई की है। अंतिम जांच में दोषी पाए गए तीन तत्कालीन जिम्मेदारों से कुल 3 लाख 41 हजार 41 रुपये की वसूली के आदेश दिए गए हैं।

जांच में तत्कालीन ग्राम प्रधान एवं प्रशासक रोहदास, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी वीरी सिंह तथा कंसल्टिंग इंजीनियर आशीष कुमार को शासकीय धनराशि के दुरुपयोग के लिए उत्तरदायी पाया गया। उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा-27 तथा शासन के संबंधित प्रावधानों के तहत हुई अंतिम जांच के बाद तीनों से एक-तिहाई के अनुपात में धनराशि वसूलने के निर्देश दिए गए हैं।

आदेश के अनुसार तत्कालीन ग्राम प्रधान एवं प्रशासक रोहदास से 1 लाख 13 हजार 680 रुपये, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी वीरी सिंह से 1 लाख 13 हजार 681 रुपये तथा कंसल्टिंग इंजीनियर आशीष कुमार से 1 लाख 13 हजार 680 रुपये की वसूली की जाएगी।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि निर्धारित धनराशि की वसूली भू-राजस्व की भांति की जाए। वसूली के बाद धनराशि ग्राम पंचायत के प्रथम खाते में जमा कराते हुए उसकी रसीद जिला पंचायत राज अधिकारी, सम्भल के कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने तत्कालीन ग्राम प्रधान एवं प्रशासक रोहदास को ग्राम पंचायत गोठना के प्रशासक पद से हटाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासक के दायित्वों एवं कर्तव्यों के निर्वहन के लिए सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), गुन्नौर को अधिकृत किया गया है।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने स्पष्ट किया कि शासकीय धनराशि के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितता के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए नियमानुसार वसूली और अन्य आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# ई-रिक्शा की गिरफ्त में नजीबाबाद शहर, चौराहे से लेकर बाजार तक जाम ही जाम

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नजीबाबाद शहर इन दिनों पूरी तरह से ई-रिक्शाओं की गिरफ्त में नजर आ रहा है। आलम यह है कि शहर में चारों तरफ ई-रिक्शाओं का कब्जा हो गया है। चाहे रेलवे स्टेशन हो, बस स्टैंड हो या मुख्य बाजार, जहां देखो वहां केवल ई-रिक्शा ही ई-रिक्शा दिखाई दे रही हैं।



शहर में हजारों की संख्या में ई-रिक्शा बेतरतीब तरीके से चल रहे हैं। इनके संचालन के लिए कोई ठोस नियम-कायदा नहीं है। चालक बीच सड़क पर ही रिक्शा खड़ी करके सवारी भरते हैं, जिससे पीछे आने वाले वाहनों की लंबी कतार लग जाती है और जाम की स्थिति बन जाती है। ई-रिक्शाओं के इस अराजक संचालन से सबसे ज्यादा परेशानी आम जनता और स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को उठानी पड़ रही है। सुबह-शाम स्कूल के समय पर मुख्य मार्गों पर जाम लगा रहता है, जिससे बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते। पैदल चलने वालों के लिए भी सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी ई-रिक्शा चालक को बीच सड़क पर रिक्शा खड़ी करने से मना किया जाए तो वे लड़ने-झगड़ने को तैयार हो जाते हैं। कई बार तो सवारियों को लेकर भी आपस में विवाद होता देखा गया है। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ई-रिक्शाओं के लिए जल्द से जल्द एक निश्चित रूट और स्टैंड निर्धारित किया जाए और बेतरतीब तरीके से चलने वाले ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई की जाए, ताकि शहर को जाम की समस्या से निजात मिल सके।

# साप्ताहिक बाजार में महिला का पर्स काटकर मंगलसूत्र और 10 हजार उड़ाए

पीछे से आई अज्ञात महिला ने कहा—"मंगलसूत्र टूटकर गिरने वाला है", झांसे में आई नाजरीन ने उतारकर पर्स में रखा, कुछ देर बाद जेब कटी मिली; CCTV खंगाल रही पुलिस

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर चांदपुर थाना चांदपुर क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने पहुंची एक महिला का पर्स काटकर चोर सोने का मंगलसूत्र और हजारों रुपये की नकदी लेकर फरार हो गया। घटना चांदपुर की जामा मस्जिद के पास लगे साप्ताहिक बाजार की बताई जा रही है। वारदात के बाद बाजार में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

**बहन के साथ बाजार में खरीदारी करने पहुंची थी महिला**

जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव सिवालु नंगला निवासी नाजरीन अपनी बहन फिजा के साथ चांदपुर के साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने आई थीं। नाजरीन ने गले में सोने का मंगलसूत्र पहन रखा था।

बताया जा रहा है कि बाजार में खरीदारी के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर पीछे से एक अज्ञात महिला नाजरीन के पास पहुंची। उक्त महिला ने नाजरीन से कहा कि उनका मंगलसूत्र टूटकर गिरने वाला है।

**झांसे में आई महिला ने उतारकर पर्स में रखा मंगलसूत्र**

अज्ञात महिला की बात पर विश्वास करते हुए नाजरीन ने अपने गले से मंगलसूत्र उतार लिया और उसे सुरक्षित रखने के लिए अपने पर्स में रख लिया। इसके बाद वह बाजार में



खरीदारी करती रहीं।

कुछ देर बाद जब नाजरीन ने अपना पर्स देखा तो उसके होश उड़ गए। पर्स की ऊपर वाली जेब कटी हुई थी। पर्स में रखा करीब डेढ़ तोले से अधिक वजन का सोने का मंगलसूत्र और 10 हजार रुपये की नकदी गायब थी।

घटना का पता चलते ही नाजरीन ने आसपास तलाश की, लेकिन मंगलसूत्र और नकदी का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद वह अपनी बहन फिजा के साथ तत्काल थाने पहुंचीं और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की।

**CCTV फुटेज खंगाल रही पुलिस**

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस द्वारा साप्ताहिक बाजार और आसपास के क्षेत्र में लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि संदिग्ध महिला की पहचान की जा सके। पुलिस को आशंका है कि भीड़भाड़ वाले बाजार में सक्रिय किसी महिला चोर या गिरोह द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया हो सकता है। हालांकि पुलिस जांच के बाद ही घटना में शामिल आरोपी के बारे में स्थिति स्पष्ट होगी।

**अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज, जांच जारी**

कस्बा इंचार्ज सागर चौधरी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है और CCTV फुटेज की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है।

**बाजार में भीड़ का फायदा उठा रहे चोरों से सावधान रहने की जरूरत**

साप्ताहिक बाजार में हुई इस घटना के बाद खरीदारी करने आने वाले लोगों में भी चिंता दिखाई दे रही है। भीड़भाड़ वाले बाजारों में जेबकतरों और पर्स काटने वाले गिरोह सक्रिय रहने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से साप्ताहिक बाजार के दौरान अतिरिक्त पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

अब पुलिस के सामने चुनौती CCTV फुटेज के आधार पर संदिग्ध महिला की पहचान करने, चोरी गया सोने का मंगलसूत्र और नकदी बरामद करने तथा वारदात में शामिल लोगों तक पहुंचने की है।

# नमाज पढ़ने मस्जिद में गए दानिश, बाहर लौटे तो गायब मिली बाइक

- लॉक करके मस्जिद के बाहर खड़ी की थी स्प्लेंडर प्लस
- सीसीटीवी में बाइक ले जाता दिखाई दिया संदिग्ध युवक;

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर चांदपुर।थाना चांदपुर क्षेत्र के गांव राजोपुर बहमन में मस्जिद के बाहर खड़ी बाइक चोरी होने से हड़कंप मच गया। नमाज अदा करने के लिए मस्जिद के अंदर गए युवक की बाइक चोर लेकर फरार हो गया। पीड़ित जब नमाज पढ़कर बाहर आया तो बाइक अपने स्थान से गायब मिली। आसपास काफी तलाश और लोगों से पूछताछ के बावजूद जब बाइक का कोई सुराग नहीं लगा तो पीड़ित ने चांदपुर थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव पीपली जट निवासी दानिश पुत्र यामीन अपनी काले रंग की स्प्लेंडर प्लस बाइक से गांव राजोपुर बहमन स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए पहुंचे थे। बताया गया कि बाइक वर्ष 2014 मॉडल की है। दानिश ने मस्जिद के बाहर बाइक को लॉक करके खड़ा किया और नमाज पढ़ने के लिए अंदर चले गए।

**नमाज पूरी होते ही उड़ गए होश**

दानिश जब नमाज पढ़कर मस्जिद से बाहर आए, तो जिस स्थान पर उन्होंने बाइक खड़ी की थी, वहां बाइक दिखाई नहीं दी। पहले उन्होंने आसपास बाइक की तलाश की। इसके बाद आसपास मौजूद लोगों से भी जानकारी ली, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका।

काफी तलाश के बाद भी बाइक नहीं मिलने पर दानिश को बाइक चोरी होने का अहसास हुआ। उन्होंने तत्काल मामले की जानकारी पुलिस को दी और चांदपुर थाने में लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बाइक बरामद कराने की मांग की।

**सीसीटीवी में कैद हुई चोरी की वारदात**

बाइक चोरी की घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। बताया जा रहा है कि ग्राम प्रधान निजामु के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में बाइक चोरी की गतिविधि रिकॉर्ड हो गई। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक बाइक लेकर जाता हुआ दिखाई दे रहा है। फुटेज सामने आने के बाद पुलिस अब संदिग्ध युवक की पहचान करने में जुटी है। माना जा रहा है कि पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

**बाइक बरामदगी के लिए पुलिस के सामने चुनौती**

पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान करने और चोरी की गई बाइक बरामद करने के प्रयास में जुटी हुई है।

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में वाहन चोरी को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में वाहनों की चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने की जरूरत है। लोगों ने पुलिस अधिकारियों से मामले में जल्द कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार करने और चोरी की बाइक बरामद कराने की मांग की है।

अब निगाहें पुलिस की कार्रवाई पर हैं कि सीसीटीवी फुटेज में कैद संदिग्ध युवक की पहचान कब तक होती है और चोरी हुई बाइक कब तक बरामद हो पाती है।

# नजीबाबाद की कछियाना बस्ती में फिर गौकशी की घटना, बजरंग दल में आक्रोश

समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर नजीबाबाद दिनांक 31 अगस्त 2026 की सुबह नजीबाबाद की कछियाना बस्ती में गौकशी की सूचना मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने पहुंचे।



थाना प्रभारी से मिलकर कार्यकर्ताओं ने गौकशी के आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि नगर की कछियाना बस्ती में हुई यह घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। बजरंग दल के सभी कार्यकर्ता इस घटना के खुलासे के लिए लगे हुए हैं

वहीं बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख बिजनौर अभिषेक त्यागी ने बताया कि बजरंग दल जल्द ही जिले में एक अभियान चलाएगा। जो लोग आवारा गोवंश को छोड़ रहे हैं, उनके खिलाफ अभियान चलाया जाएगा और सड़कों पर घूम रहे गोवंश को गौशाला पहुंचाने का काम किया जाएगा।

इस दौरान मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता, जिला संयोजक बजरंग दल अरुण चौधरी, जिला सुरक्षा प्रमुख अभिषेक त्यागी, नगर संयोजक ओमकार कौशल, प्रखंड संयोजक पीयूष, गौ रक्षा प्रमुख रुद्र कुशवाहा, , अरविन्द कुमार, प्रत्युष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# कंपनी से 165 मोबाइल चोरी, 154 बरामद; छह आरोपी गिरफ्तार

## बीटा-2 पुलिस ने गिरोह का किया पदार्फाश, करीब 50 लाख रुपये के मोबाइल, 2.50 लाख रुपये नकद और स्कॉर्पियो बरामद

संदीप गर्ग/समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, 31 अगस्त। थाना बीटा-2 पुलिस ने कंपनी से मोबाइल फोन चोरी कर उन्हें बाजार में कम कीमत पर बेचने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 154 मोबाइल फोन, करीब 50 लाख रुपये कीमत के, 2.50 लाख रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो कार बरामद की है।



पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान केशव कुमार, मनोज कुमार, रवि कुमार, विनीत उर्फ मसना, मौ. शोएब और हसीबुर्रहमान के रूप में हुई है। आरोपियों को थाना क्षेत्र बीटा-2 स्थित पीपल वाला गोल चक्कर, नट मढ़ैया के पास से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के मुताबिक गिरोह का कथित सरगना केशव कुमार है, जो एक्सप्रेस बीज लॉजिस्टिक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, डी-28 साइट-4 में कंटेनर चालक के रूप में कार्य करता था। आरोप है कि कंपनी से मोबाइल फोन लेकर विभिन्न स्थानों पर आपूर्ति के दौरान वह कंटेनर की सील खोलकर मोबाइल के काटूर्नों से चिट हटाता था और अपने साथियों की मदद से मोबाइल निकालकर अलग-अलग स्थानों पर कम कीमत में बेच देता था।

कंपनी के ऑडिट के दौरान 165 मोबाइल फोन गायब मिले थे। इसके बाद कंपनी के प्रबंधक की शिकायत पर 24 जुलाई 2026 को थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की।

पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी केशव कुमार के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी, माल खुर्द-बुर्द करने और आयुध अधिनियम समेत कई मामले दर्ज हैं। मामले में सभी छह आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

बरामदगीः 154 मोबाइल फोन, 2.50 लाख रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो कार।

# आर्य समाज रावली कलां में सघन वेद प्रचार कार्यक्रम संपन्न

समाज जागरण संवाददाता

गाजियाबाद, 31 अगस्त। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा एवं आर्य समाज रावली कलां के संयुक्त तत्वावधान में जेठूशा धाम शिव मंदिर परिसर में सघन वेद प्रचार कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ के माध्यम से हुआ। मुख्य यजमान किशोरी शर्मा एवं श्रीमती शशि शर्मा रहे, जबकि यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य कृष्णमुनि रहे।

आचार्य कृष्णमुनि ने यज्ञ की महत्ता बताते हुए कहा कि यज्ञ संसार का श्रेष्ठतम कर्म है और प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवार में प्रतिदिन यज्ञ होने से वातावरण में सकारात्मकता और प्रसन्नता बनी रहती है। आज समाज में बढ़ते दुख और तनाव का एक कारण अपनी ऋषि परंपरा तथा वेदों के स्वाध्याय से दूर होना भी है। उन्होंने लोगों से वेदों के अध्ययन की ओर लौटने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन को सुखमय बनाने में यज्ञ की महत्वपूर्ण भूमिका है। वेद मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं और व्यक्ति को आध्यात्मिक उन्नति की ओर ले जाते हैं।

### जाति-पाति के भेद मिटाकर संगठित होने का आह्वान

महाशय वेदपाल आर्य ने भजनोपदेश के माध्यम से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# जेवर–खुर्जा मार्ग पर यात्रियों को जल्द मिलेगी स्थायी सुविधा

## यमुना एक्सप्रेसवे पुल के पास सुरक्षित चढ़ने-उतरने की व्यवस्था को लेकर विधायक धीरेन्द्र सिंह की अधिकारियों से वार्ता

संदीप गर्ग/समाज जागरण

जेवर, 31 अगस्त। जेवर–खुर्जा मार्ग पर यमुना एक्सप्रेसवे पुल के समीप यात्रियों को होने वाली परेशानी के स्थायी समाधान की दिशा में पहल शुरू हो गई है। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा एक्सप्रेसवे और टोल संचालन से जुड़े सुरक्षा समूह के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर विस्तृत वार्ता की।

वार्ता में यात्रियों के सुरक्षित चढ़ने और उतरने के लिए स्थायी व्यवस्था, स्थल की परिस्थितियों तथा सुरक्षा मानकों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने शीघ्र मौके का परीक्षण कर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यावहारिक समाधान निकालने पर सहमति जताई।

यमुना एक्सप्रेसवे पुल के समीप प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री विभिन्न स्थानों के लिए वाहनों में चढ़ते और उतरते हैं। उचित स्थायी व्यवस्था नहीं होने के कारण बुजुर्गों,



महिलाओं, बच्चों और विद्यार्थियों को परेशानी के साथ दुर्घटना का जोखिम भी बना रहता है।

विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की सुविधा और सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की समस्या लंबे समय से उनके संज्ञान में थी। अधिकारियों के साथ हुई वार्ता सकारात्मक रही है और जल्द ही सुरक्षित चढ़ने-उतरने की स्थायी सुविधा उपलब्ध कराने का रास्ता निकाला जाएगा।

उन्होंने कहा कि विकास का वास्तविक अर्थ तभी है, जब बड़ी परियोजनाओं के साथ आम नागरिक की छोटी से छोटी आवश्यकता का भी समाधान हो। यमुना एक्सप्रेसवे ने क्षेत्र के विकास को गति दी है, इसलिए इसके आसपास रहने वाले और प्रतिदिन इसका उपयोग करने वाले लोगों को सुरक्षित एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराना भी आवश्यक है।

विधायक ने कहा कि जनहित से जुड़े ऐसे मुद्दों के समाधान के लिए संबंधित विभागों और संस्थाओं के साथ समन्वय जारी रहेगा।

# 12 साल बाद जागा यमुना तट बांध मार्ग, सफाई और मरम्मत शुरू

## 34.18 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत, पहली किस्त में करीब 11 करोड़ जारी; ग्राम विकास संगठन ने सीईओ कृष्णा करुणेश को किया सम्मानित

संदीप गर्ग/समाज जागरण

नोएडा, 31 अगस्त। यमुना मार्जिनल बांध की करीब 11.2 किलोमीटर लंबी चार लेन सड़क की वर्षों से लंबित सफाई और मरम्मत का कार्य शुरू होने पर ग्राम विकास संगठन नोएडा ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश का आभार जताया। संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने संयोजक डीपी चौहान के नेतृत्व में सेक्टर-96 स्थित नोएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक भवन पहुंचकर सीईओ को पुष्पगुच्छ और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पेंटिंग भेंट कर सम्मानित किया। प्राधिकरण के महाप्रबंधक (सिविल) अशोक



कुमार अरोड़ा को भी चंद्रशेखर आजाद की पेंटिंग भेंट की गई।

जानकारी के अनुसार यमुना तट बांध की चार लेन सड़क का निर्माण वर्ष 2014 में नोएडा प्राधिकरण की वित्तीय सहायता से कराया गया था। सिंचाई विभाग और नोएडा प्राधिकरण के बीच हुए समझौते के अनुसार सड़क की मरम्मत और अनुरक्षण का कार्य नोएडा प्राधिकरण से उपलब्ध धनराशि के माध्यम से कराया जाना प्रस्तावित था। अब प्राधिकरण ने सड़क की मरम्मत और सफाई के लिए 34.18 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। इसकी पहली किस्त के रूप में करीब 11 करोड़ रुपये सिंचाई विभाग को जारी किए गए हैं।

धनराशि जारी होने के बाद सेक्टर-94 स्थित रायपुर गांव से सेक्टर-135 के नंगली वाजिदपुर तक यमुना पुस्ता मार्ग के दोनों ओर और बीच में उगी कंटीली झाड़ियों की कटाई-छंटाई तथा कूड़े की सफाई का कार्य शुरू हो गया है।

### वर्षों से कर रहे थे शिकायत

ग्राम विकास संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने बताया कि इस मार्ग की सफाई और मरम्मत के लिए वर्ष 2021 से लगातार शिकायतें की जा रही थीं। वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री जनसुनवाई एवं आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत संख्या 40014123027859 दर्ज कराई गई थी। इसके बाद 31 अगस्त 2024 को 40014124021755 और 40014124021758 तथा 28 अगस्त 2025 को 40014125031556 शिकायत दर्ज कराई गई।

उन्होंने बताया कि मार्ग पर जगह-जगह कंटीली झाड़ियां और कीकर उग आए थे तथा कूड़े के ढेर लगे हुए थे। लगातार शिकायतों और प्रयासों के बाद अब सफाई एवं मरम्मत का कार्य शुरू हुआ है।

### कई गांवों और सेक्टरों को मिलेगा लाभ

अशोक चौहान ने कहा कि सड़क के पूरी तरह दुरुस्त होने से रायपुर, बख्तावरपुर, असगरपुर, गढ़ी शाहपुर, शाहपुर गोवर्धनपुर, नंगली नंगला, नंगली शकरपुर, नंगली वाजिदपुर, छपरौली और दोस्तपुर मंगरौली सहित आसपास के गांवों के लोगों को वैकल्पिक मार्ग मिलेगा। सेक्टर-126 से 135 तथा सेक्टर-168 के निवासियों को भी इसका लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के बेहतर होने से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर यातायात का दबाव कम करने में मदद मिल सकती है।

# साइबर अपराध की जांच में अब और दक्ष होगी नोएडा पुलिस



## पुलिसकर्मियों को क्रिप्टोकरेंसी, ब्लॉकचेन, सीडीआर और आईपीडीआर समेत डिजिटल साक्ष्यों के संरक्षण का दिया गया प्रशिक्षण

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा, 31 अगस्त। साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों से निपटने और तकनीकी आधार पर विवेचना को मजबूत करने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की ओर से सोमवार को एक दिवसीय साइबर जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित की गई। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया।

सहायक पुलिस आयुक्त, साइबर विवेक रंजन राय के नेतृत्व में आयोजित कार्यशाला में साइबर अपराध मुख्यालय, उत्तर प्रदेश द्वारा अनुबंधित साइबर विशेषज्ञ डॉ. रक्षित टंडन ने प्रशिक्षण दिया। इसमें साइबर अपराध थाना, जोनल साइबर सेल, सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ, वर्ष 2023 बैच के उपनिरीक्षक तथा विभिन्न थानों के साइबर सहायता केंद्रों पर तैनात पुलिसकर्मी शामिल हुए।

प्रशिक्षण के दौरान साइबर अपराधों की रोकथाम, जन-जागरूकता, डिजिटल साक्ष्यों के संरक्षण और वैज्ञानिक तरीके से विवेचना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों को क्रिप्टोकरेंसी, ब्लॉकचेन तकनीक, सीडीआर और आईपीडीआर सहित विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में साइबर अपराधियों की नई कार्यप्रणाली की पहचान, डिजिटल एवं तकनीकी साक्ष्यों का सुरक्षित संकलन, उनका विश्लेषण तथा न्यायालय में प्रभावी प्रस्तुतीकरण जैसे विषयों पर भी व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराध के बदलते स्वरूप को देखते हुए पुलिसकर्मियों की तकनीकी दक्षता बढ़ाना आवश्यक है। कार्यशाला का उद्देश्य साइबर शिकायतों पर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के साथ वैज्ञानिक एवं निष्पक्ष विवेचना सुनिश्चित करना है। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से कहा गया कि साइबर अपराधों की रोकथाम और प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस बल की तकनीकी क्षमता को लगातार मजबूत किया जा रहा है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिसकर्मियों को नई तकनीकों और साइबर अपराध के आधुनिक तरीकों से अवगत कराया जाता रहेगा।

# स्ट्रीट लाइट की शिकायत अब मोबाइल एप से होगी दर्ज, ऑनलाइन देख सकेंगे स्थिति

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा, 31 अगस्त। नोएडा में स्ट्रीट लाइट से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए नोएडा प्राधिकरण ने नई सुविधा शुरू की है। प्राधिकरण के विद्युत एवं यांत्रिक विभाग की ओर से ह्यनोएडा स्मार्ट एलईडी लाइटह्न मोबाइल एप उपलब्ध कराया गया है। इसके माध्यम से नागरिक स्ट्रीट लाइट से संबंधित शिकायत घर बैठे दर्ज करा सकेंगे और शिकायत की स्थिति भी ऑनलाइन देख सकेंगे।

प्राधिकरण के अनुसार एप को एप्पल ऐप स्टोर और गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। नागरिकों को स्ट्रीट लाइट खराब होने, बंद रहने अथवा अन्य संबंधित समस्या की शिकायत दर्ज कराने के लिए एप का उपयोग करने की सुविधा दी गई है।

इसके अलावा स्ट्रीट लाइट से संबंधित शिकायतों के लिए प्राधिकरण ने टोल-फ्री नंबर 18001029574 भी जारी किया है। प्राधिकरण का उद्देश्य शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करना और नागरिकों को स्ट्रीट लाइट व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं के लिए सरल एवं पारदर्शी शिकायत प्रणाली उपलब्ध कराना है।

# ग्रेटर नोएडा में खुलेगा ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय का कैंपस, छात्रों को नहीं जाना पड़ेगा विदेश

## वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के 'जलसेतु' कैंपस की घोषणा, जल सुरक्षा, महिला सशक्तीकरण, नवाचार और कौशल विकास पर रहेगा जोर

संदीप गर्ग/समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, 31 अगस्त। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में साझेदारी को नई दिशा देते हुए वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ने ग्रेटर नोएडा में अपने नए कैंपस की स्थापना की औपचारिक घोषणा की है। उत्तर प्रदेश में पहली बार किसी विदेशी विश्वविद्यालय का कैंपस खुलने से प्रदेश के विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा के लिए विदेश जाने की आवश्यकता कम होगी। प्रस्तावित कैंपस को ह्यजलसेतुह्न नाम दिया गया है।

सोमवार को दिल्ली स्थित नेशनल एग्रीकल्चर साइंस कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर क्रिस मिन्स ने उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय की मौजूदगी में कैंपस की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी, अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौम्य श्रीवास्तव, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेरणा सिंह, न्यू साउथ वेल्स के कोषाध्यक्ष डेनियल मुकी



तथा वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के कुलपति एवं अध्यक्ष विशिष्ट प्रोफेसर जॉर्ज विलियम्स एओ सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### इसी वर्ष दिसंबर में शुरू होने की तैयारी

जानकारी के अनुसार वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का कैंपस ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय परिसर के टावर-2 में स्थापित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय ने यहां तीन तल लिए हैं और इसे इसी वर्ष दिसंबर में शुरू करने की तैयारी है। कैंपस के माध्यम से युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा और कौशल प्रदान करने पर जोर दिया जाएगा, जिससे रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिल सके।

विश्वविद्यालय भारत में महिला सशक्तीकरण, व्यवसाय, आंकड़ा विज्ञान, नवाचार और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में अपनी साझेदारी को भी विस्तार देगा। इसके लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की गई है। इसका उद्देश्य भारतीय विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा, शोध और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराना है।

वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के कुलपति जॉर्ज विलियम्स एओ ने कहा कि भारत के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है।

### जल सुरक्षा पर शोध का केंद्र बनेगा 'जलसेतु'

ग्रेटर नोएडा में स्थापित होने वाला कैंपस 'जलसेतु सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में भी कार्य करेगा। यह केंद्र उत्तर प्रदेश में जल सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए शोध संस्थानों, सरकार, उद्योग और स्थानीय समुदायों को एक मंच पर लाने का प्रयास करेगा। केंद्र में भूजल की स्थिरता, नदियों का स्वास्थ्य, सतत सिंचाई और शहरी जल प्रबंधन जैसे विषयों पर शोध और नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा। विश्वविद्यालय ने सतत जल प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने की भी घोषणा की है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को शोधकताओं, नीति-निमार्ताओं, सरकारी संस्थानों, बैंकों और उद्योग विशेषज्ञों के साथ जोड़कर जल संबंधी चुनौतियों के व्यावहारिक समाधान तलाशने पर जोर दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय का उद्देश्य युवाओं को ऐसे अवसर उपलब्ध कराना है, जिनके माध्यम से वे भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास में सार्थक योगदान दे सकें।

न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर क्रिस मिन्स ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित कैंपस भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शिक्षा और ज्ञान का सेतु बनेगा। इससे भारतीय विद्यार्थियों को वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी की अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा अपने देश में ही प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एनजी रवि कुमार ने भी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर कैंपस की स्थापना में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### 50 हजार विद्यार्थी ले रहे शिक्षा

वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में करीब 50 हजार विद्यार्थी नियमित रूप से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। टाइम्स हायर एजुकेशन की यूनिवर्सिटी इम्पैक्ट रैंकिंग में विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त होने का दावा किया गया है। ग्रेटर नोएडा में कैंपस खुलने से भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच शिक्षा, शोध, नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग बढ़ने की उम्मीद है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को किया जागरूक

## नोएडा पुलिस की महिला सुरक्षा टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर चलाया अभियान, साइबर अपराध और हेल्पलाइन की दी जानकारी

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा, 31 अगस्त। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के उद्देश्य से नोएडा पुलिस की महिला सुरक्षा टीम ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस आयुक्त के निर्देशन तथा महिला सुरक्षा पुलिस उपायुक्त की निगरानी में मिशन शक्ति-5 के द्वितीय चरण के तहत यह अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, साइबर अपराधों तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने किसी भी आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया। महिला सुरक्षा टीम ने जागरूकता संबंधी पर्चे वितरित कर महिलाओं को अपराधों के प्रति सतर्क रहने तथा किसी भी घटना या परेशानी की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और छात्राओं को किया जागरूक

## नोएडा पुलिस की महिला सुरक्षा टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर चलाया जागरूकता अभियान, साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा, 31 अगस्त। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा तथा उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नोएडा पुलिस की महिला सुरक्षा टीम ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस आयुक्त के निर्देशन और महिला सुरक्षा के पुलिस उपायुक्त की निगरानी में मिशन शक्ति-5 के द्वितीय चरण के तहत यह अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, साइबर अपराधों तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। पुलिस टीम



ने आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया। महिला सुरक्षा टीम ने जागरूकता सामग्री और पर्चे वितरित कर महिलाओं को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान महिला सशक्तीकरण, सुरक्षा और साइबर अपराधों से सतर्क रहने पर विशेष जोर दिया गया। नोएडा पुलिस की ओर से बताया गया कि महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने तथा उन्हें अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रखे जाएंगे।

# ठाकुरद्वारा मंदिर बडौत में रामलीला के लिए किया ध्वजारोहण

**समाज जागरण बागपत।**



प्रेम मंडल श्री सनातन धर्म ठाकुरद्वारा मंदिर बड़ौत में होने वाली रामलीला के ध्वजारोहण किया गया, इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सनातन धर्म ठाकुरद्वारा मंदिर में पंडित पवन शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा- अर्चना के साथ कराया। पूजा- अर्चना के बाद रामलीला के पवित्र ध्वज को बैंड-बाजों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पंचवटी मंदिर तक ले जाया गया। ध्वज यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के उदघोष लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह लोगों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। पंचवटी मंदिर पहुंचने पर विधि-विधान के साथ रामलीला का ध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण के साथ ही बड़ौत में रामलीला के भव्य मंचन की तैयारियों का औपचारिक शुभारंभ हो गया। इस दौरान प्रेम मंडल के पदाधिकारियों, सदस्यों और रामलीला कलाकारों ने आगामी आयोजन को भव्य और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान नगर में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए और रामलीला के सफल आयोजन की कामना की। इस अवसर पर ठाकुरद्वारा मंदिर के प्रधान रमेश शर्मा, रामलीला अध्यक्ष आशीष वर्मा, दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष पवन माहेश्वरी, महामंत्री प्रमोद गुप्ता, मीडिया प्रभारी अंकित वर्मा, पंडित दीपांशु कौशिक, एडवोकेट अमित वशिष्ठ, सुप्रसिद्ध समाजसेवी संजय शर्मा उर्फ सोनू, अमित शर्मा, ब्रिजेश शर्मा, अमन शर्मा, सोनू शर्मा, दीपांशु गुप्ता, कुलदीप वर्मा, सेवा राम, विकास, अतुल जैन, शिवम गोयल, संजय वर्मा, अनिल गुप्ता, अनुराग शर्मा सहित प्रेम मंडल के पदाधिकारी, सदस्य और रामलीला कलाकार मौजूद रहे।

# करुणा, सहनशीलता और परपीड़ा में संवेदना ही धर्म की महानता : आचार्य आर्जवसागर

**समाज जागरण बागपत।**




बडौत में चल रहे लोक कल्याण महामंडल विधान के दूसरे दिन आचार्य श्री आर्जव सागर महाराज के सानिध्य में जैन श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से विनय सम्पन्नता भावना की पूजन की। सौधर्म इन्द्र इंद्राणी का सौभाग्य राजेश जैन संगीता जैन भारती को प्राप्त हुआ।ब्रह्मचारी गौरव भैया और ऋषिका दीदी के निर्देशन में जैन श्रद्धालुओं ने महावीर भगवान की भक्ति भाव से अष्ट द्रव्यों से पूजन की।सौधर्म इन्द्र द्वारा मंडल पर 21 अर्ग समर्पित किए गए। संगीतकार संतोष म्यूजिकल ग्रुप के भजन मैने प्रभुजी के चरण पखारे को विशेष रूप से सराहा गया। इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए परम पूज्य अध्यात्म योगी, आचार्य श्री आर्जवसागर महाराज ने कहा कि करुणा, सहनशीलता और परपीड़ा में संवेदना ही धर्म की महानता है। उन्होंने कहा कि धर्म की वास्तविक महानता इस बात में है कि व्यक्ति अपनी आपत्ति-विपत्ति को समता और शांति के साथ सहन करे, लेकिन दूसरों पर आई विपत्ति को देखकर शांत न बैठे, बल्कि उनकी सहायता और संरक्षण के लिए तत्पर हो जाए। आचार्यश्री ने कहा कि अपनी पीड़ा पर तो प्रत्येक व्यक्ति की आंखों में आंसू आ जाते हैं और अपनी पीड़ा में पशु भी कराह उठता है, लेकिन जो दूसरों की पीड़ा को देखकर द्रवित हो जाए और उनकी सहायता के लिए आगे आए, वही सच्चे अर्थों में मानवता का परिचय देता है। अपनी पीड़ा में मजबूत बने रहना और पराई पीड़ा में संवेदनशील होना ही धर्म की गहराई को प्रकट करता है। उन्होंने गुरुदेव आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के जीवन का स्मरण करते हुए कहा कि उनके जीवन में अनेक कठिन परिस्थितियां आईं और स्वास्थ्य भी प्रतिकूल रहा, लेकिन अपनी व्याधियों और परेशानियों के समय वे अत्यंत सुदृढ़ एवं शांत रहते थे। आचार्यश्री ने कहा कि यही संत और नवनीत में अंतर है। नवनीत अपने ऊपर आई आंच से पिघलता है, जबकि संत स्वयं कठिनाइयों को सहन करते हुए दूसरों की पीड़ा देखकर द्रवित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य गृहस्थ भी यदि बीमारी, वृद्धावस्था, व्यापारिक परेशानी अथवा किसी अन्य संकट से पीड़ित होकर गुरुओं की दृष्टि में आ जाता, तो वे उसके प्रति करुणा एवं आशीर्वाद प्रकट करते हैं। अपरिचित व्यक्ति भी यदि किसी परेशानी में दिखाई देते हैं तो उनकी संवेदना सहज रूप से उसके प्रति जागृत हो जाती है। करुणा का विस्तार सभी प्राणियों तक हो। आचार्य श्री आर्जवसागर महाराज ने कहा कि करुणा केवल अपने परिवार अथवा परिचितों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उसका विस्तार सभी प्राणियों तक होना चाहिए। रक्षाबंधन वात्सल्य पर्व हमें स्नेह, करुणा और परस्पर सहयोग की भावना को व्यापक बनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि परिवार, रिश्तेदार, समाज तथा जैन-जैनेतर सभी समुदायों के बीच सद्भाव, सम्मान और सहयोग की भावना विकसित होनी चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन प्रातःकाल संपूर्ण प्राणी-जगत के सुख एवं कल्याण की भावना करे। आचार्यश्री ने कहा कि जिस प्रकार णमोकार मंत्र हमारे परिणामों को शुद्ध करने का माध्यम बनता है, उसी प्रकार समस्त जीवों के प्रति मंगल भावना भी हमारे अंतर्मन को निर्मल करती है। ऐसी भावना से समाज में सद्भाव बढ़ेगा, पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित होगी और मानव जीवन अधिक शांतिमय बनेगा। सभा में मुकेश जैन, वरदान जैन, राकेश जैन, प्रदीप जैन, विकास जैन, सुनील जैन, सतेंद्र जैन, अनिल जैन अंकुर जैन, संजीव जैन, संजय जैन आदि उपस्थित थे।

# बिजरौल रोड फ्लाईओवर के बराबर में सर्विस रोड बनाने की मांग

## व्यापारियों ने कहा- बिनौली रोड की तर्ज पर बने 20 फुट की सर्विस रोड

**समाज जागरण**



बड़ौत। शहर के बिजरौल रोड पर फ्लाईओवर ब्रिज के बराबर में सर्विस रोड बनाने की मांग तेज हो गई है। नगर के व्यापारियों और नागरिकों ने कहा कि जिस तरह बिनौली रोड फ्लाईओवर के बराबर में 20 फुट की सर्विस रोड बनी हुई है, उसी तर्ज पर बिजरौल रोड फ्लाईओवर के बराबर में भी सर्विस रोड बनाई जाए।व्यापारियों का कहना है कि सर्विस रोड बनने से आम नागरिकों, व्यापारियों और वाहन चालकों को सुविधा मिलेगी। बिजरौल-बुढ़ाना मार्ग पर व्यापारी लगातार इस मांग को उठा रहे हैं। सर्विस रोड के अभाव में छोटे वाहनों को आवागमन में परेशानी हो रही है और जाम की समस्या बनी रहती है। नागरिकों ने कहा कि सर्विस रोड बनने से आवागमन सुगम हो जाएगा, दुर्घटनाओं से निजात मिलेगी और जाम जैसी समस्याओं से भी छुटकारा मिलेगा। इस मांग को लेकर सभासद विक्रांत चौधरी, मोहित चौहान, विनय चौधरी, रमेश चौधरी, पूर्व प्रधान धर्मपाल सिंह, नवाब सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, बंटी, राहुल कुमार, संजीव कुमार, सुनील कुमार शर्मा के अलावा सुरेश गुप्ता, महेंद्र सिंह बिजरौल, रविंद्र बिजरौल, सुदेश पाल सिंह, रामकुमार, विजेंद्र सिंह, हरपाल चौधरी, सतबीर सिंह सहित कई व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सर्विस रोड निर्माण की मांग की है।

# बड़ौत विधानसभा का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी : सचिन शर्मा

## बसपा प्रत्याशी ने कहा- 2027 में बनेगी बसपा सरकार, बहन मायावती बनेंगी मुख्यमंत्री

**समाज जागरण**




बड़ौत। बड़ौत विधानसभा-51 से बसपा प्रत्याशी पंडित सचिन शर्मा ने शनिवार को शहर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बड़ौत विधानसभा क्षेत्र का विकास कराना ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी। जनता का जो आशीर्वाद मिल रहा है, उसके लिए वे हमेशा जनता के दुख-सुख में 24 घंटे साथ रहने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बसपा के शासनकाल में भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म कर दिया गया था। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के शासनकाल में गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार से मुक्त, भयमुक्त समाज रहा है और प्रदेश में विकास कार्यों की गंगा बह रही थी। सचिन शर्मा ने कहा कि बसपा उत्तर प्रदेश में ऐसी पार्टी है जो सबको साथ लेकर चलती है। आपसी भाईचारे के साथ किसान, मजदूर और व्यापारी आज भी बसपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। बसपा आज भी सभी वर्गों को एक साथ लेकर चलने का काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में बसपा की सरकार बनेगी और बहन मायावती मुख्यमंत्री बनेंगी। इस समय उत्तर प्रदेश में बसपा का जनाधार लगातार बढ़ रहा है, जिससे विरोधी राज नीतिक दल बेचैन दिखाई दे रहे हैं।

# गढ़ी कलंजरी में किसान महापंचायत, भूमि अधिग्रहण पर रखी मांग

**समाज जागरण**

बागपत। गढ़ी कलंजरी में किसान महापंचायत हुई, जिसमें 12 गांवों के किसानों ने यूपीसीडा द्वारा 2000 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट की।भूपेंद्र यादव के आवास पर हुई पंचायत में किसानों ने एकमत होकर निर्णय लिया कि या तो उनकी मांगें मानी जाएं या फिर बैनामों पर लगी रोक हटाई जाए। किसानों ने प्रशासन पर स्थिति स्पष्ट न करने और गुमराह



करने का आरोप लगाया। पंचायत में तय किया गया कि जल्द ही किसानों का प्रतिनिधिमंडल डीएम बागपत को निर्णय से अवगत कराएगा और बैनामे पर लगी रोक हटाने का आग्रह करेगा।पंचायत की अध्यक्षता महेश सोती ने की और संचालन सूर्यांश यादव ने किया। इस दौरान जगत, महकार, रामे, रोहित, लवेश, कुलदीप, सचिन आर्य, धीरज, मुनिपाल, बालोरी प्रधान, बिजेंद्र, टीका यादव, कांशी प्रधान, रविशंकर शर्मा, सुनील त्यागी, गौरव, संजीव, विक्रम, विनेश, वीरेंद्र, भोपाल प्रधान, महावीर, जगन मास्टर, जगदीश, आदेश यादव और चिंटू शर्मा सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को योगी सरकार देगी आयुष्मान का 'कवच'

## सोनभद्र में 3.55 लाख महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य

**समाज जागरण/**
**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ही अब योगी सरकार उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का भी सुरक्षा कवच देने की तैयारी में जुटी है। जनपद सोनभद्र में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़े स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आयुष्मान योजना से जोड़ने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इसके तहत जिले की करीब 3 लाख 55 हजार महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सरकार की मंशा है कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी कोई भी पात्र महिला गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक संकट का सामना न करे। आयुष्मान योजना के तहत पात्र परिवारों को सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा मिलती है। योजना से महिलाओं को जोड़ने के बाद उन्हें इलाज के खर्च की चिंता से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।एनआरएलएम के उपायुक्त रविंद्र वीर सिंह ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आयुष्मान योजना का लाभ दिलाने के लिए समूह स्तर पर पात्र महिलाओं की जानकारी जुटाने के साथ ही उन्हें योजना से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है।

जनपद में वर्तमान में 16 हजार 500 समूह सक्रिय हैं, जिनसे 1 लाख 96 हजार महिलाएं जुड़ी हुई हैं। शासन की ओर से 3 लाख 55 हजार महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके तहत शेष 1 लाख 59 हजार महिलाओं को नए समूह का गठन करने के साथ ही विभिन्न स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जाएगा। सोनभद्र की बड़ी आबादी को मिल सकेगा कैशलेस इलाज उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं का ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक नेटवर्क है। ऐसे में समूह की महिलाओं को आयुष्मान योजना से जोड़ने से बड़ी संख्या में परिवारों तक स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ पहुंचाया जा सकेगा। इसके लिए संबंधित विभागों और स्वयं सहायता समूहों के स्तर पर समन्वय स्थापित कर काम किया जा रहा है। बताते चलें कि ग्रामीण महिलाओं के लिए यह पहल आर्थिक सशक्तीकरण के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

सोनभद्र जैसे बड़े और भौगोलिक रूप से विस्तृत जनपद में 3.55 लाख महिलाओं को आयुष्मान योजना से जोड़ने का लक्ष्य पूरा होने पर बड़ी आबादी को कैशलेस उपचार की सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

# कनाडा वीजा फ्रॉड मामले में आरोपियों को हाईकोर्ट से राहत

## -अधिवक्ता शिवांक अग्रवाल की पैरवी से FIR क्वैश

**समाज जागरण बागपत/मेरठ।**



मेरठ के थाना रेलवे रोड में दर्ज कनाडा वीजा फ्रॉड के मामले में आरोपियों को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत मिली है। आरोप है कि कनाडा का वीजा दिलाने के नाम पर शिकायतकर्ता से करीब 12 लाख रुपये की रकम लेने के बाद आरोपी फरार हो गए थे, जिसके बाद थाना रेलवे रोड, मेरठ में FIR संख्या 159/2025 दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन मेरठ एसएसपी अविनाश पांडे ने जांच को सामान्य विवेचक के स्तर से हटाकर स्वयं थाना प्रभारी विजय कुमार को सौंप दिया था। इसके बाद मुकदमे के दौरान दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हुआ और सेटलमेंट एफिडेविट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आरोपियों की ओर से अधिवक्ता शिवांक अग्रवाल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 528 (पूर्ववर्ती धारा 482 CrPC) के तहत क्वैशिंग पिटिशन दाखिल कर प्रभावी पैरवी की। सुनवाई के उपरांत हाईकोर्ट ने समझौते के आधार पर FIR संख्या 159/2025 को क्वैश कर दिया, जिससे कनाडा में रह रहे आरोपियों को भी मामले में न्यायिक राहत प्राप्त हुई।

# परिषदीय विद्यालयों में मेधावी छात्र चयन परीक्षा का आयोजन

## 9 सितम्बर को जनपद स्तरीय परीक्षा में शामिल होंगे ब्लॉक स्तर पर चयनित नौनिहाल

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद सोनभद्र के परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की शैक्षिक प्रतिभा को पहचानने एवं उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मेधावी छात्र चयन परीक्षा-अगस्त 2026 का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के माध्यम से कक्षा 3, 5, 6 एवं 8 के मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन किया जा रहा है। वर्तमान में विद्यालय एवं संकुल स्तर पर परीक्षा एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया संचालित है। विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जा रहा है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को उचित मंच प्रदान किया जा रहा है। विभागीय कार्ययोजना के अनुसार विद्यालय स्तर पर चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं के पश्चात संकुल स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। संकुल स्तर पर चयनित मेधावी छात्र आगामी ब्लॉक स्तरीय परीक्षा/प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद ब्लॉक स्तर पर चयनित छात्र-छात्राएं 9 सितम्बर 2026 को आयोजित होने वाली जनपद स्तरीय मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिन विकास खण्डों में वृहद स्तर पर आयोजन में किसी प्रकार की कठिनाई आ रही है, वहां संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा में संबंधित स्तर के शीर्ष/प्रथम मेधावी छात्र को ही आमंत्रित किया जाए, जिससे चयन प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। मेधावी छात्र चयन परीक्षा के अंतर्गत चयनित एवं सम्मानित छात्र-छात्राओं का विवरण व्यवस्थित रूप से ऑनलाइन अप लोड किया जा रहा है। इस संबंध में नोडल संकुल शिक्षकों एवं संकुल शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने सेवित क्षेत्र के विद्यालयों में सम्मानित किए जाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्पूर्ण विवरण तथा कार्यक्रम की तस्वीरें निर्धारित लिंक/क्यूआर कोड के माध्यम से अनिवार्य रूप से अपलोड करें। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में संचालित यह पहल परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रुचि, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के साथ ही उनकी प्रतिभा को पहचानकर आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# पैसों के लेनदेन को लेकर भिड़े दो पक्ष, पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ सन्तोष कुमार**



बीजपुर/ सोनभद्र। थाना क्षेत्र के महुली गांव में रविवार को पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में गाली-गलौज शुरू हो गई और मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्ष शांत होने को तैयार नहीं हुए। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, महुली गांव में रामप्रकाश और लाल बिहारी व दूसरे पक्ष से अनुक कुमार और ब्रह्मदेव के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर कहासुनी हो रही थी। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने के दौरान भी दोनों पक्षों के लोग आपस में गाली-गलौज करने लगे और मारपीट पर आमादा हो गए। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने हमराह कांस्टेबल प्रकाश कुमार के सहयोग से चारों को रविवार दोपहर महुली गांव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चारों के विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय दुद्धी भेज दिया। गिरफ्तार किए गए लोगों में रामप्रकाश पुत्र रामस्वरूप (27), लाल बिहारी पुत्र वंशरूप (32), अनुक कुमार पुत्र जय कुमार (24) और ब्रह्मदेव पुत्र रामलल्लू (18) सभी निवासी ग्राम महुली, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र शामिल हैं। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह एवं कांस्टेबल प्रकाश कुमार शामिल रहे।

# अमीनगर सराय में नेत्रदान जागरुकता के तहत पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता

**समाज जागरण**



बागपत। जिला रेडक्रॉस समिति बागपत और लायंस क्लब मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 40वें नेत्रदान जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को आचार्य जय सागर कन्या इंटर कॉलेज अमीनगर सराय में पोस्टर पेंटिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता हुई। प्रधानाचार्य अनीता जैन ने बताया कि शुभारंभ सुबह 10 बजे समाजसेवी ईश्वर दयाल अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक और जिला रेडक्रॉस समिति के सचिव अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि समाज को नेत्रदान के प्रति जागरूक करने के लिए यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है और प्रत्येक विद्यालय के चार टॉपर छात्र-छात्राओं को जियालाल प्रेमवती अग्रवाल स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा 12 की वंशिका प्रथम, अरबीस द्वितीय और कक्षा 10 की सोफिया तृतीय रही। स्लोगन प्रतियोगिता में कक्षा 9 की नबा प्रथम, अक्सा और आयशा द्वितीय और कक्षा 11 की इंसा सैफी तृतीय रही। निर्णायक मंडल में आशा यादव, सारिका शर्मा और प्रिया जैन शामिल रहीं। दोनों प्रतियोगिताओं की प्रथम दो टॉपर छात्राओं को रेडक्रॉस सोसाइटी बागपत द्वारा जल्द ही सम्मानित किया जाएगा।

# रक्षा मंत्री नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के 16 रक्षा उपक्रमों के वार्षिक कार्य-निष्पादन की समीक्षा करेंगे

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 1 सितंबर, 2026 को नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के 16 रक्षा उपक्रमों (डीपीएसयू) के वार्षिक कार्य-निष्पादन की समीक्षा करेंगे। इस दौरान नई स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास और निर्यात को बढ़ावा देने के महत्व पर विशेष बल दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के सात रक्षा उपक्रमों - हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल), गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई), बीईएमएल और मिधानी (एमआईडीएचएएनआई) - के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार की इक्विटी हिस्सेदारी पर प्राप्त लाभांश के चेक रक्षा मंत्री को सौंपेंगे। इस अवसर पर श्री राजनाथ सिंह चार पुस्तकों का विमोचन करेंगे। इनमें 'आत्मनिर्भर डीपीएसयू - आत्मनिर्भरता की दिशा में डीपीएसयू की यात्रा'; 'दिशा (डीआईएसएचए)'- रक्षा प्रौद्योगिकियों और आधुनिक विनिर्माण प्रक्रियाओं के संबंध में विद्यार्थियों को व्यावहारिक जानकारी देने के लिए डीपीएसयू की एक पहल है; 'एचएएल का आधुनिकीकरण रोडमैप' तथा 'एचएएल का स्वदेशीकरण रोडमैप' शामिल हैं।

गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2025-26 में डीपीएसयू का कार्य-निष्पादन सराहनीय रहा है। उनका कुल कारोबार 1.29 लाख करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़ों की तुलना में 15.4 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2025-26 में डीपीएसयू ने कुल 23,136 करोड़ रुपये का कर पश्चात संचयी लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15.6 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। विशेष रूप से, 2025-26 में डीपीएसयू के निर्यात में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 151.2 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

# वाणिज्य सचिव श्री राजेश अग्रवाल ने भारत - ब्राजील व्यापार निगरानी तंत्र की 8वीं बैठक की सह-अध्यक्षता की

भारत और ब्राजील ने व्यापार और आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई; 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य 30 अरब अमेरिकी डॉलर रखा गया भारत-मर्कोसुर संदर्भ शर्तों की समीक्षा की गई; भारत और ब्राजील ने भारतीय फार्मास्यूटिकल उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई भारत और ब्राजील ने कृषि बाजार पहुंच और व्यापार सुगमता को आगे बढ़ाया; ब्रिक्स, जी20 और डब्ल्यूटीओ से जुड़े मुद्दों पर सहयोग मजबूत करने का निर्णय वाणिज्य सचिव ने भारत-ब्राजील उच्च स्तरीय व्यापार स्वागत समारोह में 25 से अधिक भारतीय कंपनियों वाले व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया भारत-ब्राजील व्यापार निगरानी तंत्र (टीएमएम) की 8वीं बैठक ब्राजील के ब्रासीलिया में संपन्न हुई।

इस बैठक की सह-अध्यक्षता वाणिज्य सचिव श्री राजेश अग्रवाल और ब्राजील की विदेश व्यापार सचिव सुश्री तातियाना लैसर्दा प्राजेरेस ने की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा के नेतृत्व में द्विपक्षीय संबंधों को मिली मजबूत राजनीतिक गति को आगे बढ़ाते हुए, बैठक में भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को रेखांकित करने वाले मजबूत संस्थागत ढांचे और रणनीतिक एवं आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए

# 103 पम्प कर्मियों को वापिस लिये जाने की मांग करते हुए अनशन पर बैठे

### नगर आयुक्त ने 05 दिन का आश्वासन देकर अनशन समाप्त कराया

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद, कॉंग्रेस के पूर्व जिला ध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता धर्म सिंह यादव के नेतृत्व में सोमवार 31 अगस्त को नगर निगम परिसर में एकत्रित होकर अनशन पर बैठे जिसमें 103 ट्यूबवैल ऑपरेटरों को वापिस लिए जाने की माँग की गयी अनशन की जानकारी मिलते ही नगर आयुक्त प्रशांत नागर वहाँ पहुँचे और बातचीत के बाद 05 दिन का समय देकर अनशन समाप्त कराया नगर निगम में 103 ट्यूबवैल ऑपरेटरों को सवेतन नौकरी पर लेने के न्यायालय के आदेश का पालन नहीं होने का आरोप लगाते हुए कॉंग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं अधिवक्ता धर्म सिंह यादव द्वारा 31 अगस्त से अनशन शुरू करने की घोषणा की गयी थी। जिसको लेकर आज दिन सोमवार 31 अगस्त को सुबह 10 बजे से नगर निगम परिसर में अनशन शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि श्रम न्यायालय ने श्रम कानून के तहत न्यूनतम वेतन सहित 103 ट्यूबवैल ऑपरेटरों को सवेतन नौकरी पर लेने का आदेश दिया था। श्रम न्यायालय के आदेश के खिलाफ नगर निगम फिरोजाबाद ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल की थीं। दोनों न्यायालयों ने नगर निगम की याचिकाओं को खारिज करते हुए श्रम न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। धर्म सिंह यादव का आरोप है। कि इसके बावजूद आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश की अवहेलना न्यायालय की अव मानना है। उन्होंने मांग की कि 103 ट्यूबवैल ऑपरेटरों को न्यायालय के आदेश के अनुसार न्यूनतम वेतन सहित सवेतन नौकरी पर लिया जाये। निगम परिसर में चल रहे अनशन की जानकारी मिलते ही नगर आयुक्त प्रशान्त नागर अनशन स्थल पर पहुँचे और उन्होंने अनशन पर बैठे वरिष्ठ अधिवक्ता धर्म सिंह यादव से अनशन के बारे में जानकारी की। तो वरिष्ठ अधिवक्ता ने उन्हें बताया कि निगम द्वारा जो 103 ऑपरेटरों को न्यायालयों के आदेश के बाद भी उन्हें वापिस नही लिया गया है।

उसके विरोध में हम लोग यहां पर एकत्रित हुए है। तब नगर आयुक्त ने उन्हें विश्वास दिलाते हुए पाँच दिन का समय दिया देते हुए धरना समाप्त करने को कहा। जिसके बाद धर्म सिंह यादव ने उनकी बात मानते हुए कहा कि हमारी तरफ से 06 दिन दिये जायेंगे। अनशन के दौरान कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष धर्म सिंह यादव, रामदास मानव, विशाल दीक्षित के अलावा अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# प्रसव के बाद महिला की तबीयत बिगड़ने से मौत, हंगामा

### थाना रसूलपुर पुलिस ने पहुंच परिजन को कराया शांत, शव पोस्टमार्टम को भेजा

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद सोमवार सुबह एक महिला की मौत हो गई। परिजन ने हंगामा करना कर दिया। सूचना पर इलाका पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने परिजन को समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग को मामले की जानकारी दे दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।



गली नंबर- तीन 30 फुटा रोड थाना रसूलपुर निवासी मोहसिन की पत्नी मंतशा (24) को शनिवार को प्रसव पीड़ा का तेज दर्द उठा। परिजन उसे लेकर नैनी ग्लास चौराहा के पास स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर लिया। उसी दिन रात को उसने ऑपरेशन से एक बेटी को जन्म दिया। इससे परिवार में खुशी का माहौल पैदा हो गया। रविवार रात को आवश्यकता होने पर ब्लड चढ़ाया गया। इसके बाद सोमवार सुबह करीब चार बजे तबीयत बिगड़ने लगी। पति मोहसिन ने बताया कि उसने चिकित्सक को कई फोन किए, लेकिन चिकित्सक ने फोन नहीं उठाया। नर्स द्वारा सुबह एक इंजेक्शन लगाया गया। उसके थोड़ी देर बाद मंतशा का शरीर ठंडा पड़ता चला गया और उसने दम तोड़ दिया। जानकारी होते ही परिजन ने हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को समझा- बुझाकर मामला शांत करा दिया। वहीं, पुलिस ने सीएमओ कार्यालय पर घटना की जानकारी दी। मंतशा अपने पीछे पांच वर्षीय बेटी आयशा और तीन वर्षीय बेटी फिजा को रोता- बिलखता छोड़ गई है। पति मोहसिन चूड़ी छटाई का काम कर परिवार का पालन पोषण करता है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग मामले की जांच कर रहा है।

# 23 मिशन शक्ति केंद्रों की टीमों को मिला विशेष प्रशिक्षण, साइबर अपराध से निपटने पर जोर

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति-05 अभियान के तहत रविवार को पुलिस लाइन के बहुउद्देशीय हॉल में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। इसमें जिले के सभी 23 मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभारी, टीम सदस्य और महिला रिक्रूट्स ने प्रशिक्षण लिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में अपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण की दी जानकारी प्रशिक्षण में मिशन शक्ति केंद्र पोर्टल के संचालन और उस पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण की प्रक्रिया समझाई गई। महिलाओं से जुड़े आधुनिक और साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए एसओजी, सर्विलांस और साइबर सेल की कार्यप्रणाली की भी जानकारी दी गई। पीड़ित महिला को एक ही स्थान पर मिलेगी मदद अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति केंद्र का उद्देश्य थाने पहुंचने वाली पीड़ित महिला को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना है। पीड़िता की अगवानी से लेकर काउंसलिंग, कानूनी और चिकित्सकीय सहायता तथा पुनर्वास तक की प्रक्रिया को महिला केंद्रित बनाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में एंटी रोमियो स्क्वाड, महिला बीट और महिला हेल्प डेस्क के प्रभावी संचालन, महिला अपराधों से जुड़े मुकदमों की मॉनीटरिंग और महिलाओं के अधिकारों व सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। फिरोजाबाद पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के साथ शिकायतों के निस्तारण में जवाबदेही सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई।



# मदद के बहाने बाइक पर बैठाया, महिला के आभूषण लेकर भागे

### मायके से लौट रही थी महिला, मंगलसूत्र, जंजीर और दो अंगूठियां ले गए युवक

**समाज जागरण**

जसराना। मायके से घर लौट रही महिला को बाइक सवार दो युवकों ने मदद के बहाने बाइक पर बैठा लिया। कुछ दूर जाने के बाद युवक महिला के आभूषण उतरवाकर बाइक से फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए। परिजन उसे लेकर पाढ़म चौकी पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। वहीं, थाना प्रभारी ने घटना की जानकारी होने से इनकार किया है। थाना क्षेत्र के गांव मोगरा निवासी शंकरलाल की पत्नी किरन देवी का मायका कुरावली क्षेत्र के नगला रते में है। उनके बेटे कपिल देव के अनुसार, रक्षाबंधन पर उनकी मां मायके गई थीं। रविवार को वह वापस घर लौट रही थीं। पाढ़म बस स्टैंड पर उतरने के बाद वह पैदल गांव की ओर जा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उनके पास पहुंचे और गांव का नाम पूछा। महिला ने मोगरा जाने की बात बताई। आरोप है कि युवकों ने कहा कि वे भी मोगरा में प्रधान के घर जा रहे हैं और महिला को बाइक पर बैठने के लिए कहा। उनकी बातों पर विश्वास कर महिला बाइक पर बैठ गई। कुछ दूर जाने के बाद युवकों ने महिला से मंगलसूत्र, जंजीर और दो अंगूठियां ले लीं। इसके बाद दोनों बाइक लेकर फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर राहगीर और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर परिजन भी वहां पहुंचे और महिला को लेकर पाढ़म चौकी पहुंचे। थाना प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह गुर्जर ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। यदि घटना हुई है तो जानकारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# फिरोजाबाद के विश्वदीप सिंह बने इंडियन सॉफ्टवेयर क्रिकेट फेडरेशन के अध्यक्ष

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। इंडियन सॉफ्टवेयर क्रिकेट फेडरेशन की वार्षिक बैठक एवं चुनाव प्रक्रिया में फिरोजाबाद के विश्वदीप सिंह को सर्वसम्मति से फेडरेशन का अध्यक्ष चुना गया। वहीं उत्तर प्रदेश के साबिर खान को महासचिव और फिरोजाबाद के मुकेश कुमार गुप्ता ह्यमामाह्व को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनाव अधिकारी जीसी राजीव प्रियदर्शी की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, नागालैंड, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, विदर्भ, जम्मू-कश्मीर, झारखंड समेत करीब 20 राज्यों के अध्यक्ष और सचिवों ने भाग लिया। नवनियुक्त पदाधिकारियों के नामों की घोषणा होने के बाद विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। बैठक की अध्यक्षता पंजाब के मोहम्मद उमेश ने की, जबकि संचालन उत्तर प्रदेश सॉफ्टवेयर क्रिकेट एसोसिएशन की सचिव अनिल लहरी ने किया।




अनिल लहरी ने कहा कि फिरोजाबाद के लिए यह गौरव की बात है कि पहली बार जिले के किसी खेल संगठन से जुड़े व्यक्ति को राष्ट्रीय स्तर के संगठन का अध्यक्ष चुना गया है। साथ ही फेडरेशन के कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी फिरोजाबाद के मुकेश कुमार गुप्ता मामा को मिली है। बैठक में मथुरा से आए अनिल बाजपेयी ने अंडर-14 नेशनल चैंपियनशिप के आयोजन की घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता अक्तूबर में मथुरा में आयोजित की जाएगी। बैठक में उत्तर प्रदेश से अनिल गर्ग, प्रदीप मित्तल पम्मी, डीसी गुप्ता, संजय बंसल टिल्लू, डॉ. अमित गोयल समेत विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। अंत में उत्तर प्रदेश सॉफ्टवेयर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव एवं इंडियन सॉफ्टवेयर क्रिकेट फेडरेशन के कन्वीनर अनिल लहरी ने सभी अतिथियों का आभार जताया और नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

# पांच डे-नाइट टी-20 मुकाबलों की श्रृंखला में मिडिया 11 ने प्रेस 11 को दी करारी मात

### मीडिया 11 ने प्रेस 11 को 13वें ओवर में दी मात, चार मुकाबलों में दोनों टीमें 2-2 से बराबर

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। गवर्नमेंट कॉलेज भिवानी के क्रिकेट मैदान में नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए प्रेस 11 और मीडिया 11 के बीच पांच डे-नाइट टी-20 मुकाबलों की श्रृंखला का चौथा मुकाबला खेला गया। रोमांचक मुकाबले में मीडिया 11 ने प्रेस 11 को हराकर जीत हासिल की। इसके साथ ही चार मुकाबलों के बाद दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर पहुंच गई हैं। अब दोनों टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

मुकाबले में टॉस जीतकर प्रेस 11 ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मीडिया 11 के गेंदबाजों की तेज गेंदबाजी और खिलाड़ियों की बेहतरीन फील्डिंग के चलते प्रेस 11 की पूरी टीम 78 रन पर सिमट गई। प्रेस 11 की ओर से नवीन कुमार ने 16 रन, मनजोत सिंह ने 14 रन, अमित वैद ने 16 रन, शिवकुमार ने 8 रन तथा अभय ने 6 रन बनाए। हालांकि टीम के प्रमुख बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में सफल नहीं हो सके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मीडिया 11 की शुरूआत भी पूरी तरह आसान नहीं रही। आदि वत्स ने 22 रन, दीपक कुमार ने 18 रन, अमन कुमार ने 15 रन, जॉनी कुमार ने 5 रन, पिंटू ने 4 रन तथा राकेश ने 3 रन बनाए। प्रेस 11 के गेंदबाजों ने शानदार वापसी करते हुए मीडिया 11 के आठ विकेट गिरा दिए। मनजोत सिंह, अमित कुमार, राहुल वैद, नवीन कुमार और राजू मेहरा की गेंदबाजी के चलते मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया और मीडिया 11 पर दबाव बढ़ गया।



इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरे अशोक कुमार भारद्वाज ने महज पांच गेंदों में 13 रन बनाकर मुकाबले का रुख बदल दिया। उन्होंने लगातार दो चौके लगाकर 13वें ओवर में मीडिया 11 को जीत की राह पर पहुंचाया। अशोक कुमार भारद्वाज और आदि वत्स की जोड़ी ने नाबाद रहते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। दीपक शर्मा ने भी तीन विकेट लेकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बेहतरीन गेंदबाजी और फील्डिंग के लिए जॉनी कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मीडिया 11 की ओर से आदि वत्स और अशोक कुमार भारद्वाज को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का सम्मान मिला। प्रेस 11 में अमित कुमार को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर तथा नवीन कुमार, मनजोत सिंह और सुंदर को श्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति के अध्यक्ष एवं भारत सरकार के राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि चौथा मुकाबला तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस उत्सव के तहत नशे से दूर रहने का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इससे पहले तीसरा मुकाबला सामाजिक सद्भावना और स्वच्छता के संदेश के साथ खेला गया था। फाइनल मुकाबला भी सामाजिक जागरूकता के संदेश को समर्पित रहेगा। कोच अजय सैनी, क्रिकेट ग्राउंड के कोच संजू कुमार, प्रेस 11 के कोच अजय मल्होत्रा सहित वरिष्ठ पत्रकारों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता पैदा करने के साथ पत्रकारों को तनाव से दूर रखने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में खेलों का महत्वपूर्ण स्थान है।

# महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति के कार्यालय का शुभारंभ

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति-2026 के कार्यालय का शुभारंभ रविवार को श्री महाराजा अग्रसेन कन्या विद्यालय, दुर्गा नगर में किया गया। इस दौरान अग्रवाल समाज के लोगों ने आगामी महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव को भव्य बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के आदर्शों एकता, समानता, सेवा, सहयोग और भाईचारे को जन-जन तक पहुंचाना सभी का दायित्व है। आगामी 11 अक्तूबर को निकलने वाली महाराजा अग्रसेन जयंती शोभायात्रा में समाज के सभी वर्गों से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। कार्यालय का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधक ब्रजेश्वर बंसल, पूर्व कुलपति आगरा विश्वविद्यालय जीके अग्रवाल, नरेंद्र प्रकाश मित्तल 'ईकरी', हनुमान प्रसाद गर्ग, देवीचरन अग्रवाल और पीके झिंदल ने किया। समिति के संयोजक नमन बंसल 'टंडन' ने अतिथियों और अग्रबंधुओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और सामूहिक प्रयास से इस वर्ष की शोभायात्रा को ऐतिहासिक और यादगार बनाया जाएगा। इस अवसर पर ललितेश जैन, किशन बिहारी गर्ग, विपुल अग्रवाल, मुकेश बंसल 'बाबा', मोहन लाल जिंदल, प्रदीप टंडन, सुनील टंडन, मनोज बंसल 'लल्ला', अमित बंसल, विकास बंसल, राहुल गोयल, निपुन अग्रवाल, अमरराज झिंदल, अजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। महिला संगठनों की ओर से सरिता अग्रवाल, आभा जैन, अर्चिका सिंघल और भावना अग्रवाल सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन अतुल गर्ग ने किया।



# तत्परता की मिसाल: अनपरा पुलिस ने गुम हुई सोने की चेन तलाश कर महिला को सकुशल किया सुपुर्द

**समाज जागरण/ अकबर अली**

सोनभद्र। आज दिनांक 31.08.2026 को समय करीब 16:30 बजे उर्मिला देवी पत्नी ब्रजनाथ मधोशी, निवासी परासी, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 50 वर्ष ऑटो से परासी से काशी मोड़, अनपरा आ रही थीं। काशी मोड़ पहुंचने पर उन्हें जानकारी हुई कि उनकी सोने की चेन कहीं गिर गई है अथवा खो गई है। महिला द्वारा तत्काल थाना अनपरा पर सूचना दिए जाने पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑटो में सोने की चेन की तलाश की गई। सोने की चेन ऑटो में गिरी हुई बरामद कर ली गई तथा उसे सुरक्षित रूप से महिला के सुपुर्द किया गया। अपनी खोई हुई सोने की चेन वापस पाकर महिला द्वारा अनपरा पुलिस की तत्परता एवं संवेदनशीलता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।



# बहल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर बाल कलाकारों की लीलाओं से सजेगा मंच

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 31 अगस्त। बहल शहर में आगामी 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव* बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन रात्रि 8:30 बजे से 11:00 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना के साथ होगा। इसके पश्चात 30 बाल कलाकारों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर उनकी विभिन्न बाल लीलाओं, माखन लीला, व रास लीला का सजीव मंचन किया जाएगा। भारत की दैवीय संस्कृति से ओतप्रोत यह भव्य आयोजन बहल केंद्र संचालिका राजयोगिनी बी के शकुंतला दीदी के सानिध्य मे आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम की मुख्य झलकियांः - बाल कलाकारों द्वारा सुंदर व मनोहारी मोर मोरनी नृत्य और शान्ति या क्रोध - नाटक की प्रस्तुति। - हरियाणवी ताऊ-ताई की जोड़ी द्वारा देसी अंदाज में कार्यक्रम की एंकरिंग, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगी। - विशिष्ट अतिथियों द्वारा सभी बाल कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा - पूरे कार्यक्रम में शांति, प्रेम व अनुशासन का माहौल बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आयोजकों ने सभी धर्म प्रेमी कसबा वासियों से सपरिवार पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने और बाल कलाकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।



# योगी यूथ ब्रिगेड की हिंदू चेतना सभा में बोले अजय तोमर - 2027 में फिर बनाएंगे योगी सरकार

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। योगी यूथ ब्रिगेड की ओर से रविवार को चंद्रनगर में हिंदू चेतना सभा का आयोजन किया गया। इसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष और ताजमहल-तेजोमहालय मामले के पक्षकार हिंदूवादी नेता कुंवर अजय तोमर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। सभा में बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। अजय तोमर ने कहा कि 2027 में प्रदेश में एक बार फिर योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। इसके लिए संगठन के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करेंगे और एक बार फिर योगी सरकार बनाने का संकल्प दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि लव जिहाद, धर्मांतरण और लैंड जिहाद के खिलाफ संगठन लगातार आवाज उठाता रहेगा। किसी भी हिंदू के उत्पीड़न को संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कार्यकताओं से हिंदू समाज को संगठित और मजबूत करने का आह्वान किया।

सभा के दौरान अजय तोमर ने हिंदू परिवारों से तीन बच्चे पैदा करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि हिंदुओं की संख्या बढ़ेगी, तभी देश, धर्म और संस्कृति सुरक्षित रह सकेगी। कार्यक्रम का आयोजन युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामनिवास शंखवार के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान संगठन के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# विवाहिता की मौत पर से पति की गिरफ्तारी पर उठे कई सवाल.

### करंट से विवाहिता की हुई मौत

**विवेक कुमार दैनिक जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में एक आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के मुताबिक मृतका के मायके पक्ष की तहरीर पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं, मामले में मृतका के ससुराल पक्ष की ओर से यह बात सामने आ रही है कि विवाहिता की मौत दहेज उत्पीड़न के चलते नहीं, बल्कि फरार्टे पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से हुई थी। ऐसे में पुलिस की कार्रवाई के बाद घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।पुलिस के अनुसार बीते 28 अगस्त को राम गुलाम पुत्र राम अवतार की तहरीर पर मोहनलालगंज पुलिस ने बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। तहरीर में उनकी पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के बाद हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया था।मामले की विवेचना और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया। पुलिस ने तकनीकी एवं मैनुअल साक्ष्यों तथा सूचना तंत्र की मदद से सोमवार को राजाखेड़ा निवासी प्रमोद कुमार उर्फ लवकुश राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है, जबकि मामले में नामजद अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। मामले में सबसे अहम सवाल विवाहिता की मौत की वास्तविक वजह को लेकर है। ससुराल पक्ष की ओर से दावा किया जा रहा है कि विवाहिता की मौत फरार्टे पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से हुई, न कि दहेज उत्पीड़न के चलते। वहीं मृतका के मायके वालों ने पति पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या का आरोप लगाया है। ऐसे में मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस विवेचना में सामने आने के बाद ही तस्वीर साफ हो सकेगी।पति की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में सबसे बड़ा मानवीय सवाल मृतका के छह माह के मासूम बेटे को लेकर खड़ा हो गया है। मां की मौत हो चुकी है और अब पिता भी दहेज हत्या के आरोप में जेल जा रहा है। ऐसे में मासूम की परवरिश कौन करेगा और उसकी जिम्मेदारी किसके हिस्से आएगी, यह सवाल परिवार और समाज के सामने है।दहेज हत्या जैसे गंभीर मामलों में कानून अपना काम करे, लेकिन यदि जांच में मौत की वजह करंट साबित होती है तो आरोपों की सच्चाई भी सामने आनी चाहिए। फिलहाल पुलिस कार्रवाई जारी है और मामले की वास्तविकता पोस्टमार्टम रिपोर्ट, विवेचना और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही स्पष्ट होगी।



# एसआर प्लेटिनम इंग्लिश स्कूल मेंभारत विकास परिषद "साकेत" द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता सम्पन्न

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। भारत विकास परिषद, साकेत शाखा के तत्वावधान में एस.आर. प्लैटिनम इंग्लिश स्कूल, हरहुआ में 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

वरिष्ठ वर्ग में दिव्यांश राज ने प्रथम स्थान और मोहित पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में अभिषेक ने प्रथम और शहनाज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर गुरु वंदन के लिए विद्यालय की उप-निदेशक डॉ0 सीमा राय को तथा शिक्षक चंदन, प्रीति, मनीषा, बीनू सिंह एवं अश्विनी गुप्ता को सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया।



परिषद की ओर से केंद्र को 3 सिलाई मशीनें भेंट स्वरूप प्रदान की गईं।

साकेत शाखा के बौद्धिक प्रमुख नवीन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा - 'ज्ञान के लिए संपर्क, सहयोग, सेवा और संस्कार का समन्वय बहुत ही आवश्यक है। आने वाले कल के लिए यह सबसे बड़ी चुनौती है। यदि हम अपने महापुरुषों की दी हुई बातों को याद रखेंगे, तभी भारत पुनः विश्वगुरु बन सकता है'।

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के पदाधिकारी अनूप जैन, शैलेश त्रिपाठी, ज्ञानेश्वर जायसवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन उप-निदेशक देवांश नारायण राय ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रबंध निदेशक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने किया।

# आदिवासी समाज का मूल पहचान उनकी आदिम संस्कृति से की होता है-डॉ0 लालजी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी आदिवासी जनजाति समाज की अपनी आदिम रीति-रिवाज परम्परा एवं टोटम की सांस्कृतिक विरासत के विकास एवं संरक्षण के क्रम में उ0 प्र0 राज्य की अति प्राचीन आदिवासी भोजली जात्रा महोत्सव तिहार-2026 पर्व उ0 प्र0 लोक एवं जनजति संस्कृति संस्थान, (संस्कृति विभाग) लखनऊ एवं जनजातीय शोध एवं विकास संस्थान, वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती स्मृति भवन न्यास, चक्का, हरहुआ वाराणसी में पूर्वाहन 11 बजे से 4 बजे तक गोंडी पूजा/गोंगो एवं भोजली जात्रा आयोजित किया गया। महोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 लालजी,सहायक निदेशक, केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार वाराणसी ने कहा कि जनपद वाराणसी के गोंड आदिवासी समाज के भोजली पर्व





बहुत ही अद्भुत है, जो खत्म हो रही वर्तमान आदिवासी संस्कृति के बचाने के क्रम में गोंड समाज का अच्छा प्रयास है। क्योंकि आदिवासी समाज का मूल पहचान उनकी आदिम संस्कृति से ही होता है।

महोत्सव कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ0 ऐश्वर्य राज लक्ष्मी-जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), वाराणसी ने अपने उद्बोधन में कहा की जनपद वाराणसी के गोंड जनजाति की भोजली पर्व हमारे आदिवासी जनजाति समाज के सांस्कृतिक वैभव के साथ उनकी टोटम, परम्परा संस्कृति का जीवन्त झलक है। जो जनजाति संस्कृति आने वाले दिनों में मजबूती प्रदान करने का कार्य करेगा। इसके साथ ही उन्होने विभाग के जनजति योजनाओं के बारे में गोंड जनजातियों को अवगत कराया।

महोत्सव में अजगरा विधानसभा के विधायक त्रिभुवन राम के सहयोगी कपिलनारायण पाण्डेय ने कहा कि गोंड समाज की सांस्कृतिक वैभव आज मुझे देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। साथ की उन्होने कहा कि विदायक जी के निर्देश के क्रम में गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती स्मृति भवन न्यास, चक्का परिसर के विकास हेतु जल्द ही सुन्दरीकरण का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा।

इसके साथ ही जनजातीय शोध एवं विकास संस्थान, वाराणसी के सचिव-डॉ0 बृजभान मरावी ने आये सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं मेमोन्टो देकर सम्मानित किया और उनका धन्यवाद ज्ञापन भी किया।

महोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती स्मृति भवन न्यास, के अध्यक्ष दिनेश कुमार गोंड ने किया एवं संचालन आकाश गोंड ने किया।

इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक नृत्य एवं जनपद वाराणसी, सोनभद्र, जौनपुर, चन्दौली, गाजीपुर, मीरजापुर आदि के हजारों आदिवासी जनजाति समाज के लोगों ने धूम-धाम से करमा नृत्य और हुडुक मजीरा के धुन पर भोजली जात्रा दुर्गावती भवन से वरूणा नदी के भोटली घाट तक निकाला। महोत्सव को सफल बनाने में दीना गोंड, संदीप गोड, भरत गोड, प्रमोद, अनील, जग्गन, विनोद एवं ट्राइबल वालेन्टीर आदि लोगो ने अपना योगदान दिया।

# तार व पाइप चोरी कर ले जा रहा अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी कपसेठी थाना क्षेत्र के सरावां स्थित जलकल पानी की टंकी के नलकूप से सोलर पैनल में लगे तार और प्लास्टिक पाइप चोरी कर ले जा रहे एक अभियुक्त को नलकूप ऑपरेटर और गार्ड ने पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अभियुक्त को चोरी के सामान और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गणेश सरोज पुत्र स्व. चिंतामणि, निवासी ग्राम चकसनात पलहिया, थाना चौरी, जनपद भदोही, उम्र करीब 33 वर्ष के रूप में हुई है। आरोप है कि वह




नलकूप से चोरी किए गए सोलर पैनल के तार और प्लास्टिक पाइप को बोरी में रखकर मोटरसाइकिल से ले जा रहा था। इसी दौरान नलकूप ऑपरेटर और गार्ड की नजर उस पर पड़ गई और उन्होंने उसे पकड़ लिया।

अभियुक्त के कब्जे से एक बोरी में चोरी किए गए सोलर पैनल के तार, पांच प्लास्टिक पाइप के टुकड़े तथा घटना में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या वढ 65 अइ 8578 बरामद हुई। अभियुक्त को बरामद सामान और मोटरसाइकिल समेत थाना कपसेठी लाया गया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी ने विकास खण्ड नरायनपुर अन्तर्गत पंचायत भवन बगही का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के बारे में ली जानकारी

**समाज जागरण**

मीरजापुर /जिलाधिकारी ने विकास खण्ड नरायनपुर अन्तर्गत पंचायत भवन बगही का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत भवन में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में ग्राम प्रधान से जानकारी ली। ग्राम प्रधान बगही ने जिलाधिकारी को बताया कि पंचायत भवन में बच्चों की सुविधा के लिए डिजिटल लाइब्रेरी की व्यवस्था की गई है। यहां बच्चों के लिए दो कंप्यूटर, प्रिंटर एवं इंटरनेट की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त पंचायत भवन में स्मार्ट टीवी की भी व्यवस्था की गई है। ग्राम प्रधान ने बताया कि डिजिटल सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रतिदिन लगभग 50 से 60 छात्र पंचायत भवन पहुंचते हैं। जिलाधिकारी ने बच्चों के लिए की गई इन सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सुविधाओं से गांव के बच्चों को आधुनिक शिक्षा एवं तकनीकी संसाधनों का लाभ स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेगा। जिलाधिकारी ने पंचायत भवन में



अध्ययनरत बच्चों एवं ग्रामीणों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहां पर अध्ययनरत बच्चों से जिलाधिकारी ने वार्ता कर पठन-पाठन के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि यहां पर अत्यधिक गर्मी के दृष्टिगत एक एसी एवं ठंडा पानी पीने हेतु वाटर कूलर लगवाने की अपील की जिस पर उन्होंने ग्राम प्रधान को वाटर कूलर एवं एसी लगवाने का निर्देश दिया। ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को बताया कि शीघ्र ही एसी एवं वाटर कूलर की व्यवस्था भी कर ली जाएगी। जिलाधिकारी ने पंचायत भवन की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि पंचायत भवन केवल बैठकों तक सीमित न रहकर ग्रामीणों के लिए उपयोगी एवं सुविधाजनक केंद्र के रूप में विकसित होना चाहिए। उन्होंने डिजिटल लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर सुविधा का अधिक से अधिक बच्चों को लाभ दिलाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं आधुनिक शिक्षा के लिए बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने पंचायत भवन में स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, उप जिलाधिकारी चुनार अनेग सिंह, तहसीलदार चुनार, ग्राम प्रधान बगही रेशू पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रीमती बिन्दू राय के निधन पर हिमांशु राय ने जताया शोक

**बिकास राय, ब्यूरो चीफ गाजीपुर,समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के रेवतीपुर ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल की मां श्रीमती



बिन्दू राय पत्नी श्री रमेश चन्द्र राय का निधन 26 अगस्त बुधवार को हो गया। इस समय आपके गाजीपुर सिद्धेश्वर नगर कालोनी स्थित आवास पर लोगों के पहुंचने एवं शोक संवेदना प्रकट करने का तांता लगा हुआ है। युवा समाजसेवी एवं सरजू राय मेमोरियल पी जी कालेज गांधी नगर के प्रबंधक,डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर के डायरेक्टर हिमांशु राय ने पहुंचकर स्व0 बिन्दू राय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं परिजनों से मिल कर शोक संवेदना प्रकट किया। रेवतीपुर ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने बताया की श्रद्धांजलि सभा एवं ब्रह्मभोज का आयोजन 6 सितंबर दिन रविवार को 11बजे से आयोजित किया गया है। समस्त कार्यक्रम सिद्धेश्वर नगर कालोनी गाजीपुर से सम्पन्न किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनीं फरियादियों की समस्याएं, समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**समाज जागरण**

मीरजापुर /जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने आज कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में आए हुए फरियादियों की समस्याएं गंभीरता पूर्वक सुनीं। जिलाधिकारी ने कई मामलों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर निस्तारण कराया। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी फरियादी परेशान होकर कलेक्ट्रेट न आए, उसकी समस्या का समाधान तहसील व ब्लॉक स्तर पर ही हो जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले



अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भूमि विवाद के मामलों में उन्होंने उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को मौके पर जाकर पैमाइश कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। आवास व शौचालय से संबंधित मामलों में मुख्य विकास अधिकारी को जांच कर पात्रों को लाभ दिलाने को कहा। पेंशन व राशन कार्ड के मामलों में संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, डिप्टी कलेक्टर उपस्थित रहे।

# संभावित बाढ़ को लेकर जिलाधिकारी ने बगही गांव व सम्पर्क मार्ग का किया स्थलीय निरीक्षण

**बाढ़ चौकियों को सक्रिय रखने के साथ भोजन, पशुओं के चारे, प्रकाश, टार्च, छाता व नाव आदि की व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करने का दिया निर्देश**

**समाज जागरण**

मीरजापुर /जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने संभावित बाढ़ के दृष्टिगत तहसील चुनार अंतर्गत ग्राम बगही/सम्पर्क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ से निपटने के लिए की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से बाढ़ की स्थिति एवं प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।उप जिलाधिकारी चुनार ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि तहसील क्षेत्र में कुल 13 बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि संभावित बाढ़ को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं, ताकि आपदा की स्थिति में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पहले से सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से राहत शिविरों में खाना बनाने वालों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों के लिए भोजन की पर्याप्त व्यवस्था पहले से ही तैयार रखी जाए। इसके साथ ही पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारे की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में पशुधन की सुरक्षा भी प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है।उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों के लिए प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने का भी निर्देश दिया। साथ ही पर्याप्त संख्या में टार्च, छाता तथा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध रखने को कहा। जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के लिए नावों की व्यवस्था भी पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए बाढ़ से निपटने की तैयारियां पूर्ण रखें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ चौकियों पर तैनात कार्मिकों की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से निर्धारित की जाएं। साथ ही बाढ़ चौकियों पर



आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की नियमित रूप से जांच की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य संभावित बाढ़ की स्थिति में जन-धन की क्षति को न्यूनतम करना है। उन्होंने ग्रामीणों से भी वार्ता कर पूर्व में आई बाढ़ की विस्तृत जानकारी ली। ग्रामीणों के द्वारा बाढ़ के दौरान कहां-कहां के गांव प्रभावित होते हैं उसके बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से भी सतर्क रहने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संभावित बाढ़ के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में सतत निगरानी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति में प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ से संबंधित किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बाढ़ चौकियों पर आवश्यक उपकरण एवं संसाधन उपलब्ध रखने के साथ-साथ कार्मिकों की सक्रियता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां बाढ़ आने के बाद नहीं, बल्कि उससे पहले पूरी होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित बाढ़ को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को तत्काल सूचना दें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों से क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति एवं संवेदनशील स्थानों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है तथा संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित होने वाले संभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए ग्रामीणों से संपर्क बनाए रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आपदा के समय प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति तक समय से राहत एवं आवश्यक सुविधाएं पहुंचाई जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा करते हुए कमियों को तत्काल दूर किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, उप जिलाधिकारी चुनार अनेग सिंह, तहसीलदार चुनार, ग्राम प्रधान बगही रेशू पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दर्शन पुरवा में साथियों समेत हिस्ट्रीशीटरों का आतंक, युवक को पीटा

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां फजलगंज थाना क्षेत्र के दर्शन पुरवा में आजकल दो हिस्ट्रीशीटरों और उनके साथियों का आतंक व्याप्त है। स्थानीय दुकानदारों और सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक हिस्ट्रीशीटर सोनू शर्मा उर्फ श्रवण कुमार और उसका रिश्तेदार बताए जाने वाला हिस्ट्रीशीटर अरुण कुमार अन्ना दुकानदारों को धमका कर जबरन उगाही का शिकार बनाते हैं। और इन दोनों का आतंक भी इतना अधिक बताया जाता है कि कोई भी दुकानदार उनके खिलाफ पुलिस से शिकायत करने का साहत भी नहीं करता।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दर्शन पूरवा क्षेत्र में आतंक का कारण बने हिस्ट्री शीटर और उनके साथी महिलाओं के साथ छेड़खानी करने तक से नहीं चूकते। पीड़ित लोगों का आरोप है कि ये दबंग विरोध करने वालों के साथ मारपीट भी करते हैं। इसी क्रम में हिस्ट्रीशीटर के भाई बताए जाने वाले हरिओम शर्मा ने दीपू नामक युवक से जमकर मारपीट की, उस पर अपने परिवार की महिलाओं के साथ भी कई बार मारपीट करने का आरोप भी लग चुका है । फिलहाल युवक से मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने उसे हिरासत में भी लिया। यह घटना दर्शन पूरवा सब्जी मंडी की बताई गई है। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# तहसील मोहनलालगंज के पास भरभराकर गिरा विशाल यूकेलिप्टस का पेड़, बिजली लाइन गिरी

**पेड़ के नीचे दबकर बाइक सवार घायल, कई दुकानें और वाहन क्षतिग्रस्त; सप्लाई बंद होने से टला बड़ा हादसा**

**समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील के निकट रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब यूकेलिप्टस का विशालकाय पेड़ अचानक भरभराकर सड़क और आसपास की दुकानों पर जा गिरा। पेड़ की चपेट में आने से बिजली की लाइन भी दुकानों पर गिर गई और तारों से चिंगारियां निकलने लगीं। बिजली विभाग की तत्परता से आनन-फानन बिजली आपूर्ति बंद कराई गई, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

हादसे के दौरान तहसील से लौट रहे समेसी निवासी रामतीर्थ शर्मा अपनी बाइक समेत पेड़ के नीचे दब गए। हादसे में वह घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल रामतीर्थ को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजकर भर्ती कराया।

वहीं, मऊ निवासी धर्मेंद्र रेलवे क्रॉसिंग के पास ठेले पर केला बेच रहे थे। अचानक पेड़ गिरता देख उन्होंने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन उनका ठेला पेड़ की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया। मऊ निवासी मोटरसाइकिल



मैकेनिक इशरत की गुमटी भी पेड़ के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हो गई। गुमटी के पास खड़ी एक अन्य व्यक्ति की बाइक भी पेड़ की चपेट में आने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे में चिनहट निवासी टेम्पो मैकेनिक की झोपड़ी के नीचे चल रही दुकान को भी नुकसान पहुंचा। पेड़ के नीचे दबने से उनकी स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। अचानक हुए हादसे से मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा।बिजली की लाइन टूटकर दुकानों के ऊपर गिरने के बाद चिंगारियां निकलने से लोगों में दहशत फैल गई थी। गनीमत रही कि बिजली विभाग ने तत्काल आपूर्ति बंद कर दी, वरना पेड़ के नीचे दबे लोगों और आसपास मौजूद दुकानदारों के बीच करंट फैलने से बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस और बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला।

# युवा संवाद में गूंजा मिशन एमएलसी का संकल्प, भाजपा ने बूथ स्तर पर जीत की बनाई रणनीति

**विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज। भारतीय जनता पार्टी की ओर से सोमवार को मोहनलालगंज ब्लॉक में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं, युवाओं और स्थानीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी इं. अवनीश कुमार सिंह ने युवाओं से संवाद करते हुए संगठन और देश के विकास में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी इं. अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवाओं की भूमिका निर्णायक है। उन्होंने युवाओं को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न युवा हितैषी योजनाओं और रोजगारपरक कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन युवाओं को नेतृत्व और सेवा के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से सरकार की




उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तथा युवाओं तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही आगामी एमएलसी चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों को तेज करने पर भी जोर दिया।मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मोनू ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती की वास्तविक ताकत बूथ स्तर पर होती है। उन्होंने कार्यकताओं से प्रत्येक बूथ पर सक्रियता बढ़ाने, नए लोगों को संगठन से जोड़ने और मतदाता संपर्क अभियान को प्रभावी बनाने की अपील की।

कार्यक्रम के समापन सत्र में आगामी एमएलसी चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान नए स्नातक मतदाताओं को जोड़ने, मतदाता सूची को मजबूत करने और बूथ स्तर पर संगठनात्मक तैयारियों को गति देने की रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ। पदाधिकारियों ने कार्यकताओं से अभी से चुनावी तैयारियों में जुटने और अधिक से अधिक स्नातक मतदाताओं से संपर्क स्थापित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राज कुमार वर्मा,एडवोकेट सुशील कुमार रावत, डॉ. पुष्पेंद्र पासी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नितिन जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित, मंडल महामंत्री मदन मोहन मिश्रा, शिक्षा मित्र ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप सिंह, एडवोकेट सुशील रावत तथा मंडल मीडिया सह-प्रभारी विजय जानतेवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और युवा मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं में आगामी एमएलसी चुनाव को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। पदाधिकारियों ने एकजुट होकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ काम करने का संकल्प लिया।

# महू( इंदौर) में शहडोल की बेटियां दिखाएंगी फुटबॉल का दम

## इंटर-डिस्ट्रिक्ट ओपन टूनार्मेंट के लिए 20 सदस्यीय जूनियर गर्ल्स टीम रवाना



**समाज जागरण**

शहडोल। फुटबॉल के मैदान पर शहडोल की बेटियां एक बार फिर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने को तैयार हैं। रिलायंस फाउंडेशन फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर 16 एवं विचारपुर की 4 कुल 20 सदस्यीय जूनियर गर्ल्स टीम रविवार को इंटर-डिस्ट्रिक्ट ओपन फुटबॉल टूनामेंट में सहभागिता के लिए महू रवाना हुई। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों के पास मध्य प्रदेश टीम में चयन के जरिए राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर रहेगा। कोच यशोदा सिंह एवं मैनेजर सीताराम सहिस के नेतृत्व में टीम बस से महू के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर जिला फुटबॉल संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद जकरिया, सचिव रईस अहमद, रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट के सीएसआर हेड राजीव श्रीवास्तव, खेल समन्वयक अश्वनी शर्मा, डीएफए शहडोल के उपाध्यक्ष एस.आर. मोहंती, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह, एवं खिलाड़ियों के अभि भावकों ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।
वहीं, जिला फुटबॉल संघ शहडोल की संरक्षक एवं जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह, अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छावड़ा, उपाध्यक्ष अजय विजरा, शमीम खान एवं बालाकृष्ण बंगारी, फुटबॉल कोच शंकर दाहिया, लक्ष्मी सहीस ने भी टीम की खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की। जिला फुटबॉल संघ के सचिव रईस अहमद ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (AIFF) के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन (MPFA) द्वारा जिला फुटबॉल संघ इंदौर के माध्यम से 31 अगस्त से 4 सितंबर तक महू में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की छह चयनित टीमें–इंदौर, धार, मुरैना, ग्वालियर, रायसेन एवं शहडोल–हिस्सा ले रही हैं। प्रति योगिता का फाइनल 4 सितंबर को होगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर मध्य प्रदेश टीम के लिए चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी आगे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। पिछले वर्ष भी मिली थी बड़ी सफलता शहडोल की गर्ल्स फुटबॉल खिलाड़ियों ने पिछले वर्ष भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया था। जिला फुटबॉल संघ शहडोल के मार्गदर्शन में रिलायंस फाउंडेशन फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर की जूनियर एवं सब-जूनियर टीम ने ओपन प्रतियोगिता में सहभागिता की थी। इसके बाद 10 से अधिक गर्ल्स खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर मिला। शहडोल की बेटियों की लगातार सफलता से क्षेत्र में महिला फुटबॉल को नई पहचान मिल रही है। साथ ही ग्रामीण एवं वंचित वर्ग की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच मिल रहा है।

# कीचड़ से सनी सड़क पर धान की रोपाई कर ग्रामीणों ने जताया विरोध

## सड़क की बदहाली से परेशान ग्रामीणों का अनोखा प्रदर्शन, सरपंच-सचिव पर लगाए लापरवाही के आरोप



**समाज जागरण**

उमरिया। -जिले में लगातार हुई बारिश ने ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की बदहाली उजागर कर दी है। आवागमन के लिए जूझ रहे ग्रामीणों ने अब प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए अनोखा तरीका अपनाया। जनपद पंचायत मानपुर के ग्राम मझखेता तथा करकेली क्षेत्र के कारीगड़ारी में ग्रामीणों ने कीचड़ से सनी सड़क पर ही धान की रोपाई कर विरोध प्रदर्शन किया। बारिश के बाद सड़क की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि जगह-जगह पानी और कीचड़ जमा होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाली के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है, वहीं दोपहिया और अन्य वाहनों के आवागमन में भी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण एवं मरम्मत में लापरवाही का आरोप लगाते हुए सरपंच और सचिव को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि लंबे समय से सड़क की समस्या बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। बारिश के दिनों में समस्या और भी गंभीर हो गई है। सड़क नहीं तो कीचड़ में ही उगा देंगे धान! ग्रामीणों का यह प्रदर्शन जिम्मेदारों के लिए बड़ा सवाल खड़ा करता है। सड़क पर धान की रोपाई कर ग्रामीणों ने प्रतीकात्मक रूप से यह संदेश दिया कि जब सड़क खेत में तब्दील हो चुकी है तो क्यों न इसी में धान उगा दिया जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके का निरीक्षण कराया जाए और शीघ्र सड़क का निर्माण अथवा आवश्यक मरम्मत कराकर आवागमन सुचारु कराया जाए, ताकि बारिश के दौरान ग्रामीणों को हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

# शहडोल के जैतपुर में आफत की बारिश, उफान पर कुंनुक नदी, छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाला मार्ग बंद



**समाज जागरण**

शहडोल। जिले जैतपुर क्षेत्र में रविवार तड़के से हो रही तेज बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। कई गांवों का मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। जैतपुर से छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाला प्रमुख भीतरी मार्ग बंद हो गया है। रसमोहनी के पास कुंनुक नदी के पुल के ऊपर पानी बहने से सुबह से आवागमन रोक दिया गया है। यह मार्ग रसमोहनी से अमाहा-बरगामा होते हुए भाटिया और आगे छत्तीसगढ़ जाता है। वहीं बोकरामार से भाटिया मार्ग पर छोटी नदी के रपटा पर भी तेज बहाव है, वहां भी आवागमन बंद है। तेज बहाव में वाहन या व्यक्ति के बहने का खतरा है। पुल के दोनों ओर पुलिस बल तैनात किया गया है।

**बाणसागर बांध 99 प्रतिशत भरा**

जैतपुर थाना प्रभारी समीर खान ने लोगों से अपील की है कि पानी के बीच से निकलने का जोखिम न लें और सुरक्षित रहें। इधर बाणसागर बांध 99 प्रतिशत भर गया है, रविवार को छह गेट खोले गए हैं,

जिससे निचले क्षेत्रों में जलस्तर और बढ़ने की आशंका है। प्रशासन ने सतर्क रहने की सलाह दी है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकलेगी भव्य कलश यात्रा, 1 सितंबर से शुरू होगी श्रीमद् भागवत कथा

**समाज जागरण**

शहडोल। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर धार्मिक एवं आध्या त्मिक वातावरण में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 1 सितंबर 2026 से किया जा रहा है। कथा के शुभारंभ अवसर पर मंगलवार, 1 सितंबर को प्रातः 10 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा पिपलेश्वर धाम मंदिर, स्टेशन रोड शहडोल से प्रारंभ होगी। श्रद्धालुओं की यह यात्रा काली मंदिर, तिरुपति बालाजी मंदिर एवं जगन्नाथ मंदिर से होते हुए हनुमान मंदिर के सामने स्थित भागवत कथा आयोजन स्थल पर पहुंचकर संपन्न होगी।
आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, माताओं-बहनों एवं श्रद्धालु बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में कलश यात्रा में शामिल होने की अपील की है।
आयोजकों ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति, धर्म और आध्यात्मिक संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। सभी श्रद्धालु इस पावन आयोजन में सहभागी बनकर कथा का श्रवण करें और पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# भोपाल की टीम ने जीएमएच में मारी रेड, सारे रिकार्ड जब्त किए, रिकार्ड में मिली ऐसी गड़बड़ी की उड़ गए होश

## ड्यूटी डॉक्टर के कारनामें ने खोल दी लापरवाही की पोल

**समाज जागरण**

रीवा। डिप्टी सीएम के शहर में संचालित जीएमएच में हुई 26 अगस्त को कल्पना मिश्रा की मौत ने डॉक्टर की लापरवाही उजागर कर दी है। ऑपरेशन के दौरान ड्यूटी डॉ सोनल नहीं थी। उन्होंने जांच और कार्रवाई से बचने के लिए रजिस्टर में छेड़छाड़ की। रिकार्ड को टीम ने जब्त कर लिया है। जांच के दौरान बिना किसी को बताए ही टीम के सदस्य चुपचाप जीएमएच के गायनी विभाग पहुंची और सारे रिकार्ड जब्त कर लिए। रिकार्ड में डॉक्टर का कारनामा सामने आया है। सब हैरान है। कल्पना मिश्रा पति अमित मिश्रा की मौत मामले में जांच कमेटी एक एक परत उधडड्डे में लगी है।

अब सारी कारस्तानियां सामने आ रही हैं। इस जांच में सिर्फ मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक और स्टाफ ही नहीं पूरा सिस्टम ही लपेटे में आने वाला है। अस्पताल के बाहर भी बड़ी लापरवाही सामने आई है। हर पहलुओं की जांच की जा रही है। सारे रिकार्ड खंगाले जा रहे हैं। रविवार को सुबह से शाम तक सभी डॉक्टरों, नर्सों के बयान लिए गए। एचओडी तक को तलब किया गया। जब जांच चल रही थी तभी अचानक से टीम के सदस्य बाहर निकले और गाड़ी में सवार होकर निकल गए। किसी को इसकी भनक ही नहीं लगी कि कहा गए। कुछ देर मे टीम के सदस्य जीएमएच के गायनी विभाग पहुंचे। यहां ओटी और लेटर वार्ड के सारे रिकार्डों की जांच की गई। सब कुछ जब्त कर लिया गया। इसके अलावा नवजात शिशु से जुड़े रिकार्ड भी एसएनसीयू से लिए गए। रिकार्ड जब्त करने और जांच के बाद टीम फिर से मेडिकल कॉलेज पहुंची और बयान लेना शुरू हुआ। रजिस्टर में डॉ सोनल ने की छेड़छाड़ जो रजिस्टर गायनी ओटी से जब्त किया गया। उसमें आपरेशन में शामिल मरीज का नाम और ओटी करने वाले डॉक्टरों, नर्सों और स्टाफ के नाम दर्ज थे। जहां से नाम की शुरूआत थी। उसके ऊपर वाली लाइन में डॉ सोनल अग्रवाल ने ओव्हर राइटिंग की। ओटी में वह नहीं पहुंची थीं लेकिन नाम रजिस्टर में जोड़ दिया। उनकी यह चोरी टीम ने पकड़ ली। जिस पेन से अन्य चिकित्सकों के नाम लिखे थे वह डॉ सोनल अग्रवाल के नाम वाली स्याही से अलग थे। यही वजह है कि उनकी चोरी भी पकड़ी गई।

**बार बार बयान बदलती रहीं डॉ सोनल अग्रवाल**

टीम के सामने डॉ सोनल अग्रवाल को तलब किया गया। वह उनके सामने बार बार बयान बदलती रहीं। उन्होंने रजिस्टर जब्त होने के पहले कहा कि वह ओटी में शामिल हुईं थी। फिर वापस चली गईं थी। जब रजिस्टर जब्त हुआ तो उसके बाद उन्होंने कहा कि वह नहीं आईं थी। कुल मिलाकर उनकी लापरवाह सामने आई है। नर्सिंग स्टाफ की कराई गई पहचान जांच टीम ने परिजनों को तलब किया। उनके सामने दुर्व्यहार करने वाले नर्सों को खड़ा किया। ड्यूटी में तैनात सभी नर्सों को उनके सामने लगाया गया। फिर जांच टीम के सदस्यों ने परिजनों से कहा कि क्या इनमें से कोई है जिन्होंने आपके साथ दुर्व्यहार किया था। हालांकि जिन नर्सों को सामने खड़ा किया था, उनमें से कोई भी नहीं था, जिन्हें परिजन पहचान सके।

**दिनभर चलता रहा बयान, पूरी गायनी यहीं थी**

जांच टीम ने गायनी विभाग की पूरी टीम को ही तलब कर लिया था। सुबह से शाम तक हर कर्मचारी मेडिकल कॉलेज में तैनात था। पूरा वार्ड और विभाग सुरक्षाकर्मियों के भरोसे चल रहा था। सुबह से शाम तक सिर्फ बयान लिए गए।

परिजन और स्टाफ का बयान रिकार्ड किया गया। वहीं डॉक्टरों के लिखित में बयान लिए गए। एसआर, जेआर, पीजी छात्रो के भी बयान लिए गए। इसके अलावा एनेस्थीसिया के चिकित्सकों की परेड कराई गई।

# सरई से करपा अधूरे सड़क मार्ग निर्माण से ग्रामीणों मे हडकंप

## सडक पर कीचड़ ग्रामीणों का हाल हुआ बेहाल : ग्रामीणों ने लगाई गुहार - यहां नही है कोई सुननेवाला ।।

**समाज जागरण**

शहडोल! संभाग शहडोल के तहत शहडोल से सागर टोला राष्ट्रीय राजमार्ग ( एन एच - 543 ) के मध्य सरई से करपा 15 कि मी एवं लाघां टोला 40 किमी 6 -7 वर्षो कछुआ की गति से काम कराए जाने से तथा वर्तमान में भीषण बारिश से जगह जगह कीचड गड्ढा और पानी का भराव से पैदल चलना मुश्किल हो गया है स्थानीय वा क्षेत्रीय ग्रामों के बुजुर्गो, बच्चो तथा,महिलाओं के फिसलकर गिरने से हाथ पैर टूट रहे तथा सिरफूट रहे है आने जाने का एकमात्र मार्ग होने से यह जानलेवा तथा जोखिम भरा मार्ग का शक्ल अख्तियार कर लिया है मार्ग पूर्णतः अवरूद्ध होने से लगभग तीन दर्जन ग्राम, तथा हजारो लोग प्रभावित है करीब 20-25 कि मी ग्रामीण जन घूमकर सरई करपा लाघां टोला आने जाने से अधिक समय और ज्यादा पैसा और लम्बी दूरी तय करनी पडती है । वर्तमान मे हो रही भीषण बारिश की स्थिति का जायजा लेने पहुचे मीडिया कर्मियों को ग्रामीणो ने बताया है कि इस मार्ग निर्माण को पूरा कराए जाने हेतू ग्राम व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा पंचायत प्रति निधियों के द्वारा कई बार धरना रैली ज्ञापन दिया जा चुका है लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही जिससे यह मरबापाटी पाठे मेकलांचल क्षेत्र आज भी अपनी उपेक्षा का दंश झेल



रहा है सड़क निर्माण पूरा नही होने सूचना पटल नही होने से तथा आधा अधूरा काम छोड़ने से तरह-तरह की चर्चाए है कही बजट नही का रोना रोया जा रहा है तो कही ठेकेदार द्वारा कार्य विलम्ब के कारण ब्लेक लिस्टेड बताया जा रहा है सड़क पूरी तरह से ध्वस्त जन जीवन प्रभावित है मार्ग बंद सा होने से बच्चे स्कूल नही पहुच रहे है ग्रामीण जन संभाग शहडोल मुख्यालय तथा अनूपपुर जिला न्यायालय नही पहुच पाते है ग्रामीण क्षेत्रीय जन बाजार नही जा पाते है अपनी परम्परागत खेती का उपज कोदो कुटकी काकुन शामा को बाजार उपलब्ध नही हो पा रहा है यदि इस क्षेत्र के लोग गंभीर बीमारी से ग्रसित हो रेफर पर चार पहिया वाहन गांव गांव में प्रवेश इस आधे अधूरे निमार्णाधीन सड़क के कारण नही हो पाते हैअगर इमर्जेंसी तो फिर सब कुछ भगवान भरोसे है सूचना पटल, विभाग, एजेन्सी कौन-कौन है इस जानकारी से यह,क्षेत्र मरहूम है । ग्राम सरई, खुसुरगोड, घाटा, बैरागी, अलहाड, अलहवार सरई पतेरा मेडाखार, उफरी नगुला लेदरा, चंदनिया भमरहा के रहवासी इस आधुनिक युग इकसवीं सदी मे भी विकास से कोसो दूर तथा यह क्षेत्र बहुत-बहुत ज्यादा उपेक्षित है विभागीय उच्चाधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराते हुए ग्रामीण जनों ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण को पूरा कराए जाने की मांग की है जिससे इस गंभीर समस्या से छुटकारा मिल सके।

# बरसात में हर कमरे की छत बनी खतरा, जर्जर भवन में जान जोखिम में डालकर काम कर रहे अधिवक्ता और आमजन

## चंदिया तहसील भवनः नोटिस चस्पा, जिम्मेदारी खत्म!



**समाज जागरण**

चंदिया। सरकारी दफ्तरों की हालत सुधारने और कर्मचारियों- अधि कारियों के लिए सुरक्षित कार्यस्थल उपलब्ध कराने के दावे चंदिया तहसील भवन में आकर दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। वर्षों पुराने और जर्जर हो चुके तहसील भवन का बरसात के दिनों में हाल ऐसा है कि हर कमरे की छत और दीवारें खतरे की कहानी बयां करती दिखाई देती हैं। इसके बावजूद इसी भवन में अधिवक्ता, पक्षकार और आम नागरिक अपनी जरूरी सरकारी कार्यवाही के लिए पहुंचने को मजबूर हैं। बताया जा रहा है कि भवन की जर्जर हालत को देखते हुए शासन-प्रशासन की ओर से नोटिस जारी कर भवन पर चस्पा कर दिया गया है। लेकिन सवाल यह है कि सिर्फ नोटिस चस्पा कर देने से क्या जिम्मेदारी पूरी हो जाती है? यदि भवन वास्तव में इतना जर्जर है कि उसमें प्रवेश करना जोखिम भरा है, तो फिर यहां रोजाना अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और आम लोगों की आवाजाही क्यों जारी है?
बरसात के दौरान छतों से पानी टपकने, दीवारों में सीलन और भवन के कमजोर हिस्सों को देखकर किसी अनहोनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में कभी भी कोई हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर गिरा तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, यह बड़ा सवाल है।

**नोटिस लगा दिया, अब आगे भगवान मालिक!**

चंदिया तहसील भवन की स्थिति को लेकर लोगों में चर्चा है कि व्यवस्था ने भी शायद यही मान लिया है कि भवन जर्जर है तो नोटिस चस्पा कर दिया जाए, इसके बाद जो होगा देखा जाएगा। मगर सरकारी कार्यालय में आने वाले आम नागरिकों के पास विकल्प क्या है? उन्हें अपने काम के लिए इसी भवन में आना पड़ता है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि अधिवक्ता भी इसी जर्जर भवन में बैठकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उनके लिए न तो जर्जर छत कोई विकल्प है और न ही टूटती दीवारों से बचकर काम करने की कोई व्यवस्था।

**तहसील आएं तो पहले छत जरूर देख लें!**

व्यंग्य में ही सही, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए लोगों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति चंदिया तहसील अपने काम से आए तो भवन में प्रवेश करने से पहले एक बार ऊपर छत जरूर देख ले। और यदि संभव हो तो अपना बीमा भी करा ले, क्योंकि यहां फाइलों के साथ-साथ जान की सुरक्षा भी खुद ही करनी पड़ रही है।

अधिवक्ताओं का कहना है कि वे जनता की समस्याओं के लिए लगातार काम करते हैं। भवन जर्जर हो, छत टूटी हो या बरसात में पानी टपक रहा हो–काम तो करना ही है। हम अधिवक्ता हैं साहब, जर्जर भवन हो या टूटी हुई छत, सहना है और आगे बढ़ना है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग केवल नोटिस चस्पा करके इतिश्री करता है या फिर किसी बड़े हादसे का इंतजार किए बिना चंदिया तहसील के लिए सुरक्षित और नया भवन उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाता है।

# उद्योग बंधु एवं व्यापारी बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकर्स को दिए निर्देश

## पात्र उद्यमियों एवं व्यापारियों को शासन की योजनाओं से प्राथमिकता के आधार पर करें लाभान्वित



**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**


सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु एवं व्यापारी बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्यमियों एवं व्यापारियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा बैंक स्तर पर लंबित पत्रावलियों के निस्तारण की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित किया कि उद्यमियों एवं व्यापारियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत बैंकों में लंबित पत्रावलियों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बैंकर्स एवं एलडीएम को कड़े निर्देश दिए कि लाभार्थियों की पत्रावलियों पर अनावश्यक रूप से आपत्तियां लगाकर उन्हें निरस्त न किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी पत्रावली में कमी है तो लाभार्थी को अवगत कराते हुए आवश्यक सुधार की कार्रवाई कराई जाए, लेकिन बिना उचित कारण के पत्रावलियों को निरस्त करने की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने इस संबंध में कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता वाली योजना है। योजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बैंकर्स एवं एलडीएम को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बिना उचित कारण के लाभार्थियों की पत्रावलियां निरस्त किए जाने की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित बैंकर्स के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा प्रकरण में उच्च स्तर पर भी पत्राचार किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित बैंकर्स को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से संबंधित बैनर एवं पोस्टर सभी बैंक शाखाओं में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक युवा इस योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकें और पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। बैठक में जीएसटी विभाग के अधिकारी द्वारा व्यापारियों के लिए उपलब्ध बीमा सुविधा की जानकारी देते हुए बताया गया कि जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों को 10 लाख रुपये तक के बीमा का प्रावधान है। पंजीकृत व्यापारी के साथ दुर्घटना अथवा मृत्यु की स्थिति में नियमानुसार बीमा कंपनी द्वारा 10 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। जिलाधिकारी ने जीएसटी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त सुविधा का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जाए। योजना से लाभान्वित होने वाले पात्र लाभार्थियों को चेक वितरण का कार्यक्रम माननीय जनप्रतिनिधिगण के माध्यम से कराया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को योजना की जानकारी प्राप्त हो सके। इस दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र किसानों को योजना का लाभ समय से उपलब्ध कराया जाए तथा योजना से संबंधित लंबित प्रकरणों का प्राथ मिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद में कंपनियों एवं उद्योगों से संबंधित लंबित पत्रावलियों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कंपनियों एवं उद्यमियों से संबंधित पत्रावलियों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र उद्यमियों एवं व्यापारियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित किया जाए। बैठक में उपायुक्त उद्योग विनोद कुमार चौधरी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी, पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, बैंकर्स तथा उद्योग बंधु एवं व्यापारी बंधु के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# पारिवारिक विवाद में भिड़े तीन लोग, चालान

**समाज जागरण/ सन्तोष कुमार**

बीजपुर/ सोनभद्र । स्थानीय थाना क्षेत्र के पुनर्वास प्रथम में सोमवार को पारिवारिक विवाद को लेकर आपस में झगड़ रहे तीन लोगों को पुलिस ने शांति व्यवस्था के दृष्टिगत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान तीनों पक्ष आपस में गाली-गलौज करने लगे और मारपीट पर आमादा हो गए। काफी समझाने-बुझाने के बावजूद जब स्थिति सामान्य नहीं हुई तो पुलिस ने तीनों के विरुद्ध कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक सोमवार को अभियान के तहत थाना बीजपुर पुलिस जांच प्रार्थना पत्र के संबंध में ग्राम पुनर्वास प्रथम पहुंची थी। यहां रामचन्दर यादव (35) पुत्र स्व. शोभनाथ यादव, सीता देवी (40) पत्नी कन्हैया लाल यादव



तथा सुरेश गुप्ता (40) पुत्र रामदुलारे, सभी निवासी ग्राम पुनर्वास प्रथम, पारिवारिक विवाद को लेकर आपस में विवाद कर रहे थे। पुलिस द्वारा मामले की जानकारी लेने के दौरान ही तीनों गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने विवाद शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन तीनों पक्ष समझाने के बावजूद शांत नहीं हुए। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने तीनों को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर लिया । तीनों को सोमवार को पुनर्वास प्रथम से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय दुद्धी भेज दिया गया।
गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल भानू प्रताप सिंह तथा महिला कांस्टेबल प्रियंका कुमारी शामिल रहीं।

# लगातार बारिश से बढ़ा नदियों और बांधों का जलस्तर, अलर्ट मोड पर जिला प्रशासन

**समाज जागरण/**
**अनिल कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जिले में लगातार हो रही बारिश का असर अब नदियों और बांधों के जलस्तर पर साफ दिखाई देने लगा है। कनहर डैम का जलस्तर 262.300 मीटर के पार पहुंच गया है, जिसके बाद जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए डैम के दस फाटक खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। छत्तीसगढ़ समेत आसपास के कैचमेंट एरिया में लगातार हो रही बारिश से जलस्रोतों में पानी की आवक बढ़ी है। कनहर डैम के साथ ही रिहंद डैम, ओबरा डैम और सोन नदी में भी पानी की आवक बढ़ रही है। जलस्तर और पानी की आवक पर प्रशासन की लगातार नजर बनी हुई है। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित बांधों के फाटक खोले जा सकते हैं। इसे देखते हुए नदी और बांध क्षेत्रों में निगरानी के लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई है।
लगातार बारिश के बीच जिला प्रशासन ने लोगों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। नदी-नालों के बढ़ते जलस्तर की आशंका को देखते हुए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी नदी किनारे बसे ग्रामीण इलाकों में पहुंचकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। ओबरा एसडीएम और सीओ समेत पुलिस बल क्षेत्र में भ्रमण कर ग्रामीणों से सावधानी बरतने की अपील कर रहे हैं। एसडीएम ओबरा के नेतृत्व में रेणुका नदी के किनारे स्थित चकाड़ी, गुरुर, खैरटिया और ओबरा डैम के आसपास जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीणों को नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नदी किनारे नहीं जाने की सलाह दी जा रही है। विशेष रूप से लोगों से अपने बच्चों और पशुओं को नदी एवं बांध क्षेत्र से दूर रखने की अपील की गई है। प्रशासन ने लोगों को आगाह किया है कि लगातार बारिश के दौरान नदियों का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है। ऐसे में नदी किनारे जाना, तेज बहाव वाले स्थानों पर उतरना या जलभराव वाले क्षेत्रों में जाना जानलेवा हो सकता है। ग्रामीणों से किसी भी तरह की आपात स्थिति होने पर तत्काल प्रशासन या पुलिस को सूचना देने की अपील की गई है। जिला प्रशासन की ओर से कंट्रोल रूम के माध्यम से बांधों और नदियों के जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और आवश्यकता के अनुसार तत्काल कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य बारिश के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और नदी किनारे रहने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# नगर पंचायत घोरावल मे नालियों की नियमित सफाई न होने और जलभराव से लोगों मे रोष

**संवाददाता -डॉ. अरुण पाण्डेय**
**"गुरुजी"दैनिक समाज जागरण**



घोरावल/ सोनभद्र। बारिश के मौसम मे नगर पंचायत घोरावल मे नालियों मे जलभराव की समस्या नगर पंचायत की उदासीनता को दर्शा रहा है. नगर मे नालियों की नियमित साफ सफाई न होने से बरसात का पानी नालियों से ओवरफ्लो होकर सड़क पर बह रहा है साथ ही साथ मछरों का आतंक भी बढ़ गया है. ज्ञात हो की घोरावल नगर पंचायत मे हर साल लाखों रुपए का बजट नाली निर्माण के लिए आता है लेकिन नालियों के पानी के निकास की कोई व्यस्था न होने के कारण हर साल बरसात मे समस्या जस की तस बनी रहती है जिसपर नगर पंचायत का कोई ध्यान नही है. और तो और किसी भी वार्ड मे नाली मानक के अनुरूप पूरी नही बनी है जिसके कारण नाली मे पानी भर जाने पर नाली का पानी सड़क पर बहने लगता है.नाली के साफ सफाई का आलम यह है की नालियों मे कचरा भरा पड़ा है जिससे गंदगी के कारण मछरों का आतंक चरम पर है. यहाँ तक की मछर की समस्या से निपटने के लिये नियमित फॉगिंग/एंटी-लार्वा छिड़काव की भी यवस्था नही कराई जा रही है जिससे मच्छरजनित बीमारियों से लोगों का बचाव हो सके.नगर पंचायत के ढीलमुल रवैये के कारण आमजन मे रोष व्याप्त है।

# आम के पेड़ के सहारे लटकता मिला महिला का शव, मचा हड़कंप

**समाज जागरण/**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। हाथीनाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत के टोला भवानी कटरिया के जंगल में एक महिला का शव आम के पेड़ में रस्सी के सहारे लटकते हुए मिला, जांच में जुटी चोपन पुलिस मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत के टोला भवानी कटरिया के जंगल में मेदारदह अनपरा निवासी सहोदरी देवी उम्र लगभग 19 वर्ष पत्नी सुदर्शन महिला का शव घर से लगभग छः सौ मीटर दूर पहाड़ी के पास आम के पेड़ में रस्सी के सहारे लटकते हुए मिला, वही इसकी जानकारी मृतक स्वजनों द्वारा शौच के लिए जंगल के गए थे तभी देखा तो तत्काल घर लोगों बताया गया और जिसके उपरांत सोमवार को दोपहर लगभग तीन बजे इसकी सूचना चोपन पुलिस को दी गई।

जहां सूचना पाकर मौके पर चोपन पुलिस ने अग्रीम कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया है।

# बभनी घघरी मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली पलटा, आवागमन हुआ बाधित

**समाज जागरण/ सन्तोष कुमार**



सोनभद्र। घघरी ग्राम पंचायत के मुख्य जंगल मार्ग पर सोमवार को बालू से लदा एक ट्रैक्टर पलट गया। यह दुर्घटना सड़क की जर्जर और अधूरी हालत के कारण हुई। ट्रैक्टर निर्माण कार्य के लिए बालू लेकर जा रहा था। हादसे के बाद मार्ग पर कुछ समय के लिए आवागमन बाधित रहा। हालांकि, इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या गंभीर क्षति नहीं हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क की अत्यधिक खराब स्थिति और अधूरे निर्माण कार्य के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में इस मार्ग की हालत और भी बदतर हो जाती है, जिससे राहगीरों, ग्रामीणों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस जर्जर मार्ग पर पहले भी कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस मार्ग की बदहाली को लेकर संबंधित अधिकारियों से लेकर जिलाधिकारी तक कई बार पत्राचार किया जा चुका है। इसके बावजूद, वर्षों से चली आ रही स्थायी सड़क निर्माण की मांग पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है, जिससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। उमंग गुप्ता ने कहा कि घघरी जंगल मार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन का एक महत्वपूर्ण साधन है। सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को आए दिन जोखिम उठाना पड़ता है। उन्होंने संबंधित विभाग और प्रशासन से सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल सके। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को जेसीबी की मदद से सड़क से हटाकर रास्ता बहाल किया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का स्थायी निर्माण नहीं कराया गया, तो वे तीव्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# फर्जी दस्तावेजों से भूमि पर वरासत का दावा करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण/**
**आदिवासी सुनील त्रिपाठी**




जुगैल/ सोनभद्र। फर्जी एवं कूटरचित अभिलेख तैयार कर स्वर्गीय भजन की भूमि पर वरासत का दावा करने के मामले में जुगैल पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी राम बच्चन पुत्र रामगुलाम, निवासी ग्राम गोठानी, थाना जुगैल को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल निर्देशन में थाना जुगैल पुलिस टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी की। पुलिस के मुताबिक वर्ष 2014-15 में आरोपी राम बच्चन द्वारा फर्जी आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र तैयार कराए गए थे। इन दस्तावेजों के आधार पर अभिलेखों में स्वयं को राम बच्चन पुत्र स्व. भजन दर्ज कराया गया और स्वर्गीय भजन का पुत्र होने का दावा करते हुए उनकी भूमि पर वरासत हासिल करने के लिए न्यायालय में मुकदमा दाखिल किया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस एवं संबंधित स्तर से किए गए साक्ष्यों और अभिलेखों की जांच में फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार किए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद थाना जुगैल में मु.अ.सं.-0061/2026 दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 318(4), 319 (2), 125(2), 352, 351 (2), 338, 336(2), 336(3) और 340(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया। मुकदमे में वांछित चल रहे राम बच्चन को 31 अगस्त 2026 को सुबह करीब 7:15 बजे उसके घर ग्राम गोठानी से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विपिन बिहारी राय, हेड कांस्टेबल शिवदास, हेड कांस्टेबल श्यामशेर और कांस्टेबल कोमल सिंह शामिल रहे।

# राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित हुई सोनभद्र की शिक्षिका मीरा सिंह

**समाज जागरण/**
**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**




सोनभद्र। जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग के लिए गौरव का क्षण है। विकासखंड चोपन के उच्च प्राथमिक विद्यालय गड़ईडीह की सहायक अध्यापिका मीरा सिंह का चयन राज्य शिक्षक पुरस्कार-2025 के लिए किया गया है। राज्य स्तरीय चयन समिति की बैठकों में लिए गए निर्णय के क्रम में जारी सूची में उनका नाम शामिल है। शासन द्वारा जारी सूची के अनुसार प्रदेश के कुल 61 शिक्षक-शिक्षिकाओं को राज्य शिक्षक पुरस्कार-2025 के लिए अनुमोदित किया गया है। मीरा सिंह ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET), सोनभद्र से बीटीसी प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद वर्ष 2011 में प्राथमिक विद्यालय चोपन में नियुक्त होकर अपने शिक्षकीय जीवन की शुरूआत की। वर्ष 2015 में प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति के बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय यादव बस्ती में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। वर्ष 2025 में हुए समायोजन के बाद वर्तमान में वह उच्च प्राथमिक विद्यालय गड़ईडीह, विकासखंड चोपन में सहायक अध्यापिका के रूप में कार्यरत हैं। मीरा सिंह की पहचान एक रचनात्मक और नवाचारी शिक्षिका के रूप में है। वह आर्ट एंड क्राफ्ट तथा रचनात्मक टीएलएम के माध्यम से विद्यार्थियों की अधिगम क्षमता को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करती हैं। कठिन और जटिल विषयों को गतिविधियों, मॉडल, चित्रों, कला और प्रयोगों से जोड़कर बच्चों के लिए सरल एवं सहज बनाने की उनकी शिक्षण शैली विशेष रूप से प्रभावी मानी जाती है। उनकी कक्षा में गतिविधि आधारित और करके सीखने की पद्धति को विशेष महत्व दिया जाता है। बच्चों को विषय की अवधारणाओं को स्वयं अनुभव करने तथा गतिविधियों के माध्यम से समझने का अवसर मिलता है। रचनात्मक टीएलएम के जरिए वह अमूर्त एवं कठिन अवधारणाओं को बच्चों के अनुभवों से जोड़ती हैं, जिससे उनमें जिज्ञासा, सहभागिता, कल्पनाशीलता और सीखने की रुचि विकसित होती है।
शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से समर्पित भाव से कार्य करते हुए मीरा सिंह ने शिक्षण को केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि बच्चों की क्षमताओं को पहचानकर उन्हें रचनात्मक तरीके से विकसित करने पर जोर दिया।

वर्ष 2011 में शुरू हुआ उनका शिक्षकीय सफर अब राज्य शिक्षक पुरस्कार तक पहुंचा है। उनका चयन उनके समर्पण, नवाचार और बाल-केंद्रित शिक्षण दृष्टिकोण का सम्मान होने के साथ ही सोनभद्र के लिए भी गौरव की उपलब्धि है। मीरा सिंह के चयन पर विद्यालय परिवार, शिक्षक समुदाय और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सोनभद्र एवं समस्त बेसिक शिक्षा परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएं दी गई हैं।

# उद्योग बंधु की बैठक में व्यापारी हित के मुद्दे प्रमुखता से उठे, बैंकों को समयबद्ध ऋण निस्तारण के निर्देश

**समाज जागरण/**
**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित उद्योग बंधु की बैठक में व्यापारी, युवा और नए उद्यमियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। बैठक में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, सोनभद्र के पदाधिकारियों ने व्यापारियों की समस्याओं के साथ-साथ स्वरोजगार और ऋण योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही दिक्कतों को प्रशासन के सामने रखा। बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र जायसवाल ने चुर्क रेलवे स्टेशन रोड की खराब स्थिति का मुद्दा उठाते हुए सड़क को दुरुस्त कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि सड़क की बदहाल स्थिति के कारण स्थानीय व्यापारियों और आम लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री की विभिन्न स्वरोजगार एवं ऋण योजनाओं में बैंकों द्वारा की जा रही अनावश्यक हीलाहवाली का मामला भी बैठक में उठाया गया।
व्यापार मंडल की ओर से बताया गया कि सरकारी योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों द्वारा ऋण के लिए आवेदन किए जाने के बावजूद कई मामलों में बैंकों की ओर से अनावश्यक देरी की जाती है। इससे युवाओं, व्यापारियों और नए उद्यमियों को स्वरोजगार शुरू करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने बैंकों को पात्र लाभार्थियों के ऋण आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पात्र लाभार्थियों को समय से ऋण उपलब्ध कराने में अनावश्यक लापरवाही या हीलाहवाली पाए जाने पर संबंधित बैंक के विरुद्ध एफ आईआर सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को मुख्यमंत्री की विभिन्न स्वरोजगार एवं ऋण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक पात्र युवा, व्यापारी और उद्यमी इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियों को योजनाओं के आवेदनों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं समय बद्धता बनाए रखने पर जोर दिया।
अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी के त्वरित एवं जनहितकारी निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि प्रशासन के इस तरह के सख्त निर्देशों से युवाओं, व्यापारियों और नए उद्यमियों को सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा।
बैठक में प्रभारी मुख्य संरक्षक हाजी सलीम हुसैन सहित अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, सोनभद्र के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। संगठन ने व्यापारी हित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए प्रशासन के साथ निरंतर सहयोग एवं संवाद बनाए रखने की बात कही।

# जनपद से सैकड़ों कार्यकर्ता दिल्ली रवाना, भाकपा की 1 सितंबर को रामलीला मैदान रैली में होंगे शामिल

**समाज जागरण/**
**अवधेश कुमार गुप्ता**




सोनभद्र। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के आह्वान पर 1 सितंबर 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली विशाल रैली में शामिल होने के लिए सोनभद्र से सैकड़ों कार्यकर्ता दिल्ली रवाना हुए। ये कार्यकर्ता 30 अगस्त 2026 को चोपन रेलवे स्टेशन से त्रिवेणी एक्सप्रेस द्वारा दिल्ली के लिए निकले। इनमें भाकपा के सदस्य, किसान, मजदूर, महिलाएं और युवा शामिल हैं। सोनभद्र से दिल्ली जाने वाले इन कार्यकताओं का नेतृत्व भाकपा जिला सह सचिव कामरेड देव कुमार विश्वकर्मा कर रहे हैं। कार्यकताओं में रैली को लेकर उत्साह है। वे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसान-मजदूरों के अधिकार और देश में जनपक्षीय बदलाव जैसे मुद्दों को दिल्ली के रामलीला मैदान तक पहुंचाना चाहते हैं। भाकपा नेताओं ने बताया कि देश में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक संकट से आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी उपज का उचित मूल्य, मजदूर सम्मानजनक मजदूरी और रोजगार की मांग कर रहे हैं। साथ ही, गरीब एवं ग्रामीण जनता के लिए बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की आवश्यकता है। यह रैली भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड डी. राजा के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है। रैली का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाना और किसान, मजदूर, युवा, महिला तथा आम जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष को मजबूत करना है। कामरेड देव कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि सोनभद्र की मेहनतकश जनता की आवाज अब दिल्ली के रामलीला मैदान में भी बुलंद होगी। उन्होंने जोर दिया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसान- मजदूरों के अधिकार और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर संघर्ष को और व्यापक किया जाएगा। दिल्ली रवाना होने वालों में कामरेड चंदन प्रसाद, रामजन्म मौर्य, नागेंद्र मौर्य, प्रेमचंद गुप्ता, अमरनाथ सूर्य, जग बंधन, बाबूलाल, जरनाथ बैगा, तारकेश्वर गुप्ता, रामराज, महेंद्र बनारसी, अंतलाल, बुधराम, राम सूरत, राम प्यारे, रामनाथ, सोनामती, फुलबसिया, सोनी, राजकुमारी, इसर वती श्रेखा, लालबहादुर, सुकवारी, शांति देवी, फागुनी, देवन्ति, भगवंती, लालचंद, रामजीत, बबलू, बांस लाल, रामलख्न, बुधन, सोनमति, इंद्रावती, उर्मिला, मीना, मंजू, मुन्नीलाल, जायसिंह और कैलाश प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# सुबह निर्धारित समय से देर तक बंद मिला उच्च प्राथमिक विद्यालय फुलवार, सड़क पर खड़े रहे बच्चे

• ~ देर से स्कूल पहुंचने पर सवाल पूछने पर कथित अभद्र व्यवहार का आरोप, BSA से जांच व कार्रवाई किए जाने की मांग

ग्रामीणों ने शिक्षिका पर लगाए गंभीर आरोप

**समाज जागरण/**
**अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। विकासखंड दुद्धी के ग्राम सभा फुलवार स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय फुलवार (सुई चट्टान) में कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। ग्रामीणों द्वारा 31 अगस्त 2026 को किए गए औचक निरीक्षण के दौरान सुबह 08:24 बजे तक विद्यालय बंद मिलने का दावा किया गया। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय के बाहर कई बच्चे सड़क किनारे खड़े होकर स्कूल खुलने का इंतजार कर रहे थे। मौके से GPS फोटो एवं वीडियो साक्ष्य होने का भी दावा किया गया है। बताया गया कि GPS रिकॉर्ड के अनुसार स्थान सुई चट्टान, उत्तर प्रदेश तथा समय 08:24 अट दर्ज था।निरीक्षण के दौरान संतोष कुमार विश्वकर्मा, प्रेम शंकर यादव, उपेंद्र राव, सूयार्भारती, विकास चौधरी, सूर्य कुमार सहित दर्जनों ग्रामवासी मौजूद रहे।
ग्रामीणों का आरोप है कि उनके मौके पर पहुंचने के बाद लगभग 08:30 बजे शिक्षिका श्रीमती सुषमा स्वराज शर्मा विद्यालय पहुंचीं। ग्रामीणों का कहना है कि जब उनसे विद्यालय देर से आने के संबंध में सवाल किया गया तो शिक्षिका ने कथित तौर पर अभद्र भाषा में जवाब दिया कि तुम्हारा यही काम है, तुम यही करोगे। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि शिक्षिका के नियमित रूप से देर से आने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।उनका कहना है कि इस संबंध में पहले भी वीडियो बनाकर शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।मामले को लेकर ग्रामवासियों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब विद्यालय खुलने के समय बच्चे सड़क पर खड़े होकर इंतजार करें, तो उनकी सुरक्षा और शिक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा?
ग्राम सभा फुलवार के ग्रामीणों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA), सोनभद्र से मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही विद्यालय में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा बच्चों की नियमित पढ़ाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की गई है।
मामले की जांच हो, जिम्मेदारी तय हो और बच्चों की शिक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त न की जाए। खबर में लगाए गए आरोप ग्रामीणों के दावों पर आधारित हैं। संबंधित शिक्षिका एवं शिक्षा विभाग का पक्ष उपलब्ध होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

# चोपन पुलिस ने चोरी का किया खुलासा , तीन आरोपी गिरफ्तार , दो बाल अपचारी भी अभिरक्षा में

**समाज जागरण/**
**अनिल कुमार अग्रहरी**




सोनभद्र। थाना चोपन पुलिस ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई दो बैटरी, दो क्षतिग्रस्त इन्वर्टर, एक क्षतिग्रस्त स्टेबलाइजर और एक टुल्लू पंप बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक चोपन गोपाल जी गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम चोरी की घटना के खुलासे के लिए लगातार सुरागरसी-पतारसी में जुटी थी। पुलिस के मुताबिक थाना चोपन में दर्ज मु0अ0सं0 336/2026, धारा 305(ई), 331(4) बीएनएस से संबंधित चोरी की घटना 29/30 अगस्त 2026 की रात पीएसी कैंप कनछ में हुई थी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश और चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए जांच शुरू की। इसी क्रम में 31 अगस्त 2026 को सुबह 7:20 बजे चोपन पुलिस टीम ने बैरिहवा मोड़ बस स्टैंड, सलखन के पास से चोरी की घटना से संबंधित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सुनील धरिकार उर्फ धाकड़, निवासी कनछ और वर्तमान निवासी बैरिहवा टोला सलखन, गुड्डु धरिकार उर्फ गोलू, निवासी कनछ तथा मौसमी उर्फ मौसम, पत्नी सुनील धरिकार उर्फ धाकड़ शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों की उम्र क्रमशः करीब 35, 40 और 32 वर्ष बताई गई है। दो बाल अपचारियों की उम्र करीब 15 और 17 वर्ष है। पुलिस ने पूछ ताछ और आरोपियों की निशानदेही के आधार पर चोरी का सामान बरामद किया। बरामद सामान में दो बैटरी, दो क्षतिग्रस्त इन्वर्टर, एक क्षतिग्रस्त स्टेबलाइजर और एक टुल्लू पंप शामिल हैं। बरामदगी के आधार पर दर्ज मुकदमे में धारा 317(2) और 324(4) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस के अनुसार मामले में गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।
कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता, उप निरीक्षक रामज्ञान सिंह यादव, कांस्टेबल राहुल यादव, कांस्टेबल शिवम सरोज और महिला आरक्षी प्राची शुक्ला शामिल रहे।

# अधौरा- रम्पाकुरर सम्पर्क मार्ग की पुलिया बही, भारी बारिश से आवागमन बाधित, ग्रामीणों को परेशानी

**समाज जागरण/ सन्तोष कुमार**

सोनभद्र। बभनी ब्लॉक क्षेत्र की सतबहनी ग्राम पंचायत के अधौरा गांव में भारी बारिश के कारण एक संपर्क मार्ग की पुलिया बह गई है। सोमवार रात हुई बारिश के बाद मंगलवार सुबह यह घटना सामने आई, जिससे अधौरा से रम्पाकुरर और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाले मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात से लगातार हो रही बारिश के कारण मंगलवार सुबह अधौरा चौराहे से रम्पाकुरर बाजार जाने वाले मार्ग पर बाबूलाल के घर के पास बनी पुलिया पूरी तरह टूटकर बह गई पुलिया बह जाने से अधौरा से दरीटोला, झपरा, नवाटोला, रम्पाकुरर और छत्तीसगढ़ आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों के स्कूल जाने का मार्ग भी बाधित हो गया है।

बभनी क्षेत्र में सोमवार रात से ही लगातार बारिश हो रही थी। मंगलवार सुबह कुछ घंटों के लिए बारिश रुकी, लेकिन फिर से शुरू हो गई। ग्रामीणों में मुकेश कुमार, देवसिंह, रामबली, भगवान दास, विजय, जितेंद्र कुमार और देवनारायण सहित अन्य ने जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने संबंधित विभाग से मामले की जांच कराकर वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।

# गलगलिया में 10 लाख की ब्राउन शुगर के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार



**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गलगलिया थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके घर से 50 ग्राम ब्राउन शुगर/हेरोइन, 750 रुपये नकद और एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ का अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य करीब 10 लाख रुपये आंका गया है।

गिरफ्तार महिला की पहचान सबाना खातून (44 वर्ष), पति मोहम्मद मुस्ताक, निवासी लकड़ी डिपो, थाना गलगलिया, जिला किशनगंज के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, एसपी संतोष कुमार के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ-2 मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में एएनटीएफ टीम और गलगलिया पुलिस ने महिला के घर पर विधिवत छापेमारी की। तलाशी के दौरान मादक पदार्थ और अन्य सामान बरामद हुआ।

पुलिस का कहना है कि पूछताछ में महिला ने घर में मादक पदार्थ का भंडारण कर खरीद-बिक्री करने की बात स्वीकार की है। मामले में गलगलिया थाना कांड संख्या 85/26, दिनांक 30 अगस्त 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(c)/21(b) में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अब मामले में शामिल अन्य लोगों तथा मादक पदार्थ के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज का पता लगाने में जुटी है। साथ ही अपराध से अर्जित अवैध संपत्ति का पता लगाकर उसे नियमानुसार जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# DCLR रिश्वत कांड में जांच आगे बढ़ी, तीन बैंक खाते फ्रीज; जमीन के दो दस्तावेज भी मिले

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

समस्तीपुर। रोसड़ा की भूमि सुधार उप समाहर्ता (DCLR) कंचन कुमारी झा के रिश्वत कांड में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। निगरानी की ताजा प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अनुसंधान के दौरान तीन बैंक खातों की जानकारी मिली है, जिनमें कुल 10.27 लाख रुपये जमा हैं। तीनों खातों को फ्रीज करने की कार्रवाई की गई है।

निगरानी के अनुसार, कांड के अनुसंधान के क्रम में ग्रामीण जमीन की खरीद से संबंधित दो दस्तावेज भी मिले हैं। इन दस्तावेजों के संबंध में अग्रतर जांच की जा रही है।

बताया गया कि ट्रैप कार्रवाई के दौरान रिश्वत की राशि बरामद होने के बाद अभियुक्त के हाथ के धोवन का नमूना भी घटनास्थल से जब्त किया गया था। विशेष न्यायालय निगरानी, मुजफ्फरपुर से आदेश प्राप्त कर अब इसे वैज्ञानिक जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

निगरानी थाना कांड संख्या 103/2026 में DCLR कंचन कुमारी झा एवं उनके घरेलू नौकर सुमित कुमार को प्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया है। दोनों को 27 अगस्त को दो लाख रुपये रिश्वत तथा करीब 37 हजार रुपये कीमत की नई वाशिंग मशीन से संबंधित ट्रैप कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया गया था। आवास की तलाशी में 13.82 लाख रुपये अतिरिक्त नकद भी बरामद हुए थे।

निगरानी के मुताबिक, कांड में अनुसंधान जारी है और शीघ्र ही अनुसंधान पूरा कर आरोप पत्र समर्पित करने तथा त्वरित विचारण की कार्रवाई का प्रयास किया जाएगा। वहीं, विभागीय आदेश के आलोक में परिवादी द्वारा रिश्वत के रूप में दी गई दो लाख रुपये की राशि और 37 हजार रुपये कीमत की वाशिंग मशीन की राशि की प्रतिपूर्ति करने की कार्रवाई भी की जाएगी।



**परिवादी को दी गई पूरी प्रक्रिया की जानकारी**

कांड के परिवादी मनोज कुमार 31 अगस्त को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना पहुंचे। उन्हें ट्रैप की कार्रवाई और आगे की अनुसंधान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। निगरानी के अनुसार, जानकारी मिलने के बाद परिवादी ने संतोष व्यक्त किया और ट्रैप टीम के अधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति आभार जताया।

**2026 में अब तक 95 ट्रैप, 93 गिरफ्तार**

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2026 में अब तक 95 ट्रैप कांड दर्ज करते हुए 93 अभियुक्तों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 34 लाख 34 हजार 800 रुपये रिश्वत की राशि तथा एक नई वाशिंग मशीन बरामद की गई है। वर्ष 2025 में कुल 101 ट्रैप कांड दर्ज किए गए थे।

विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 में अब तक प्रति माह औसतन 11.8 ट्रैप कांड दर्ज हुए हैं, जबकि वर्ष 2025 में यह औसत 8.4 था। निगरानी के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ट्रैप कार्रवाई में करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने कहा है कि वह भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई के लिए संकल्पित है। किसी लोक सेवक द्वारा रिश्वत की मांग किए जाने पर आम लोगों से समय पर शिकायत करने की अपील की गई है।

# एमजीएम कॉलेज से गूंजा नशामुक्ति का संदेश, डीएम-एसपी ने किया अभियान का शुभारंभ





**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

नशे के खिलाफ प्रशासनिक पहल और सामाजिक जागरूकता को मजबूत करने के उद्देश्य से सोमवार को एमजीएम कॉलेज, किशनगंज में नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी नवीन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर अभियान की शुरूआत की।

इस अवसर पर डीएम नवीन कुमार ने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा परिवार और समाज में भी नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने की अपील की। वहीं एसपी संतोष कुमार ने नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को सजग करते हुए नशे से पूरी तरह दूरी बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

एमजीएम कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं एवं आमजनों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में एमजीएम कॉलेज के रजिस्ट्रार डॉ. इच्छित भारत की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए शिक्षण संस्थानों के माध्यम से निरंतर जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और मजबूत समाज के निर्माण के लिए युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से बचाना बेहद जरूरी है।

एमजीएम कॉलेज में आयोजित यह कार्यक्रम प्रशासन और शिक्षण संस्थान के बेहतर समन्वय का उदाहरण बना। कॉलेज परिसर से दिया गया नशामुक्ति का संदेश युवाओं के साथ समाज के अन्य वर्गों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव मिक्की शाहा, एमजीएम कॉलेज के विद्यार्थी, चिकित्सक, शिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 2 सितंबर से घर-घर पहुंचेगी स्वास्थ्य विभाग की टीम, होगी गंभीर बीमारियों की जांच



**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

बीमारी के गंभीर होने का इंतजार किए बिना अब स्वास्थ्य विभाग लोगों के घर तक पहुंचेगा। जिले में ह्यजांच एवं उपचार चिकित्सा आपके द्वारह्व अभियान की शुरूआत 2 सितंबर से होगी। यह विशेष अभियान 30 नवंबर तक चलेगा। इसके तहत घर-घर जाकर गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, जोखिम वाले लोगों की पहचान, जांच, उपचार और फॉलोअप किया जाएगा।

अभियान के दौरान विशेष रूप से 30 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों की उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर, गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (NAFLD) और सीओपीडी जैसी बीमारियों के लिए जांच की जाएगी। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी जुटाएंगी और संदिग्ध व उच्च जोखिम वाले लोगों को आगे की जांच के लिए स्वास्थ्य संस्थानों से जोड़ेंगी।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान को लेकर जिले के सभी पीएचसी और सीएचसी में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जांच, दवा, मानव संसाधन, रेफरल और फॉलोअप की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया गया है। आवश्यकता के अनुसार ब्लड शुगर, एचबीए1सी, लिपिड प्रोफाइल, लिवर व किडनी फंक्शन टेस्ट, ईसीजी और पैप स्मीयर जैसी जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

जिला गैर-संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. उर्मिला कुमारी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों की जांच करना नहीं, बल्कि उन लोगों तक भी स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है, जो लक्षण नहीं होने के कारण अपनी जांच नहीं कराते हैं। समय पर बीमारी की पहचान होने से उपचार जल्द शुरू किया जा सकेगा।

जिलाधिकारी नवीन कुमार ने स्वास्थ्यकर्मियों को अभियान को गंभीरता से संचालित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि घर पहुंचने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक जानकारी दें और अपनी स्वास्थ्य जांच में सहयोग करें।

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि चिन्हित मरीजों को केवल सूचीबद्ध करने तक अभियान सीमित नहीं रहेगा। उन्हें जांच, चिकित्सकीय परामर्श, दवा, जरूरत पड़ने पर उच्चतर स्वास्थ्य संस्थान में रेफरल और नियमित फॉलोअप से जोड़ा जाएगा। अभियान की प्रगति की ऑनलाइन निगरानी भी की जाएगी।

# बिजली बोर्ड पार्क बना नशेड़ियों का अड्डा, शौचालय का दरवाजा उखाड़ ले गए बदमाश

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के शास्त्री नगर स्थित बिजली बोर्ड का पार्क शाम के समय बंद रहने के कारण असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का मुख्य अड्डा बनता जा रहा है। पार्क में निगरानी व्यवस्था के अभाव का फायदा उठाकर बदमाश न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि स्थानीय लोगों की परेशानी भी लगातार बढ़ा रहे हैं। स्थिति यह है कि असामाजिक तत्व पार्क परिसर में बने शौचालय का दरवाजा तक उखाड़ कर ले गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ दिन पहले पार्क में स्थित महिला जिमखाने का कैश काउंटर भी बदमाश उखाड़ कर ले गए थे। पहले शाम के समय भी पार्क खुला रहता था, जिससे वहां लोगों की आवाजाही बनी रहती थी और नशेड़ियों का जमावड़ा नहीं लग पाता था। अब शाम में पार्क बंद होने के बाद परिसर पूरी तरह सुनसान हो जाता है, जिसका फायदा उठाकर असामाजिक तत्व वहां आसानी से पहुंच जाते हैं। सुबह की सैर करने वालों के लौटने के बाद भी पार्क में नशेड़ियों का कब्जा हो जाता है। पार्क परिसर में ही एक शिव मंदिर भी स्थित है। सावन और चातुर्मास के पवित्र दिनों में शाम के समय पार्क बंद रहने के कारण आसपास के शिव भक्तों को संध्या पूजा-पाठ करने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। भक्तों को पूजा-अर्चना के लिए मजबूरन अन्य मंदिरों का रुख करना पड़ा, जिससे स्थानीय लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंची है। इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए बिजली बोर्ड के सिविल इंजीनियर अजीत कुमार ने कहा कि शौचालय में नया दरवाजा दोबारा जल्द लगवा दिया जाएगा। उन्होंने पार्क में नशेड़ियों के बढ़ते जमावड़े और तोड़फोड़ की घटना को बेहद गंभीरता से लिया है। प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।



# पटना के दानापुर में सगुना मोड़ के पास युवकों द्वारा खुलेआम गोलीबारी का वीडियो वायरल, इलाके में दहशत



**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दानापुर थाना क्षेत्र के सगुना सामुदायिक भवन कुआं के पास रविवार की देर रात अपराधियों का दुस्साहस देखने को मिला। यहां तीन युवकों द्वारा खुलेआम दनादन फायरिंग करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और स्थानीय लोगों के बीच भारी दहशत का माहौल कायम है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि रविवार की देर रात तीन युवक हाथ में पिस्तौल लेकर बेहद बेखौफ अंदाज में अंधाधुंध फायरिंग कर रहे हैं। इस अचानक हुई गोलीबारी से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई थी। गोलियों की गूंज सुनकर सहमे हुए स्थानीय लोग अपने घरों में दुबक गए। गनीमत यह रही कि इस अंधाधुंध फायरिंग में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। स्थानीय लोगों के अनुसार, उपद्रवियों द्वारा करीब एक दर्जन राउंड फायरिंग की गई, जिससे पूरा इलाका दहल उठा। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से करीब 8 खाली खोखे (कारतूस) भी बरामद किए हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए दानापुर थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि वायरल वीडियो की गहनता से जांच की जा रही है। वीडियो के आधार पर फायरिंग करने वाले युवकों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

# पटना के फतुहा में बीस सूत्री बैठक में मोमिंदपुर, करविहंगा व बुद्धदेवचक को नगर परिषद में शामिल करने का कड़ा विरोध



**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फतुहा प्रखंड सभागार में सोमवार को बीस सूत्री समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष विनोद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ जनहित के कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान ग्रामीण इलाकों को नगर परिषद में शामिल करने का मामला मुख्य रूप से छाया रहा। बैठक के दौरान बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह जदयू के प्रखंड अध्यक्ष रणधीर यादव ने पंचायत क्षेत्र के कुछ चुनिंदा गांवों को नगर परिषद में शामिल किए जाने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मोमिंदपुर, करविहंगा और बुद्धदेवचक जैसे गांवों को नगर परिषद के दायरे में लाने से स्थानीय ग्रामीणों के हित सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। रणधीर यादव ने तर्क दिया कि इन गांवों की भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियां पूरी तरह ग्रामीण परिवेश और कृषि पर आधारित हैं। अधिकांश ग्रामीण खेती-किसानी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े हैं। नगर परिषद में शामिल होने के बाद ग्रामीणों पर अतिरिक्त करों का बोझ बढ़ जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से विचार-विमर्श किए ऐसा निर्णय लेना अनुचित है, और उन्होंने प्रशासन से इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की मांग की। बैठक में सड़क, नाली, पेयजल, प्रधानमंत्री आवास योजना और राशन वितरण जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की भी गहन समीक्षा की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा, जिस पर अधिकारियों ने जल्द से जल्द उचित समाधान निकालने का आश्वासन दिया। इस बैठक में बीडीओ गौतम कुमार सिन्हा, बीपीआरओ प्रमोद कुमार, बिजली एसडीओ, एमओ अभिषेक कुमार, श्यामसुंदर केशरी और सुजीत पासवान सहित प्रखंड के दर्जनों गणमान्य लोग व अधिकारी मौजूद रहे।

# पटना के नौबतपुर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## अवैध हथियार व 10 कारतूसों के साथ अपराधी गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र की गोनवॉ ओपी पुलिस ने देर रात एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध हथियारों के जखीरे के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने घर में गैर-कानूनी तरीके से आग्नेयास्त्र और कारतूस छिपाकर रखा हुआ था। जानकारी के अनुसार, रविवार (30 अगस्त) की देर रात करीब 11:30 बजे गोनवॉ ओपी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि काला भगवानपुर निवासी रूपेश कुमार (पिता स्व. अनिल कुमार) के घर में अवैध हथियार रखे गए हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरीय अधिकारियों को सूचित किया गया और तुरंत एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।



सशस्त्र बल के सहयोग से पुलिस टीम ने 31 अगस्त की तड़के लगभग 12:10 बजे रूपेश कुमार के ठिकाने पर विधिवत छापेमारी की। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के घर के एक कमरे में बने रेक पर रखे लकड़ी के बक्से से एक देशी कट्टा और टीन के छोटे बक्से से एक मैगजीन युक्त देशी पिस्टल तथा 10 जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने मौके पर ही सभी हथियारों की जब्ती सूची तैयार कर उन्हें जब्त कर लिया और आरोपी रूपेश कुमार को गिरफ्तार कर थाने ले आई। इस सफल अभियान का नेतृत्व गोनवॉ ओपी प्रभारी मंजीत कुमार ने किया। छापेमारी दल में नौबतपुर थाने के एसआई रंजीत कुमार, ब्रजेश कुमार, मनोज सिंह, एएसआई उत्तम श्रीवास्तव, शैलेश कुमार सिंह और गोनवॉ ओपी का रिजर्व गार्ड बल शामिल था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त और किसी संभावित आपराधिक घटना में उसकी संलिप्तता को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। मामले में सुसंगत धाराओं के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# पटना के शाहपुद में चोरी के चार सोने के चेन के साथ दो नाबालिग और दो दुकानदार गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में घर से सोने के चेन चोरी के मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की गई सोने की चेन के साथ दो नाबालिग चोरों और दो दुकानदारों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दुकानदारों की पहचान रंजीत कुमार (तकियापर) और राजेश कुमार गुप्ता (गोला रोड, आरडी टॉवर) के रूप में हुई है।शाहपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 29 अगस्त को नूरपुर चांदमारी निवासी रोहित कुमार ने अपने घर से चार सोने की चेन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में गांव के ही एक नाबालिग को नामजद आरोपी बनाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी सहयोग से छापेमारी शुरू की। सबसे पहले पुलिस ने नामजद मुख्य आरोपी नाबालिग को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर एक अन्य नाबालिग लड़के को भी दबोचा गया। इन दोनों नाबालिगों से कड़ाई से पूछताछ के बाद पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले दो स्थानीय दुकानदारों तक पहुंच बनाई। पुलिस ने तकियापर बिचली रोड स्थित दुकान से रंजीत कुमार और गोला रोड स्थित आरडी टॉवर के फ्लैट संख्या 103 से राजेश कुमार गुप्त को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनकी दुकानों और ठिकानों से चोरी के सोने से निर्मित चारों सोने के चेन बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों दुकानदारों से आवश्यक पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं, घटना में शामिल दोनों नाबालिग लड़कों को नियमानुसार बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से चोरी के सामान खरीदने वाले अन्य दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया है।

# पटना के पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ. आभा कुमारी हुई सेवानिवृत्त, नम आंखों से दी गई विदाई



**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश)**

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ. आभा कुमारी अपने सेवाकाल को पूरा करने के बाद सोमवार को सेवानिवृत्त हो गईं। उनके रिटायरमेंट के मौके पर अस्पताल परिसर में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जहां पूरा माहौल काफी भावुक नजर आया। इस दौरान स्थानीय जनता और अस्पताल के सभी कर्मियों की आंखें नम हो गईं। समारोह के दौरान अस्पताल कर्मियों, डॉक्टरों और स्थानीय गणमान्य लोगों ने डॉ. आभा कुमारी को अंगवस्त्र, पुष्पमाला, गुलदस्ता (बुके) और कलम भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर केक काटकर एक यादगार पल बना दी गयी। मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान अस्पताल की व्यवस्था को सुधारने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई। विदाई समारोह के दौरान डॉ. आभा कुमारी काफी भावुक हो गईं। उन्होंने अपने संबोधन में पालीगंज की स्थानीय जनता और अस्पताल के सभी साथियों व कर्मियों के प्रति विशेष आभार जताया। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें सभी का भरपूर सहयोग और स्नेह मिला, जिसे वह कभी नहीं भूल सकती हैं। वही उन्होंने कही की आठ वर्षों तक मैं इस अस्पताल में प्रभारी के रूप में योगदान दिया हूँ, जिसके कारण क्षेत्रीय लोगो से काफी लगाव हो गयी है। यहां के लोगो द्वारा दी गयी मान सम्मान, स्नेह व प्रेम को मैं आजीवन याद रखूंगी।

इस अवसर पर डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. कन्हैया गुप्ता, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. शिवा, डॉ. योगेश ओमा, डॉ. खुशबू, धर्मशीला कुमारी, मंजू कुमारी संगीता कुमारी व प्रियंका कुमारी सहित अस्पताल के अन्य चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, और क्षेत्र के कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

# पटना के गांधी मैदान स्थित सुभाष पार्क में मिला अज्ञात युवक का शव

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना के गांधी मैदान थाना के समीप स्थित सुभाष पार्क में सोमवार की शाम एक अज्ञात युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पार्क के भीतर शव मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस हरकत में आ गई और मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सुभाष पार्क में सुबह पांच बजे से रात आठ बजे तक आम लोगों के आने-जाने की अनुमति रहती है। सोमवार को दिनभर पार्क में लोगों का आना-जाना लगा रहा, लेकिन किसी की भी नजर शव पर नहीं पड़ी। शाम के समय जब वन विभाग के कर्मचारी पार्क का निरीक्षण कर रहे थे, तब उनकी नजर एक कोने में पड़े शव पर पड़ी। कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना गांधी मैदान थाना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। मृतक की उम्र करीब 30 से 32 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। हैरानी की बात यह है कि युवक ने केवल हाफ पैंट पहन रखा था और उसके शरीर पर कई जगहों पर जख्म के निशान भी पाए गए हैं, जिससे हत्या या मारपीट की आशंका जताई जा रही है। सोमवार देर रात तक मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस आसपास के थानों से संपर्क साधकर लापता लोगों की सूची खंगाल रही है ताकि युवक की पहचान हो सके। साथ ही, पार्क और उसके आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को भी खंगाला जा रहा है ताकि यह पता चल सके कि शव वहां कैसे पहुंचा। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों और समय का खुलासा हो सकेगा।

# पटना में मिर्च के कारोबार के नाम पर व्यवसायी से 4.33 लाख रुपये की साइबर ठगी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ के मारूफगंज इलाके में एक हैरान करने वाला साइबर ठगी का मामला सामने आया है। काली मिर्च की खरीद-फरोख्त के नाम पर बदमाशों ने एक कारोबारी से 4.33 लाख रुपये की ठगी कर ली। इस संबंध में पीड़ित कारोबारी अमित जायसवाल ने पटना साइबर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित अमित जायसवाल ने पुलिस को दी गई जानकारी में बताया कि उनके पास शाहिद नामक एक व्यक्ति का फोन आया था। कॉलर ने काली मिर्च का सौदा तय करते हुए कुल कीमत 4.33 लाख रुपये बताई। कारोबारी का भरोसा जीतने के लिए बदमाशों ने व्हाट्सएप पर एक ट्रांसपोर्ट का फर्जी बिल्टी (रसीद) भेज दिया। विश्वास होने पर अमित ने बदमाशों के कहे अनुसार अलग-अलग किस्तों में कुल 4.33 लाख रुपये उनके बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। ठगी गई राशि में से 2.29 लाख रुपये साउथ इंडियन बैंक में 'वेमल' के खाते में और बाकी रकम पंजाब नेशनल बैंक में 'विकास शर्मा' के खाते में भेजी गई। पूरी रकम का भुगतान करने के बाद भी जब तय समय पर सामान (काली मिर्च) नहीं पहुंचा, तो अमित जायसवाल ने आरोपी से संपर्क करने की कोशिश की।

# चार दिन की भूख हड़ताल के बाद आंदोलन सफल, गोलमुरी चौक पर डिवाइडर का काम शुरू

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ**

जमशेदपुर। गोलमुरी चौक पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के विरोध में बजरंग सेवा संस्थान द्वारा चलाया गया आंदोलन आखिरकार रंग लाया। सड़क सुरक्षा की मांग को लेकर चार दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे धर्मबीर महतो का अनशन सोमवार को समाप्त हो गया। उनकी मांगों पर सहमति



बनने के बाद गोलमुरी चौक पर डिवाइडर और गति अवरोधक बनाने का काम शुरू कर दिया गया।

सोमवार सुबह टाटा स्टील के अधिकारियों और यातायात पुलिस उपाधीक्षक ने अनशन स्थल पर पहुंचकर बजरंग सेवा संस्थान के संस्थापक सागर तिवारी के साथ वार्ता की। वार्ता के दौरान गोलमुरी की यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न मांगों पर सकारात्मक सहमति बनी। इसके बाद जेयूएससीओ की ओर से गोलमुरी चौक पर डिवाइडर निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया। साथ ही गति अवरोधक बनाने का काम भी कराया गया।

अधिकारियों ने शीघ्र ही गोलचक्कर निर्माण की दिशा में भी आवश्यक कार्रवाई शुरू करने का आश्वासन दिया। निर्माण कार्य शुरू होते ही आंदोलन स्थल पर मौजूद लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। बजरंग सेवा संस्थान के सदस्यों ने नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया।

चार दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे धर्मबीर महतो का अनशन उनकी बहनों ने जूस पिलाकर समाप्त कराया। रक्षाबंधन के दिन सड़क सुरक्षा के लिए लिया गया संकल्प पूरा होने पर आंदोलनकारियों ने संतोष व्यक्त किया।

बजरंग सेवा संस्थान के संस्थापक सागर तिवारी ने कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि गोलमुरी और जमशेदपुर के आम लोगों की जीत है। आंदोलन का उद्देश्य किसी कंपनी, प्रशासन या जनप्रतिनिधि का विरोध करना नहीं, बल्कि लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकना था।

धर्मबीर महतो ने कहा कि रक्षाबंधन के दिन उन्होंने संकल्प लिया था कि गोलमुरी में लोगों की सुरक्षा के लिए डिवाइडर बनवाकर ही अनशन समाप्त करेंगे। अब निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जो उनके लिए बड़ी सफलता है।

बजरंग सेवा संस्थान के अनुसार, आंदोलन के दौरान पिछले 18 दिनों में गोलमुरी क्षेत्र में हुई 10 दुर्घटनाओं और दो मौतों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। स्थानीय लोगों की ओर से लंबे समय से पार्किंग, यातायात व्यवस्था, तेज गति से चलने वाले वाहनों और सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही थी। संस्थान ने टाटा स्टील, जेयूएससीओ, यातायात विभाग तथा विधायक पूर्णिमा साहू सहित आंदोलन के दौरान सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर सागर तिवारी, प्रदीप सिंह, ब्यूटी तिवारी, विभा यादव, बिरबल, विशाल, अन्नू चौबे, सुनीता, सुमित, विवेक, संजय सोनी, अनुज सिंह, नितिश पांडेय और राकेश सहित बजरंग सेवा संस्थान के सदस्य एवं समर्थक मौजूद रहे।

चार दिन की भूख हड़ताल के बाद जमीन पर शुरू हुआ डिवाइडर निर्माण यह संदेश देता है कि जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर संगठित और शांतिपूर्ण प्रयास किए जाएं तो समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं।

# अन्ना चौक की जर्जर सड़क पर गड्ढों में लगाए पौधे, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश- आंदोलन की चेतावनी

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर गोविंदपुर अन्ना चौक के समीप जर्जर सड़क और जलजमाव की समस्या को लेकर सोमवार को स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया। सड़क पर हुई एक दुर्घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जिला



परिषद सदस्य डॉ. परितोष सिंह के नेतृत्व में अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में पौधे लगाकर प्रशासन और संबंधित कंपनियों का ध्यान क्षेत्र की बदहाल सड़क व्यवस्था की ओर आकर्षित किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने सड़क की तत्काल मरम्मत और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि अन्ना चौक और आसपास की सड़कें लंबे समय से जर्जर स्थिति में हैं। सड़क पर जगह-जगह बड़े और गहरे गड्ढे बन चुके हैं। बारिश होने के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे सड़क और भी खतरनाक हो जाती है। जलजमाव के कारण वाहन चालकों को सड़क पर मौजूद गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं मिल पाता। इससे खासकर दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की बदहाल स्थिति के कारण इस मार्ग पर आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सोमवार सुबह सड़क पर हुई दुर्घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। इसके बाद लोग सड़क पर एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन किया। गड्ढों में पौधे लगाकर ग्रामीणों ने प्रतीकात्मक रूप से यह संदेश दिया कि सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि अब गड्ढों में सड़क की जगह पौधे लगाए जा सकते हैं।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला परिषद सदस्य डॉ. परितोष सिंह ने प्रशासन और औद्योगिक क्षेत्र में संचालित कंपनियों पर सड़क की बदहाली को लेकर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जेमको चौक से अन्ना चौक तक कई बड़ी कंपनियां संचालित हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में कर्मचारी, स्थानीय ग्रामीण और अन्य लोग वाहनों से आवागमन करते हैं। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत और जलनिकासी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए गंभीर पहल नहीं की जा रही है।

डॉ. सिंह ने कहा कि खराब सड़क और जलजमाव के कारण आम लोगों को रोजाना जोखिम उठाकर आवागमन करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि सड़क की स्थिति को लेकर कई बार संबंधित स्तर पर ध्यान आकृष्ट कराया गया है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने प्रशासन और संबंधित औद्योगिक कंपनियों से तत्काल सड़क की मरम्मत कराने, गड्ढों को भरने तथा जलजमाव से निजात के लिए प्रभावी जलनिकासी व्यवस्था विकसित करने की मांग की। डॉ. सिंह ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्र की जनता के सहयोग से आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर औद्योगिक क्षेत्र की आर्थिक नाकेबंदी जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं। स्थानीय लोगों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सड़क की समस्या का स्थायी समाधान होने तक आंदोलन जारी रखने की बात भी उन्होंने कही।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित कंपनियों से सड़क की तत्काल मरम्मत, गड्ढों को भरने और जलनिकासी की उचित व्यवस्था कराने की मांग की। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में विरोध प्रदर्शन को और व्यापक किया जाएगा।

# भारतीय ज्ञान परंपरा और एआई के समन्वय से नई शिक्षा व्यवस्था को मिलेगी दिशा

**पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण**

पदमा, हजारीबाग। मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पद्मा में सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के एकीकरण विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के आईक्यूएसी सेल, सम्मति एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन ऑफ इंडिया तथा हरिप्रिया एकेडमिक सपोर्ट सर्विसेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी हाइब्रिड मोड में हुई, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से शिक्षाविद, प्राध्यापक, शोधार्थी एवं प्रशिक्षु ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से शामिल हुए।




कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य डॉ. चेतलाल प्रसाद ने स्वागत भाषण दिया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार मेहता, सचिव डॉ. हरि कुमार, उपसचिव अजीत कुमार एवं निदेशक रवि प्रकाश ने अतिथियों को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। संयोजिका डॉ. प्रियंका कुमारी ने विषय प्रवेश कराते हुए अतिथियों एवं वक्ताओं का परिचय कराया।

मुख्य अतिथि डॉ. सी.बी. शर्मा ने कहा कि ज्ञान का सृजन भारतीय गुरुकुल परंपरा की प्रमुख विशेषता रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के केंद्र में शिक्षक हैं और भारतीय ज्ञान परंपरा में संपूर्ण विश्व के कल्याण की भावना निहित रही है। मुख्य वक्ता आईयूसीटीई-बीएचयू के डीन डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने भारतीय ज्ञान प्रणाली को समझने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे लिए वरदान है या अभिशाप, यह उसके उपयोग पर निर्भर करता है।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के निदेशक डॉ. रतन मोहन झा ने ज्ञान मीमांसा और एआई के समन्वय पर प्रकाश डालते हुए स्वदेशी एआई की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि बहुविषयक शिक्षा भारतीय परंपरा की महत्वपूर्ण विशेषता रही है। वहीं विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) आर.जे. मुरली कृष्णा ने ऑनलाइन जुड़कर भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक तकनीक के सामंजस्य पर विचार रखे। विनोबा भावे विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर डॉ. अमिता कुमारी ने कहा कि वर्तमान समय में एआई का तेजी से विस्तार हो रहा है, ऐसे में इसके विवेकपूर्ण उपयोग की क्षमता विकसित करना जरूरी है। उन्होंने पाणिनी के व्याकरण और कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स के संबंध को भी रेखांकित किया।

डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह ने एनईपी-2020 के प्रमुख बिंदुओं और उसके क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला, जबकि प्रॉक्टर डॉ. सादिक रजाक ने तकनीक के नियंत्रित एवं विवेकपूर्ण प्रयोग की आवश्यकता बताई। संगोष्ठी में विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। मंच संचालन प्रशिक्षु मनीष यादव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संयोजिका डॉ. प्रियंका कुमारी ने किया।

यह संस्करण स्थानीय दैनिक के लिए सीधे प्रकाशित करने योग्य रखा गया है—हेडिंग, लीड और वक्ताओं के महत्वपूर्ण बयानों पर विशेष जोर दिया गया है।

# नशे में तेज रफ्तार कार ने मचाया तांडव, कई बाइक सवार और राहगीर घायल

### एक बाइक सवार की हालत गंभीर, कार छोड़ चालक फरार; आरोपी के बीएसएफ कर्मी होने की चर्चा

**पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण**

हजारीबाग। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के केशुरा गांव के समीप एनएच-100 पर रविवार की सुबह शराब के नशे में तेज रफ्तार कार चला रहे चालक ने कई लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। टाटा टियागो कार (जेएच-02एडब्ल्यू-4848) की चपेट में आने से कई बाइक सवार और पैदल यात्री घायल हो गए। हादसे में धनबाद जिले के तोपचांची थाना क्षेत्र के पाठकडीह निवासी शैलेन्द्र कुमार पाठक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, कार मेरु निवासी दीपक चौबे चला रहा था। बताया जाता है कि वह शराब के नशे में था और काफी तेज गति से वाहन चला रहा था। केशुरा के पास उसने विपरीत दिशा से आ रही होंडा एसपी शाइन बाइक (जेएच-02बीवाई-2877) में जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार शैलेन्द्र कुमार पाठक इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहली टक्कर के बाद भी कार चालक ने वाहन नहीं रोका और रास्ते में कई अन्य बाइक सवारों तथा पैदल यात्रियों को भी टक्कर मार दी।



लगातार हो रहे हादसों से सड़क पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं, कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार होने में सफल रहा।

गंभीर रूप से घायल शैलेन्द्र कुमार पाठक को प्रारंभिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया। परिजनों के अनुसार, दुर्घटना में उनकी एक जांघ की हड्डी, दूसरे पैर की हड्डी, बाएं हाथ की कलाई और पसली में फ्रैक्चर हुआ है। सिर में भी गंभीर चोट लगी है। फिलहाल उनका बरियातू स्थित श्री जगन्नाथ हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में इलाज चल रहा है।

बताया जाता है कि आरोपी दीपक चौबे बीएसएफ में कार्यरत है और वर्तमान में उसकी पोस्टिंग सिलीगुड़ी में है। घटना की सुबह रविवार को ही वह अपने घर मेरु आया था। हालांकि, इस संबंध में पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों ने शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा फरार चालक की तलाश में जुटी है।

# बहरागोड़ा में 320 एमएम बारिश से बाढ़ जैसे हालात, कई गांव बने टापू; सड़क पर फंसी बस

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

बहरागोड़ा शनिवार से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने सोमवार को बहरागोड़ा प्रखंड में जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। सोमवार को बारिश का आंकड़ा 320 एमएम तक पहुंचने के बाद प्रखंड के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए। लगातार बारिश के कारण स्वर्णरेखा नदी और रगड़ो खाल उफान पर हैं। नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने से आधा दर्जन गांवों के कई टोले जलमग्न हो गए हैं और टापू में तब्दील हो गए हैं। इससे ग्रामीणों के सामने आवागमन और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।

लगातार बारिश का सबसे अधिक असर निचले इलाकों में देखने को मिल रहा है। कई घरों में बारिश का पानी घुस गया है, जबकि गलियों और रास्तों पर जलजमाव के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। नालियों का कचरा और गंदा पानी भी सड़कों पर फैल गया है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी के साथ-साथ संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश नहीं थमने की स्थिति में जलजमाव और बढ़ सकता है।





**जर्जर पुल और दलदली सड़क ने बढ़ाई परेशानी**

बारिश के कारण पाँचबड़िया-ब्राह्मणकुंडी पुल की स्थिति भी चिंता का विषय बन गई है। पुल पहले से ही जर्जर है और लगातार बारिश के बाद इसके आसपास पानी का दबाव बढ़ गया है। वहीं, खंडामौदा-पाठपुर मुख्य मार्ग की हालत बेहद खराब हो गई है। सड़क पर जगह-जगह कीचड़ और पानी जमा होने से यह मार्ग तालाब और दलदल में तब्दील हो गया है। इसके चलते कई पंचायतों का संपर्क प्रभावित हुआ है और वाहनों का आवागमन मुश्किल हो गया है।

सोमवार को इसी दलदली सड़क पर जमशेदपुर जा रही यात्रियों से खचाखच भरी एक बस अनियंत्रित होकर खेत की ओर जाने लगी। हालांकि, बस खेत में गिरने से बाल-बाल बच गई और उसमें सवार यात्रियों की जान बच गई। घटना के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की स्थिति जल्द नहीं सुधारी गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

**किसानों की मेहनत पर फिरा पानी**

लगातार बारिश ने किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। खेतों में तैयार सब्जियों की फसल पानी में डूब गई है। कई जगह खेतों में लंबे समय तक पानी जमा रहने के कारण सब्जियां सड़ने लगी हैं। किसानों का कहना है कि तैयार फसल बर्बाद होने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। एक ओर फसल बर्बाद हो रही है, वहीं दूसरी ओर खेतों में लगी नई फसल पर भी संकट मंडरा रहा है।

किसानों के मुताबिक सब्जियों की आपूर्ति प्रभावित होने का सीधा असर बाजार पर पड़ेगा। आने वाले दिनों में सब्जियों की आवक कम होने से कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका है। इससे किसानों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं की जेब पर भी इसका असर पड़ सकता है।

**प्रशासनिक निगरानी की जरूरत**

लगातार बारिश और नदी-नालों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की सतर्कता जरूरी हो गई है। ग्रामीणों ने जलजमाव वाले इलाकों से पानी निकासी, जर्जर पुल की जांच और खंडामौदा-पाठपुर मार्ग को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बारिश जारी रहने पर स्थिति और गंभीर हो सकती है। ऐसे में प्रशासन को संवेदनशील इलाकों की निगरानी बढ़ाने के साथ प्रभावित परिवारों के लिए आवश्यक राहत एवं बचाव की व्यवस्था करनी चाहिए।

# एमएमडीआर संशोधन विधेयक के खिलाफ पोटका में झामुमो का जनजागरण अभियान, विधायक संजीव सरदार ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

पोटका झामुमो केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) यानी एमएमडीआर संशोधन विधेयक के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे जनजागरण अभियान के तहत सोमवार को पोटका प्रखंड के उदाल गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान में पोटका विधायक संजीव सरदार स्वयं ग्रामीणों के बीच पहुंचे और उन्हें संशोधित विधेयक के संभावित दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाने की अपील की।

विधायक संजीव सरदार ने कहा कि केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव-गांव, टोला-टोला और मोहल्ला-मोहल्ला पहुंचकर एमएमडीआर संशोधन विधेयक के प्रावधानों और उसके झारखंड पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल राजनीतिक विरोध तक सीमित नहीं है, बल्कि झारखंड के अधिकार, प्राकृतिक संसाधनों और भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। इसी उद्देश्य से वे स्वयं ग्रामीण इलाकों में जाकर लोगों को पूरे मामले की जानकारी दे रहे हैं।

**खनिज संपदा पर अधिकार कमजोर होने से झारखंड को नुकसान : संजीव सरदार**

संजीव सरदार ने कहा कि झारखंड देश के प्रमुख खनिज संपदा वाले राज्यों में शामिल है। राज्य की अर्थव्यवस्था और विकास में खनिज संसाधनों से मिलने वाले राजस्व की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि संशोधन के बाद राज्य के अधिकार और राजस्व प्रभावित होते हैं तो इसका सीधा असर झारखंड के विकास पर पड़ेगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे विधेयक के प्रावधानों को समझें और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाएं।

विधायक ने केंद्र से राज्य को मिलने वाले कथित बकाये का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड को पहले से ही केंद्र से करीब 1.36 लाख करोड़ रुपये के बकाये का दावा करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि यदि राज्य के खनिज एवं राजस्व संबंधी अधिकारों को और कमजोर किया गया तो पुराने बकाये की प्राप्ति के साथ-साथ



भविष्य में मिलने वाले राजस्व पर भी असर पड़ सकता है। इसका अंतिम प्रभाव राज्य की जनता और गरीब परिवारों पर पड़ेगा।

**जनकल्याणकारी योजनाओं पर असर पड़ने की जताई आशंका**

संजीव सरदार ने कहा कि राज्य की आय और आर्थिक संसाधनों का सीधा संबंध विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से है। उन्होंने कहा कि मइया सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, छात्रवृत्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और ग्रामीण विकास जैसी योजनाओं के संचालन के लिए राज्य के पास पर्याप्त आर्थिक संसाधन होना जरूरी है। यदि राज्य के राजस्व स्रोत कमजोर होते हैं तो गरीब और जरूरतमंद लोगों को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना**

जनजागरण अभियान के दौरान विधायक ने महंगाई के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आम जनता को बढ़ती महंगाई से राहत देने में विफल रही है। पेट्रोल-डीजल, चीनी, प्याज सहित खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आम परिवारों का घरेलू बजट लगातार प्रभावित हो रहा है। गरीब और मध्यम वर्ग पहले से ही आर्थिक दबाव झेल रहा है। ऐसे समय में यदि राज्य के आर्थिक संसाधनों को कमजोर किया जाता है तो जनता पर दोहरी मार पड़ेगी।

**झारखंड को कमजोर करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं**

संजीव सरदार ने कहा कि झारखंड की जनता ने हमेशा अपने जल, जंगल, जमीन और अधिकारों के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राजनीतिक रूप से कमजोर करने के प्रयासों के बावजूद राज्य की जनता ने अपना जनादेश दिया है। अब खनिज संपदा और आर्थिक अधिकारों को प्रभावित करने वाले प्रावधानों के जरिए राज्य को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे झारखंड की जनता स्वीकार नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि झारखंड उलगुलान की धरती है और यहां के लोग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का इतिहास रखते हैं। फिलहाल पार्टी का उद्देश्य गांव-गांव जाकर लोगों को विधेयक की जानकारी देना और उन्हें जागरूक करना है। जरूरत पड़ने पर लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

**जरूरत पड़ी तो एक-एक झारखंडी सड़क पर उतरेगा**

विधायक ने कहा कि जनजागरण अभियान इस संघर्ष की पहली कड़ी है। पार्टी कार्यकर्ता लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को संशोधन विधेयक के प्रावधानों और उसके संभावित प्रभावों से अवगत कराएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से जनहित के मुद्दों पर एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि यदि झारखंड के अधिकारों और संसाधनों की रक्षा के लिए आवश्यकता पड़ी तो राज्य का एक-एक नागरिक लोकतांत्रिक तरीके से सड़क पर उतरने के लिए तैयार रहेगा।

अभियान के दौरान ग्रामीणों से एमएमडीआर संशोधन विधेयक को लेकर जागरूक रहने, अपने अधिकारों को समझने और जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया गया। विधायक ने कहा कि आने वाले दिनों में भी पोटका के विभिन्न गांवों और टोलों में जनजागरण अभियान जारी रहेगा।

# सिदगोड़ा सूर्य मंदिर में 2 से 4 सितंबर तक मनेगा भव्य श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर कमिटी की ओर से इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमिटी द्वारा आगामी 2, 3 और 4 सितंबर को तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। आयोजन को लेकर सूर्य मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।

तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन का उद्देश्य भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाने के साथ ही लोगों को भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोड़ना है। मंदिर परिसर को आकर्षक तरीके से सजाने की तैयारी भी की जा रही है, ताकि जन्माष्टमी के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को भव्य धार्मिक वातावरण का अनुभव हो सके।

महोत्सव में बाल राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसमें छोटे बच्चे राधा और कृष्ण के स्वरूप में सजकर हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं तथा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके आदर्शों के प्रति रुचि विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर बच्चों के साथ उनके अभिभावकों में भी उत्साह का माहौल है।

प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। विजेता बच्चों को पुरस्कार के साथ नगद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। मंदिर कमिटी की ओर से प्रतियोगिता को आकर्षक बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

मंदिर कमिटी के सदस्यों ने बताया कि जन्माष्टमी महोत्सव के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी को धार्मिक आस्था और उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। तीन दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जाएंगी। कमिटी की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, महोत्सव में पूर्वी विधानसभा की विधायक पूर्णिमा दास साहू समेत कई गणमान्य अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के भी कार्यक्रम में पहुंचने की बात कही गई है। गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

मंदिर कमिटी ने शहरवासियों और श्रद्धालुओं से तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। कमिटी के सदस्यों का कहना है कि यह आयोजन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की धार्मिक भावना को मजबूत करने के साथ सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का संदेश भी देगा। महोत्सव के दौरान बच्चों, युवाओं और परिवारों की भागीदारी से आयोजन को और भव्य बनाने की तैयारी है।